फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 11, अंक 300, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, रविवार, 19 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है

अन्दर : डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कप्तान बनीं स्मृति मंधाना



# जीएसटी में थोड़ी राहत

## जीएसटी मुआवजे के 16982 करोड़ का करेंगी पूरा भुगतान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित बकाया का पूरा भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा। सरकार जीएसटी मुआवजे के 16,982 रुपये का भुगतान अपने कोष से करेगी। जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद की मीटिंग में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी राशि जीएसटी के लिए बनाए गए मुआवजा कोष में उपलब्ध नहीं है, लेकिन हमने इस राशि को अपने संसाधनों से जारी करने का फैसला किया है। भविष्य में मुआवजा उपकर संग्रह से इतनी ही राशि वसूल की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुआवजे की रिलीज के साथ केंद्र जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017 के मुताबिक 5 वर्षों के लिए अस्थायी रूप से बनाई गई क्षतिपूर्ति व्यवस्था की पूरी राशि का भुगतान कर देगा। वित्त मंत्री ने जीएसटी काउंसिल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि हमने आज घोषणा की है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित शेष का पूरा बकाया चुका दिया जाएगा।

**बैठक**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ऐलान, तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर घटा पेंसिल और शार्पनर पर अब 18% की जगह 12% टैक्स, राज्यों को मुआवजा देने की भी घोषणा**

जीएसटी मुआवजे का कुल बकाया 16,982 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने शनिवार को तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर घटा दिया। जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मंत्री ने यह भी बताया कि पान मसाला और गुटखा उद्योग द्वारा कर चोरी की जांच करने और वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) पर जीओएम (मंत्रियों का समूह) की रिपोर्ट आ गई हैं। इस पर आगे विचार किया जाएगा।

पेंसिल शार्पनर पर जीएसटी 18% से घटाकर 12% कर दिया गया है। इसके अलावा, कुछ शर्तों के अधीन टैग ट्रैकिंग डिवाइस या डेटा लॉगर पर जीएसटी में कमी की गई है। तरल गुड़ (लिक्विड जैगरी/राब) पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 0 कर दिया गया है। वहीं, अगर यह प्री-पैकेज्ड और लेबल्ड है, तो 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि जीएसटी परिषद ने नियत तारीख के बाद वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने पर विलंब शुल्क को युक्तिसंगत बनाने का फैसला किया है। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों (विधायिका के साथ) और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में पान मसाला और गुटखा पर भी बड़ा फैसला हुआ है। अब पान मसाला और गुटखा पर उत्पादन के हिसाब से जीएसटी लगेगा। इन पर कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन



लागू होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि मोटे अनाज यानी मिलेट्स के बारे में अगली बैठक में विचार किया जाएगा। इससे पहले दिसंबर में हुई बैठक में एसयूवी और किराएदारों के मामले में स्पष्टीकरण जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में एसयूवी गाड़ियों की परिभाषा तय की गई थी। मीटिंग में बताया गया है कि एसयूवी पर 28% जीएसटी और 22% सेस लगेगा। ऐसे में इस पर इफेक्टिव टैक्स रेट 50% हो जाएगा। वहीं बायो फ्यूल पर जीएसटी 18% फीसदी से घटाकर 5% किया गया था। दालों के छिलकों पर जीएसटी अब 5% से घटाकर शून्य किया गया।

### 260 रोपवे और केबल कार परियोजनाओं को मंजूरी, गडकरी बोले- जल्द शुरू होगा काम

**नई दिल्ली।** पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही शहरी परिवहन की समस्याओं को दूर करने के लिए 260 रोपवे, केबल कार और फेनिकुलर (केबल रेलवे सिस्टम) परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। इनके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है और सभी में जल्द काम शुरू होने के आसार हैं। राज्यों की ओर से रोपवे के तीन सौ से अधिक प्रस्ताव मिले थे, जिन पर विचार कर उनकी व्यावहारिकता का परीक्षण किया गया। माना जा रहा है कि रोपवे और केबल कार के ये प्रोजेक्ट अगले तीन साल में पूरे हो जाएंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्किटेक्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हाईवे और एक्सप्रेस वे में लोगों की सहूलियत के लिए 670 रोड साइड एमेनिटीज बनाई जा रही हैं। ये सुविधाएं दो से पांच एकड़ के क्षेत्र में भी बनाई जा सकती हैं।

## बोलेरो और ट्रैक्टर की टक्कर में दूल्हे समेत पांच की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पचदेवरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को हुए सड़क हादसे में दूल्हा समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। डीएम ने बताया कि अनियंत्रित होकर बोलेरो ट्रैक्टर से टकराई थी, जिसके बाद यह हादसा हो गया है। हरपालपुर क्षेत्र के कुड़हा गांव के देवेश पुत्र ओमवीर की शुक्रवार को शादी थी। बताते हैं कि कई गाड़ियों में सवार होकर बराती शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र के अभायन गांव जा रहे थे। इन गाड़ियों में शामिल एक तेज रफ्तार बोलेरो ने पचदेवरा क्षेत्र के दरियाबाद गांव के पास गन्ने से भरी ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर बोलेरो बरवन रजबहा में जा गिरी। बोलेरो के अंदर आठ बराती मौजूद थे। जिनमें 12 वर्षीय रुद्र व दूल्हा देवेश के बहनोई बिपनेश निवासी जलालपुर पनबारा जनपद कन्नौज की मौके पर मौत हो गई। वहीं इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय दूल्हा देवेश (20), पिता ओमबीर, ड्राइवर सुमित सिंह की मौत हो गई। जबकि बोलेरो सवार अंकित, राजेश, जगतपाल को उनके परिजन इलाज के लिए फरुर्खाबाद लेकर चले गए। तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# वाराणसी समेत 57 छावनी परिषदों के चुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** वाराणसी सहित देश के 57 छावनी परिषदों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा शनिवार को कर दी गई। 30 अप्रैल को मतदान होगा और एक मई को मतगणना के साथ ही देर रात तक सभी परिणाम भी आ जाएंगे। इसके लिए भारत सरकार ने राजाज्ञा (गैजेट) जारी कर दी है। मैजेट के अनुसार, चार मार्च को छावनी परिषद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले नामांकन से लेकर नाम वापसी तक का तिथिवार ब्योरा हर बोर्ड अपने-अपने हिसाब से बनाकर अगले सप्ताह कमान को भेजेंगे। इस पर मुहर लगने के बाद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कानपुर कैंट बोर्ड के सदस्य लखन ओमर ने बताया कि इससे पहले छावनी परिषद के चुनाव 11 जनवरी 2015 को हुए थे। इसके बाद बोर्डों का कार्यकाल पूरा होने के बाद से छह-छह माह के लिए चार बार बढ़ाया जा चुका है।

कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, अहमदाबाद, अहमदनगर, अजमेर, अल्मोड़ा, अमृतसर, औरंगाबाद, अयोध्या, बबीना, बादामीबाग, बकलोह, बरेली, बैरकपुर, बेलगाम, कन्नूर, चकराता, क्लेमेंट टाउन, दगशाई. डलहौजी, दानापुर, देहरादून, देवलाली, फतेहगढ़, फिरोजपुर, जबलपुर, जालंधर, जलापहाड़, जम्मू, झांसी, जतोग, कामठी, कसौली, खड़की, लंढौर, लेंसडाउन, लेबांग, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, महू, मोरार, नैनीताल, नसीराबाद, पुणे, रामगढ़, रानीखेत, रुड़की, सागर, सिकंदराबाद, शाहजहांपुर, शिलांग, सेंट थॉमस पल्लवरम, सुबाथू, वाराणसी और वेलिंगटन।

**तैयारी**

**30 अप्रैल को होगा मतदान व एक मई को मतगणना के साथ ही देर रात तक सभी परिणाम**

### बोर्ड उपाध्यक्ष को निर्वाचित सदस्य चुनेंगे

कैंटोन्मेंट बोर्ड पीआरओ अमित यादव का कहना है कि अप्रैल में छावनी बोर्ड के प्रस्तावित चुनाव में बोर्ड उपाध्यक्ष को जनता नहीं चुनेगी। निर्वाचित सदस्य अपने में से किसी एक को बोर्ड उपाध्यक्ष चुनेंगे। इस बार चुनाव में बोर्ड उपाध्यक्ष नगर निगम के महापौर की तरह जनता से चुनने की तैयारी थी पर ऐन मौके पर इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।







# वैश्विक निवेश व जी-20 को मुद्दा बनाएगी सरकार

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के बजट सत्र में भाजपा सरकार वैश्विक निवेश व जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजनों को बड़ी उपलब्धि बताकर विपक्ष के आरोपों पर की धार कुंद करेगी। रामचरित मानस विवाद पर सरकार सदन के जरिए विपक्ष पर पलटवार भी करेगी।

विधानमंडल के दोनों सदनों का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष हंगामा कर सकता है। सत्ताधारी दल ने तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की है। 21 फरवरी को विधायक राहुल प्रकाश कौल के निधन के चलते सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित होगी। 22 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। विपक्ष बजट को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में सत्ता पक्ष भी बजट को लेकर अपना पक्ष मजबूती से सदन में रखेगा। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र में भाजपा सरकार वैश्विक निवेश व जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजनों को बड़ी उपलब्धि बताकर विपक्ष के आरोपों पर की धार कुंद करेगी। रामचरित मानस विवाद पर सरकार सदन के जरिए विपक्ष पर पलटवार भी करेगी।विधानमंडल के दोनों सदनों का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष हंगामा कर सकता है। सत्ताधारी दल ने तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की है। 21 फरवरी को विधायक राहुल प्रकाश कौल के निधन के चलते सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित होगी। 22 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे।

**बजट सत्र**

**रामचरित मानस विवाद पर विपक्ष पर पलटवार की भी तैयारी में सत्तापक्ष**

## 22 फरवरी को दिल्ली को मिलेगा महापौर

**नई दिल्ली।** अगर सब कुछ ठीक रहा तो 22 फरवरी को दिल्ली को महापौर मिल जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। केजरीवाल ने सुबह एलजी को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें 22 फरवरी को चुनाव कराने के लिए कहा था, जिस पर एलजी ने मुहर लगा दी है। अब 22 फरवरी को सुबह 11 बजे से एमसीडी सदन में महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए चुनाव होगा। इससे पहले कोर्ट ने आदेश दिया था कि निगम की पहली बैठक का नोटिस 24 घंटे के भीतर जारी हो। आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा कि निगम की पहली बैठक में मेयर का चुनाव हो। चुनाव होने के बाद मेयर की अध्यक्षता में अध्यक्षता में डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। चार दिसंबर को हुए चुनाव, मेयर चुनाव के लिए महीने भर बाद पहली बैठक एमसीडी के चुनाव चार दिसंबर को हुए थे। वोटों की गिनती 7 दिसंबर को हुई थी। 250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 वार्डों में जीत मिली। भाजपा ने 104 वार्ड जीते, जबकि कांग्रेस को केवल नौ सीटें मिलीं।

वाराणसी में शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार




## उप्र के कई संस्थानों में 75 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का गबन

**लखनऊ।** हाइजिया समूह के कॉलेजों का नियंत्रण और प्रबंधन आई एच जाफरी, ओ पी गुप्ता संस्थान शिवम गुप्ता, एसएस संस्थान प्रवीण कुमार चौहान और जीविका कॉलेज राम गुप्ता द्वारा किया जाता है। ईडी ने आरोप लगाया कि इन संस्थानों ने कई अपात्र उम्मीदवारों के नाम पर गैरकानूनी रूप से छात्रवृत्ति का लाभ उठाया और धन का गबन किया। ईडी ने कहा कि एससी, एसटी, पीएच (शारीरिक रूप से विकलांग या अलग-अलग विकलांग) उम्मीदवारों और अल्पसंख्यक समुदायों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों की शिक्षा की सुविधा के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, छात्रवृत्ति घोटाले के तार देश के कई राज्यों में फैले हुए हैं। गड़बड़ी के सर्वाधिक मामले पंजाब में सामने आए हैं, जहां केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। यूपी में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने भी 22 जगहों पर छापा मारा। इस दौरान गरीब, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति के हजारों विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हड़पने के प्रमाण जुटाए।सूत्रों के मुताबिक, देशभर के कई संस्थानों द्वारा घोटाला अंजाम दिए जाने की शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय को जांच सौंपी है। प्रवर्तन निदेशालय की के बाद अब आयकर विभाग की जांच भी रफ्तार पकड़ रही है।

**घोटाले में हाइजिया इंस्टीट्यूट के संचालकों से पूछताछ**

## कासगंज जेल में अंसारी को सता रहा है माफिया कुंटू का डर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को कासगंज जेल में जान का खतरा सता रहा है। बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी जिले की पचलाना जेल में हैं। इसी जेल में पूर्वांचल के कुख्यात अपराधी कुंटू सिंह भी 2021 से बंद हैं। कुंटू सिंह के बंद होने के कारण विधायक अब्बास के परिजनों को अब उनकी सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने जेल में अब्बास की हत्या की आशंका जाहिर की है और प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर जेल में बदलाव करने और सुरक्षा की मांग की है। यह पत्र विधायक अब्बास के भाई उमर अंसारी ने लिखा है। यहां के जिला प्रशासन व जेल प्रशासन को विधायक के भाई ने नहीं भेजा है। चार दिन पूर्व बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी को चित्रकूट की जेल से पचलाना की जेल में शिफ्ट किया गया है। विधायक की जेल में बदलाव इसलिए किया गया कि वह चित्रकूट जेल में अपनी पत्नी निकहत से घंटों मुलाकात करते थे। जब इस मामले का खुलासा हुआ तो उनकी जेल बदली गई। सूत्रों के मुताबिक बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और माफिया एवं अपराधी कुंटू सिंह के गिरोह में कई बार गैंगवार हो चुका है। कुंटू सिंह को मुख्तार अंसारी को दुश्मन माना जाता है। इसी स्थिति को देखते हुए भाई उमर अंसारी ने विधायक अब्बास की हत्या की आशंका व्यक्त की है।

**दोनों में हो चुका है गैंगवार, जेल बदलने की मांग**

## यात्रियों से अच्छे व्यवहार का गुर सीखेंगे चालक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि चालकों को क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक ही ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कानपुर में कार्यरत है। क्षेत्रीय स्तर पर चालकों को सॉफ्ट स्किल एवं यात्रियों के प्रति मधुर व्यवहार करना तथा ड्राइविंग स्किल में सुधार करने के लिए प्रोफेशनल ट्रेनर रखने की योजना है तथा ड्राइवरों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होगा। बताया कि बसों में नई टेक्नोलॉजी आ रही है इसलिए उसके संबंध में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दिए जाने की योजना है।उन्होंने बताया कि नई टेक्नोलॉजी के संबंध में उसके उपयोग तथा सावधानियों के बारे में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ज्यादा संख्या में बसें खरीदी जा रही हैं इसलिए ज्यादा ड्राइवरों को ट्रेनिंग की आवश्यकता होगी ' इसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में चालकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है क्योंकि संविदा ड्राइवर का पारिश्रमिक किलोमीटर के आधार पर होता है जो ग्रामीण क्षेत्रों में कम हो जाता है तो चालकों का भुगतान कम बनता है। बताया कि चालकों को ग्रामीण क्षेत्रों में ड्राइविंग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचल में प्रोत्साहन योजना शुरू किये जाने एवं क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग व काउंसलर की व्यवस्था तथा उनके प्रोत्साहन योजना पर विचार करने हेतु मुख्य प्रधान प्रबंधक (प्रा0) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीण जनों में ड्राइवरों में चाह बढ़ेगी और अधिक संख्या मे परिवहन निगम को ग्रामीण अंचलों केलिए ड्राइवर मिल सकेंगे जिससे लोगों को आवागमन में सुरक्षा के साथ सुविधाजनक यात्रा मुहैया होगी।

**काउंसलर होंगे नियुक्त**

**परिवहन मंत्री ने बताया-चालकों को प्रोत्साहन हेतु कमेटी गठित**

# 8141.58 करोड़ से सुधरेगी काशी की यातायात व्यवस्था

## अब कई एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर बनाने और विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण के लिए मंथन शुरू

सुरोजीत चैटर्जी

**वाराणसी।** शहर में जाम की समस्या खत्म करने के लिए वर्षों से कोई न कोई प्रयोग किये जा रहे हैं। कभी रूट डायवर्जन तो कभी वन-वे सिस्टम। कभी ऑटो रिक्शा के लिए मार्ग निर्धारित हुए तो कभी ई-रिक्शा के रूट। बढ़ती आबादी के बीच वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी। विभागीय उदासीनता के कारण तय मार्गों पर वाहनों के संचालन में मनमानी समेत कई वजहों से ट्रैफिक जाम पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ साल में नये फ्लाईओवर और आरओबी का निर्माण होने के बावजूद यातायात समस्या जस की तस है। इससे निजात पाने के लिए अब कई और नये फ्लाईओवर बनाने और विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण के लिए मंथन शुरू हुआ है।

**नई तैयारी**

**शहर की यातायात समस्या से निजात के लिए कई मार्गों की सूरत बदलने पर विचार-विमर्श**

**तैयार किये गये शुरुआती प्रस्तावों में सिर्फ एलिवेटेड मार्गों पर खर्च होंगे 4860.88 करोड़**

यदि इन परियोजनाओं ने मूर्त रूप लिया तो न सिर्फ नगर की सूरत कुछ और ही होगी बल्कि उम्मीद की जा रही है कि यातायात समस्या का काफी हद तक समाधान भी संभव हो सकेगा। इनमें सिर्फ सेतु निगम के कार्यों के लिए ही 4860.88 करोड़ रुपये का शुरुआती



खाका खींचा गया है। जबकि लोक निर्माण विभाग के कार्यों पर 3280.70 करोड़ रुपये खर्च करने की कवायद है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी को मानें को कई फ्लाईओवर समेत विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण, कुछ सड़कों को जमीन से ऊपर थ्री लेन और फोर लेन में बदलने के लिए किये जा रहे विचार-विमर्श में यह संकेत भी दिये हैं कि संबंधित प्रोजेक्ट्स के लिए तैयार आरंभिक प्रपोजल्स में ऊपरगामी पुलों और सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए निर्धरित की गयी दूरी और संभावित बजट में परिवर्तन भी हो सकता है।

इनमें से कुछ मार्गों पर पड़ने वाले तालाब या जलजमाव आदि को देखते हुए उन्हें एलिवेटेड स्वरूप देंगे। कारण, जिन परियोजनाओं का शुरुआती खाका तैयार किया गया है उनके लिए डीपीआर बनाने, जमीन की उपलब्धता सुचिश्चित होने और मुआवजा वगैरह निर्धारित हो जाने की दशा आदि की वजहों से बदलाव मुमकिन है। फिलहाल तैयार किये गये कुछ आरंभिक प्रस्तावों को देखें चांदपुर चौराहा-लोहता बाजार होकर रिंग रोड तक करीब आठ किमी का एलिवेटेड थ्री लेन बनेगा। सुंदरपुर-दुर्गाकुंड-रवींद्रपुरी-रविदास पार्क तक मार्ग चौड़ीकरण के बीच अस्सी नदी पर करीब 4650 मी. का एलिवेटेड टू लेन निर्माण पर विचार कर रहे हैं। इसमें मुख्य पुल की लंबाई करीब 2850 मी. हो सकती है। इसी प्रकार रिंग रोड से कस्तूरबा गांधी विद्यालय होकर सारनाथ रेलवे स्टेशन रोड तक एलिवेटेड फोर लेन के लिए खाका तैयार है।

### इन मार्गों की भी बदलेगी सूरत

- चांदपुर चौराहे पर लगभग 722 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- भुल्लनपुर तिराहे पर करीब 722 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- रोहनिया बाजार में करीब 780 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- इमलिया घाट-वसंता कॉलेज सराय मोहाना तक एलिवेटेड टू लेन
- लहरतारा से नरिया तक टू लेन मार्ग पर फ्लाईओवर

### ये हैं कुछ और प्रस्ताव

- वरुणापुल-लहुराबीर रोड-साजन सिनेमा-तेलियाबाग मार्ग और मलदहिया-लहुराबीर-मैदागिन मार्ग आपस में जोड़ने के लिए संस्कृत विवि-मलदहिया-लोहा मंडी मार्ग चौड़ीकरण
- सिगरा चौराहा-कमच्छा-भेलूपुर-जलकल से रोटरी चौराहा तक और रोटरी चौराहा-भेलूपुर-गुरुधाम चौराहा तक चौड़ीकरण
- रथयात्रा-महमूरगंज-मंडुवाडीह-मुड़ैला मार्ग चौड़ीकरण
- कैंट-लहुराबीर-मैदागिन-मच्छोदरी-राजघाट मार्ग एवं विश्वेश्वरगंज तिराहे से गोलगड्डा तक किमी चौड़ीकरण
- वाराणसी-अलदपुरा-चुनार-कछवां मार्ग चौड़ीकरण

# काल उसका क्या बिगाड़े जब भक्त हो महाकाल का : अंकुश जी महराज

## ऊँचडीह में चल रहा सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव पुराण कथा का हुआ समापन, आज होगा विशाल भंडारा





कथा के आयोजक धर्मप्रसकाश शुक्ल (महादेव) कथा व्यास का माल्यार्पण करते हुए व कथा के अंतिम दिन शुभारंभ के अवसर पर कथा पीठ की आरती करते यजमान परिवार

**शिव कथा**

### शिव कथा के अंतिम दिन आस्था का उमड़ा जन सैलाब

**मेजा।** जब व्यक्ति महाकाल का भक्त है तो उसका काल भी कुछ विगाड़ नहीं सकता उक्त बातें माण्डा विकास खण्ड के ऊँचडीह में रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव पुराण कथा के सातवें और अंतिम दिन शनिवार को कथा व्यास श्री अंकुश जी महराज ने शिव भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा।

श्री अंकुश जी महराज ने कथा के अंतिम दिन महाशिवरात्रि क्यों मनाई जाती है, आज के दिन शिव पूजन का महत्व भक्तों को विस्तार से बताया। श्री अंकुश जी ने कहा हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जगत में रहते हुए मुष्य का कल्याण करने वाला व्रत है महाशिवरात्रि। इस व्रत को रखने से साधक के सभी दुखों, पीड़ाओं का अंत तो होता ही है साथ ही मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि साल भर में एक ही बार मनाई जाती है। फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस पर्व को शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यानी महाशिवरात्रि साल में एक बार तो वहीं शिवरात्रि हर महिने मनाई जाती है। इसी क्रम में कथा व्यास में नरसिंह भगवान के जन्म के कारण पर विधिवत प्रकाश डाला । कथा के अंत मे भोले बाबा का दर्शन श्रद्धालुओं को झांकी के माध्यम दिव्य रूप का दर्शन कराया। कथा शुभारम्भ से पूर्व यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल सपत्नीक, आयोजक धर्मप्रसकाश शुक्ल सपत्नीक व धनंजय शुक्ल परिवार सहित कथा पीठ की आरती पूजन किया। कथा के अंतिम दिन समापन अवसर पर पंडित ज्ञानचंद मिश्र, पंडित विजयकांत मिश्र, बाबा तिवारी, खाद्य एवं रसद विभाग के सदस्य चंद्रमोहन सिंह, केएन शुक्ल, अशोक ओझा,पंकज तिवारी, राजेश त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहकर शिव पुराण की कथा सुना। कथा के आयोजक धर्म प्रकाश शुक्ल (महादेव) ने कथा में पधार कर शिव कथा सुना उसको धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी से अपील किया कि कल विशाल भंडारे का आयोजन सभी उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें।



झाँकी के माध्यम से भोले बाबा का दर्शन कराते भक्तों को साथ यजमान परिवार



कथा के अंतिम दिन पंडाल में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

## रहस्यमय बीमारी से ग्रस्त पांच लोगों को एम्बुलेंस से एसआरएन में कराया गया भर्ती

### मऊआइमा के ग्राम फतेशाह का पूरा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत का मामला

**मऊआइमा।** मऊआइमा के फतेह शाह का पूरा गांव में एक परिवार में रहस्यमय बीमारी से ग्रस्त आठ मरीजो में से तीन लोगो की मौत के बाद डाक्टरों ने पांच लोगो को एम्बुलेंस से एसआरएन में भर्ती करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर के मजरा फतेशाह के पूरा में बीस दिनों में एक ही परिवार के तमन्ना 11वर्ष पुत्री राम कुमार, जानकी देवी 60.वर्ष पत्नी सहादेव, सहादेव (65) पुत्र शीतलदीन की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग जागा और घर में बीमार राज कुमार, इन्द्र कुमार, सहादेव, आयुष, महक, ललिता देवी को शनिवार को मऊआइमा सी एच सी प्रभारी डाक्टर राम गोपाल वर्मा एम्बुलेंस से ले जा कर एस आर एन में भर्ती करा दिया है। एम ओ ने बताया कि यह रहस्यमय बीमारी कौन सी है जब तक लखनऊ लैब में गए सैम्पूल का जांच रिपोर्ट नहीं आती है कुछ कहा नहीं जा सकता है। बताते हैं कि पहले पैर फिर पूरे शरीर में सूजन आता है और चेहरा काला होते ही सांस फूलने लगता है। जिसकी चपेट में आ कर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## मऊआइमा स्थित मंदिरो में पूर्ण श्रद्धा के साथ किया गया जलाभिषेक

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बांका जलाल पुर स्थित बंकेश्वरनाथ पांडव कालीन प्राचीन शिव मंदिर व क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भी श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक किया गया।

शनिवा को मऊआइमा के पक्का तालाब, थाना पडाव मन्दिर ,एंव कस्बा के विभिन्न शिवमंदिरों में शिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया गया। ग्राम बांकाजलालपुर स्थित बांकेश्वरनाथ धाम में भी प्रत्येक वर्षों की भांति महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया गया वहीं शनिवार को महाशिवरात्रि को दूर दराज से लोग आकर प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना किया इस मौके पर उपनिरीक्षक संजय मौर्या, उपनिरीक्षक सच्चिदानंद, उपनिरीक्षक जगदीश त्रिपाठी, कांस्टेबल गुलाब सिंह, कांस्टेबल अंकुर यादव समेत पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहें ।



शिव मंदिर में जलाभिषेक को उमड़ी भीड़


**कार्यालय ग्राम पंचायत खीरी वि0खं0 कोरॉव, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 14वॉ/15वॉ वित्त कन्जर्वेन्स से ग्राम पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु पंजीकृत सप्लायर/दुकानदारों/ठेकेदारों से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 19-02-2023 से 26-02-2023 सायं चार बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी दिन सायं 4 बजे के बाद आवेदकों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेंगी। फर्म कार्य की दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निविदा प्रपत्र 100 रू0 मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | रजनीश के घर से छोटेलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन में स्वीकृत दरों के अनुसार |
| 2. | रामेश्वर के घर से अयोध्या के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 3. | रामलाल के घर से सिया प्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 4. | बाबूलाल के घर से राम प्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | |
| 5. | राम रक्षा के घर से बबलू शुक्ला के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | |

निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्रम पंचायत को होगा।

मो० युसुफ
ग्राम प्रधान

श्री आशीष कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी

पत्रांक-टेण्डर पत्रा0/ ग्रा0पं0 खीरी /2021/22 दिनांक-18/02/2023


## ऑटो व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में सात वर्षीय बच्ची की मौके पर मौत, तीन घायल

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के अमिलिया तरहार में ऑटो व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई और तीन गम्भीर रूप से जख्मी हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को ओझापट्टी बरहुला निवासी रामधीरज की पुत्री अपने जीजा मुलायम (अमित) के साथ लालापुर के मनकामेश्वर धाम दर्शन पूजन के लिए गई थी कि वापस लौटते समय अमिलिया तरहार में ऑटो और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमे ओझापट्टी बरहुला निवासी रामधीरज की 07 वर्षीय बच्ची अनीता की मौके पर मौत हो गई एवं रामधीरज के दामाद मुलायम जो प्रयागराज के मेजा तहसील ककरहाई के रहने वाले हैं वो और उनकी साली पुष्पा 18 वर्ष गम्भीर रूप से घायल है, जिन्हें उपचार के लिए प्रयागराज के निजी अस्पताल भेजा गया। वही पीयूष को हल्की चोटे आई जो अपने घर पर है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची लालापुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। लालापुर थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने बताया कि आटो को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ व इनसेट में मृतक बच्ची की फाइल फोटो

## करंट की चपेट में आई महिला की दर्दनाक मौत

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के मिश्र पुर गांव में खेत में चारा काटने गई महिला की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोरांव तहसील के बगल के गांव मिश्रपुर में पार्वती देवी पत्नी हरिमोहन मिश्र उम्र लगभग 55 वर्ष शनिवार को सुबह घर से चारा काटने खेत गई हुई थी। खेत के मेड़ों पर सिंचाई के लिए बिछाए गए तार की चपेट में आने से पार्वती की तत्काल मौत हो गई, सूचना मिलने पर मौके पर परिजन पहुंचे और महिला को स्थानीय सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर स्थानीय तहसीलदार व विभाग के कर्मचारी पहुंचे परिजनों को समझा बुझाकर लाश को अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया।

## युवक को मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**मऊआइमा।** विपक्षी एक युवक को रात के समय घर से उठा ले गए और हत्या की धमकी दी।भुक्भोगी अधिकारियों को पत्र दे कर न्याय के लिए दर दर भटक लगा रहा है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दमोदर का पूरा निवासी निखिल कुमार पुत्र राकेश सरोज का आरोप है कि वह 13 फरवरी को रात में सोया हुआ था। उस रात परिजन नहीं थे। निखिल का आरोप है कि उनके विपक्षी उसे घर में घुस कर उठा ले गए और जमकर पीटे ,जाति सूचक गालियां दी।तथा यह भी धमकी दिए कि जहां भी शिकायत करना हो कर लो। फिर हम तुम्हारी हत्या कर देंगें। भुक्भोगी निखिल कुमार ने थाने से लेकर हर आधिकारी को शिकायती पत्र लिखा। परन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। निखिल कुमार न्याय के लिए दर दर भटक रहा है।


**सोनभद्र-बिल्ली जं.-ओबरा स्टेशनों पर नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. / नाम | कहाँ से-कहाँ तक | आवृत्ति | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11447 शक्तिपुंज एक्स. | जबलपुर जं.-हावड़ा | प्रतिदिन | 24.02.2023 से 27.02.2023 | कटनी साउथ-सिंगरौली-चोपन-गढ़वा रोड जं. | मानिकपुर जं.-प्रयागराज छिवकी-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-डेहरी ऑनसोन-गढ़वा रोड जं. |
| 2 | 11448 शक्तिपुंज एक्स. | हावड़ा-जबलपुर जं. | प्रतिदिन | 24.02.2023 से 27.02.2023 | गढ़वा रोड जं.-चोपन-सिंगरौली-कटनी साउथ | गढ़वा रोड जं.-डेहरी ऑनसोन-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर जं. |
| 3 | 12453 राजधानी एक्स. | रॉची जं.-नई दिल्ली | रविवार | 26.02.2023 | गढ़वा रोड जं.-चोपन-चुनार जं. | गढ़वा रोड जं.-डेहरी ऑनसोन-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-चुनार जं. |
| 4 | 12454 राजधानी एक्स. | नई दिल्ली-रॉची जं. | शनिवार | 25.02.2023 | चुनार जं-चोपन-गढ़वा रोड जं. | चुनार जं.-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-डेहरी ऑनसोन-गढ़वा रोड जं. |
| 5 | 18101 टाटानगर-जम्मूतवी एक्स. | टाटानगर जं.-जम्मूतवी | बुध, शुक्र, रवि | 22.02.2023 से 01.03.2023 | गढ़वा रोड जं.-चोपन-चुनार जं. | गढ़वा रोड जं.-डेहरी ऑनसोन-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-चुनार जं. |
| 6 | 18102 जम्मूतवी-टाटानगर एक्स. | जम्मूतवी-टाटानगर जं. | सोम, बुध, शनि | 22.02.2023 से 27.02.2023 | चुनार जं.-चोपन-गढ़वा रोड जं. | चुनार जं.-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-डेहरी ऑनसोन-गढ़वा रोड जं. |
| 7 | 18309 सम्बलपुर-जम्मू तवी एक्स. | सम्बलपुर जं.-जम्मूतवी | सोम, मंगल, गुरू, शनि | 23.02.2023 से 28.02.2023 | गढ़वा रोड जं.-चोपन-चुनार जं. | गढ़वा रोड जं.-डेहरी ऑनसोन-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-चुनार जं. |
| 8 | 18310 जम्मूतवी-सम्बलपुर एक्स. | जम्मूतवी-सम्बलपुर जं. | मंगल, गुरू, शुक्र, रवि | 23.02.2023 से 28.02.2023 | चुनार जं.-चोपन-गढ़वा रोड जं. | चुनार जं.-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-डेहरी ऑनसोन-गढ़वा रोड जं. |

उत्तर मध्य रेलवे G20



**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, शॉर्ट टर्मिनेशन एवं मार्ग-परिवर्तन**

**1. रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से - कहाँ तक | प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्तीकरण की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 20945 | एकतानगर-हजरत निजामुद्दीन | 17.02.2023, 22.02.2023, 24.02.23 |
| 2 | 20904 | वाराणसी जं.-एकतानगर | 24.02.2023 |
| 3 | 19803 | कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18.02.23 |
| 4 | 19804 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कोटा | 19.02.23 |
| 5 | 19811 | कोटा-इटावा जं. | 17.02.23 से 20.02.23 |
| 6 | 19812 | इटावा जं.-कोटा | 18.02.23 से 21.02.23 |
| 7 | 19817 | रतलाम जं.-आगरा फोर्ट | 21.02.23 से 22.02.23 |
| 8 | 19818 | यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम जं. | 19.02.23 से 20.02.23 |
| 9 | 05913 | कोटा-यमुना ब्रिज आगरा | 19.02.23 से 20.02.23 |
| 10 | 05914 | आगरा फोर्ट-कोटा | 22.02.23 से 23.02.23 |

**2. रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से - कहाँ तक | परिवर्तित मार्ग | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12875 | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | वाराणसी-सुल्तानपुर लखनऊ चारबाग | 19.02.23, 21.02.23, 24.02.23, 26.02.23 |
| 2 | 18205 | दुर्ग जं.-नौतनवॉ | प्रयागराज जं.-फाफामऊ-जंघई जं.-जाफराबाद जं.-जौनपुर जं.-औड़िहार जं. | 23.02.23 |
| 3 | 22184 | अयोध्या छावनी-लोकमान्य तिलक (ट.) | अयोध्या छावनी-शाहगंज जं.-जाफराबाद जं.-जंघई जं.-फाफामऊ जं. | 23.02.23, 26.02.23 |
| 4 | 22683 | यशवंतपुर-लखनऊ चारबाग | फाफामऊ जं.-ऊंचाहार-रायबरेली | 20.02.23 |
| 5 | 19817 | रतलाम जं-आगरा फोर्ट | तालेड़ा-गुड़ला केबिन केशोराय पाटन | 18.02.23 से 20.02.23 |
| 6 | 19818 | यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम जं. | केशोराय पाटन-गुड़ला केबिन-तालेड़ा | 17.02.23 से 18.02.23 |
| 7 | 12964 | उदयपुर-हजरत निजामुद्दीन | तालेड़ा-गुड़ला केबिन केशोराय पाटन | 18.02.23 से 19.02.23 |
| 8 | 12963 | हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर | केशोराय पाटन गुड़ला केबिन-तालेड़ा | 18.02.23 से 19.02.23 |
| 9 | 13424 | अजमेर-भागलपुर | कोटा सी केबिन-सोगरिया | 18.02.23 |

**3. रेलगाड़ियों का शार्ट-टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12183 | भोपाल जं.-प्रतापगढ़ जं. | रायबरेली स्टेशन तक जायेगी | 19.02.23, 21.02.23, 24.02.23, 26.02.23 |
| 2 | 12184 | प्रतापगढ़ जं.-भोपाल जं. | रायबरेली स्टेशन से चलेगी | 20.02.23, 22.02.23, 25.02.23, 27.02.23 |

**रेलगाड़ियों का शार्ट-टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से - कहाँ तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | नोट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19110 | मेरठ जं.-कोटा | 18.02.23 से 20.02.23 | गाड़ी सवाई माधोपुर जं. पर शॉर्ट टर्मिनेट करेगी तथा सवाई माधोपुर-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। |
| 2 | 19109 | कोटा-मेरठ जं. | 18.02.23 से 20.02.23 | गाड़ी सवाई माधोपुर जं. से शॉर्ट ओरिजिनेट करेगी तथा सवाई माधोपुर-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। |
| 3 | 05914 | आगरा फोर्ट-कोटा | 18.02.23 से 19.02.23 | गाड़ी सवाई माधोपुर जं. पर शॉर्ट टर्मिनेट करेगी तथा सवाई माधोपुर-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। |

उत्तर मध्य रेलवे G20 262/23 FA


## श्रृंगवेरपुर में गाजे-बाजे संग निकली शिव बारात

**लालगोपालगंज।** महाशिवरात्रि का दिन आस्था और शिव-पार्वती की भक्ति में सराबोर रहा। श्रृंग्वेरपुर धाम समेत लालगोपालगंज, मंसूराबाद, आनापुर, अंधियारी, बिजलीपुर आदि क्षेत्र के कई गांवों के शिवालयों पर भक्तों की भीड़ रही। शिव मंदिरों में भांग,धतूरा, बेल पात्र आदि चढ़ाकर पूजा की गई। कई स्थानों पर गाजे बाजे संग शिव पार्वती बारात निकाली गई। श्रृंग्वेरपुर धाम स्थित श्रीराम वर विश्राम आश्रम से सुबह 11 बजे शिव पार्वती बारात निकाली गई। विभिन्न क्षेत्र होते हुए शिव पार्वती बारात श्रीराम संध्या मठ आश्रम पहुंची। जगह जगह यात्रा का फूल मालाओ से स्वागत किया गया। शिव बारात यात्रा निकालकर महाशिवरात्रि महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। गाजे बाजे के साथ भक्ति मे भावविभोर होकर भक्ति मे डूबे भक्तो ने हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाए। शिव और पार्वती के भव्य विग्रह स्वरुप को रथ मे लेकर यात्राएं निकाली गई। महाशिवरात्रि उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ राम वर विश्राम आश्रम में भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजन पाठ के साथ कलश पूजन करके की गई। वेद बटुको ने वैदिक देवी देवताओं के आव्हान के साथ विधिवत पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। विभिन्न क्षेत्रो से होते हुए शिव बारात यात्रा गंगा तट श्रीराम घाट पहुंची। भगवा रंग की झंडी लिए भक्त ओम नमः शिवाए के जयकारे लगाए। इस दौरान श्रृंग्वेरपुर पीठाधीश्वर महंत रामप्रसाद दास शास्त्री महाराज ने भगवान शिव की महिमा का बखान किया । जितेंद्र शांडिल्य महाराज और एडवोकेट राजू त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। जय श्रीराम सेवा समिति के महामंत्री अरुण द्विवेदी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शेष नारायण शास्त्री, सुधांशु मिश्र, सौरभ त्रिपाठी, तीर्थपुरोहित मनीष त्रिपाठी, कल्लू भट्ट, भानु पांडेय समेत सैकड़ो ग्रामीणो की भीड़ जुटी रही।



शिव बारात निकालते लोग

## मनकामेश्वर धाम में शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना

**महाशिवरात्रि**

### भोर से ही हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा मनकामेश्वर धाम

**लालापुर।** महाशिवरात्रि पर्व क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम मंदिर में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्वत के शिखर पर स्थित मनकामेश्वर धाम में हर किसी की मनोकामना पूरी होती है। प्रयागराज से लगभग 40 किमी० दक्षिण पश्चिम छोर पर विराजमान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है। यमुना नदी के किनारे पहाड़ की चोटी पर विराजमान भगवान शिव का दर्शन पूजन करने के लिए दूर दूर से भक्त आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करतें हैं।कहा जाता है कि भगवान राम ने वनगमन के समय मनकामेश्वर शिवलिंग की स्थापना की थी। महाशिवरात्रि पर्व पर लालापुर के मनकामेश्वर धाम में पूजा अर्चना करने के लिये लोगों की लंबी कतारें सुबह 04 बजे भोर से ही लगी रहीं। शिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तों ने उपवास रख भगवान शिव पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, नारियल, अबीर, गुलाल, बेर, चढ़ा कर उनकी पूजा अर्चना किया। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव से जुड़ीं कुछ मान्यताएं प्रचलित हैं....

माना जाता है कि ब्रह्मा के रुद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था। इसी दिन भगवान शिव ने तांडव नृत्य कर अपनी तीसरी नेत्र खोली थी और ब्रह्माण्ड को अपनी नेत्र के ज्वाला से समाप्त किया था। कई स्थानों पर इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का आयोजन भी किया जाता है। शिवपुराण के अनुसार भगवान शंकर छह मास कैलाश पर्वत पर तपस्या में लीन रहते है। उनके साथ ही सभी जीव जंतु भी अपने बिलों में बंद हो जाते हैं। छह माह के बाद कैलाश पर्वत से उतरकर भगवान श्मशान घाट में निवास करते हैं। भगवान शिव का धरती पर अवतरण फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था। शिवभक्त इस दिन को महाशिवरात्रि के रूप में मानते है।



लालापुर के मनकामेश्वर धाम में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



महाशिवरात्रि पर्व पर संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालु

# प्रयागराज माघ



## मौसम

अधिकतम : 27.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

## पूर्व प्रमुख के चाचा का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**मेजा।** पूर्व प्रमुख मेजा प्रेमशंकर उर्फ मुन्नन शुक्ल के चाचा देवी प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 95 वर्ष हो चुके थे। उनका अंतिम संस्कार सिरसा के छतवा गंगा घाट पर आज किया जाएगा। उनके निधन पर ई नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धान्त तिवारी, पप्पू उपाध्याय, नितेश तिवारी, अजयकुमार तिवारी उर्फ कलयुग सहित क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# महाशिवरात्रि पर संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** माघ मेला के छठे व अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर देवाधिदेव महादेव का दर्शन-पूजन किया। सिद्ध योग के साथ ही श्रद्धालुओं ने स्नान कर मेला क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, दर्शन पूजन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध किये गये। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिसकर्मी, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमांडो लगाए गए हैं। जल, थल और नभ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया किया गया।



अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने को उमड़ी भारी भीड़

पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके भगवान भोले नाथ का दर्शन पूजन करते हुए सकुशल अपने गंतव्य को वापस जाएं। मेले में आने वाले स्नानार्थियों को संगम स्नान व दर्शन पूजन में कोई असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र में ही 5 स्थानों पर शिवालों के पास पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ.राजीव नारायण मिश्र, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व नोडल पुलिस अधिकारी सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मेला क्षेत्र में मौजूद रहे। ये अधिकारी लगातार मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र पर सतर्क दृष्टि रखी गई। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सेवा का भाव भी पुलिस कर्मियों के व्यवहार से दिखाई दिया। सकुशल व सुरक्षित स्नान सम्पन्न कराने के लिए, पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहे।

हिंदू मान्यताओं के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन भोले बाबा को प्रसन्न करना आसान होता है। यही कारण है कि लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान करके वहां से गंगाजल लेते हैं। मनकामेश्वर महादेव, सोमेश्वर महादेव जैसे प्राचीन शिवालयों में जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। विधि-विधान से उनकी पूजा अर्चना करते हैं। विवाहित महिलाएं और पुरुष परिवार की सुख शांति के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखती हैं।

## महापौर अभिलाषा गुप्ता ने किया शिव बारात की आगवानी



शिव बारात में शामिल महापौर

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के मौके पर अतरसुइया, मीरापुर बरगद घाट से गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। दोपहर 12 बजे शिवभक्तों के द्वारा नाचते-गाते हुए शिवबारात में हर-हर महादेव का जयकारा लगाया। जय शिवसेना द्वारा आयोजित शिव बारात में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी शामिल हुईं। उन्होंने भगवान शंकर की पूजा कर बारात का शुभारंभ किया।

इस दौरान शिव बारात जिस-जिस रास्ते से गुजरी, स्थानीय लोगों ने शिव बारात की आगवानी करते हुए पुष्पवर्षा की और हर-हर महादेव का उद्घोष किया। शिव बारात में भारतीय जनता पार्टी महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी, हनुमान समिति मुन्नालाल भारतीय के साथ भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल रहे। शिव बारात को सकुशल संपन्न करवाने में थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सचिन देव वर्मा, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, अर्चना चौबे समेत तमाम पुलिस कर्मी भी लगे रहे।

## संक्षेप

### मऊआइमा में जांच के डर से झोला छाप डाक्टर फरार प्राइवेट अस्पताल में लटक रहा ताला

**मऊआइमा।** मऊआइम में एक प्रसूता की मौत के बाद एक निजि अस्पताल में जमकर बवाल के बाद जांच के डर से क्षेत्र के अधिकांश झोला छाप डॉक्टर झोला लेकर फरार हो गए। तथा निजि अस्पताल के संचालक बोर्ड हटा दिए हैं। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतान खास में गत दिनों एक प्रसव पीडिता की मौत पर जम कर बवाल के बाद पुलिस पहुंच कर मामले समझा कर हटा दिया था। उसके बाद कमीश्नर के ट्विटर पर जांच के नाम के भय से अधिकांश निजि अस्पताल के संचालक बोर्ड हटा कर फरार हो गए हैं। तथा झोला छाप डाक्टर झोला लेकर फुर्र हो गए। एम ओ डाक्टर राम गोपाल वर्मा ने बताया कि चिट्ठी आते ही पुलिस बल लेकर एक तरफ से जांच और मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अस्पतालों को सीज किया जाएगा। एम ओ के अनुसार एम एस डाक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा कर रोज बीयूएमएस निजि अस्पताल खोल कर आपरेशन कर रहे हैं। तथा अनेकों की जान लेने के बाद समझौता कर मामले को दबा देते हैं। जांच के नाम पर बीयूएमएस द्वारा लाखों रूपया एम एस डाक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा कर खुद बीयूएमएस सर्जरी कर रहे हैं। तथा एम एस डाक्टरों को वह नहीं बुलाते हैं।

### कोरांव पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोरांव।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कुरसीद अली पुत्र अकराबुदीन निवासी ग्राम हडिया उम्र 22वर्ष को गिरफ्तार किया अभियुक्त के खिलाफ55/2023 धा363/366 भादवि मुकदमा दर्ज हैं गिरफ्तार करने वाली टीम उ नि राम प्रवेश सिंह कास्टेबल अजय पाल महिला कास्टेबल ममता चौहान रहीं।

### मामुली विवाद में जेठ-जेठानी ने देवरानी को पीटा

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के सराय अजीत उर्फ अजीतपुर गांव निवासिनी माया देवी पत्नी अजय कुमार को उसके जेठ महेन्द्र कुमार एवं जेठानी उपासना ने मामुली विवाद पर गाली-गलौज करते हुये लात-घूंसो से जमकर पीटा माया देवी ने उक्त घटना की लिखित तहरीर बहरिया थाने पर दिया है । पुलिस ने प्रथम सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है ।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला ने लगाई फांसी

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई के पैगंबरपुर गांव में शनिवार की दोपहर फंदे पर लटकती हुई एक 27 वर्षीय महिला का शव मिला सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि पैगंबरपुर गांव निवासी विजय कुमार की पत्नी राधा देवी 27 वर्ष का कमरे के अंदर पंखे से लटकते हुए शव पाया गया मृतका राधा देवी की पुत्री प्रिया 6 वर्ष ने अपनी मां को पंखे से लटकते हुए देखा तो शोर मचाया शोरगुल सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए तभी घटना की सूचना थरवई पुलिस को दी गई सूचना पाकर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ करने के पश्चात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स्थानीय लोगों ने बताया कि विजय कुमार जो मृतका राधा देवी का पति है वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मृतिका के दो बच्चे प्रिया की उम्र 6 वर्ष व अजीत 5 वर्ष है। राधा देवी का मायका सराय अब्दुलमलिक थाना फूलपुर में है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर रही भक्तों की भारी भीड़, जगह जगह पुलिस फोर्स रही मुस्तैद

**थरवई।** महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन करने के लिए उमड़े भक्त जिसमें सुबह के भोर से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की रही भारी भीड़। वहीं कई लोगों के गले की चेन व मोबाइल भी मंदिर में दर्शन के दौरान हुआ गायब। मेले में मौजूद रहे थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, रामेश्वर नाथ राय, अंजर अब्बास, हरिओम, अमित कुमार, साहनवाज, राजेश कुमार सोहराब अहमद, पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार यादव, अंकित मौर्या, रिद्धि मिश्रा, मुकेश मौर्या लेखपाल अरविन्द यादव ग्राम प्रधान महेन्द्र गिरि राम अचल यादव आदि मेले मौजूद रहे। वहीं मेले में जगह जगह पर कई थानों जिसमें थाना थरवई थाना बहरिया थाना फाफामऊ आदि थानों की फोर्स व आरएएफ के जवान भी जगह जगह मौजूद रहकर मेले में किसी भी प्रकार अनियमितता उत्पन्न न हो जिसके लिए लगे रहे। मेले जाम की समस्याएं उत्पन्न न हो, बैरियर व बैरिकेटिंग किया गया था साथ ही सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी चोर उच्चक्को पर भी निरंतर निगरानी बनी रही। मेले में उपस्थित भारी संख्या में लोगों ने दर्शन किया व मेले में जमकर घरेलू व बच्चों के खेलने के खिलौनों की खरीददरियाँ लोग करते रहे व मेले का आनन्द लेते रहे। महाशिवरात्रि के मेले की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण में उपजिलाधिकारी सोरांव डॉ कंचन तहसीलदार सोरांव सत्यपाल डीसीपी गंगानगर अभिषेक अग्रवाल एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव आदि कई अधिकारी गण मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिसमें सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ पाए जाने पर गंगानगर द्वारा सराहना की।

### पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुई मार पीट, क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शनिवार को एक गांव में पेड काटने को लेकर दो पक्षों में जम कर हुई मार पीट में दोनों पक्षों में कई जख्मी हुए । पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना के ग्राम किरांव निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र भुल्लर खान का आरोप है कि उसके नीम के पेट को उसके विपक्षी काट रहे थे। मना करने पर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। मोहम्मद वसीम ने मोईनुद्दीन, आशिक अली, माविया, राबिया, साबिया, रईसा बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर दूसरे पक्ष के मोईनुद्दीन पुत्र जान मोहम्मद ने वसीम ,रेहान, फैजान, राजिया खातून, एमन बानों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## भूमि विवाद : पुलिस की मौजूदगी में जमकर चले लाठी-डंडे

**बारा।** यमुनानगर के घूरपुर थाना क्षेत्र के हथिगनी गांव में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोपित है कि इस दौरान एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों को जमकर मारा पीटा गया। सूचना पुलिस तत्काल पहुंच गई थी, बावजूद इसके हमलावर नहीं रुके और पुलिस की मौजूदगी में लाठी-डंडे से प्रहार करते रहे। बाद में कई थानों की फोर्स के साथ उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के मुताबिक घुरपुर थाना क्षेत्र के हथिगनी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि इसी दौरान एक पक्ष के द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई। जिस पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंच गई और काम बंद करने को कहा, लेकिन दोनों पक्ष ने पुलिस की एक नहीं सुनी और मारपीट करने लगे। पुलिस की मौजूदगी में कहासुनी के बाद ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे, जिसका वीडियो पुलिस कर्मी बनाता रहा और लाठियां चटकती रहीं। जबकि इस मामले में फूलचंद पटेल ने जमीन की पैमाइश के लिए करछना तहसील में प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर लेखपाल ने महाशिवरात्रि के बाद पैमाइश करने की बात कहते दोनों पक्षों को निर्माण करने से मना किया था, लेकिन दूसरे पक्ष से शोभालाल पटेल, सुरेश पटेल, राजेश पटेल, राम नरेश पटेल, बंसीलाल पटेल के द्वारा जबरन कब्जा किया जाने लगा।जबरिया निर्माण किए जाने पर विपक्ष की रीता पटेल पत्नी अभिमन्यु पटेल ने 112 नंबर डायल कर पुलिस से शिकायत कर दी। बताया जाता है कि पुलिस मौके पर तत्काल पहुंच गई, लेकिन विपक्ष के लोग नहीं माने और रीता पटेल के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए परिजनों को भी लाठी-डंडे से पीटा गया। इस मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। इसमें एक महिला व एक पुरुष को एसआरएन रेफर किया गया है। घूरपुर पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# क्रियायोग आश्रम में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व



महाशिवरात्रि पर्व पर क्रियायोग आश्रम में साधकों को शिव पूजा के बारे में बताते क्रियायोग गुरू स्वामी श्री योगी सत्यम्

**झूंसी।** मां गंगा के पावन तट पर स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में शनिवार को भगवान शिव की पूजा आराधना क्रियायोग में वर्णित दर्शन व सिद्धांत के अनुसार किया गया। इस अवसर पर देश व विदेश के साधक उपस्थित रहे बता दें कि क्रियायोग आश्रम में प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम संपन्न किया जाता है कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए 1 हफ्ते पहले से ही भारत के कई राज्यों से साधक क्रियायोग आश्रम पहुंच जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी आए हुए साधकों को क्रियायोग की दीक्षा भी देते हैं। पूजा व अराधना के इस वास्तविक स्वरूप के प्रभाव को विस्तार से स्पष्ट करते हुए क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने बताया कि शिव पूजा से मनुष्य के अंदर बंद शिव नेत्र खुल जाता है, जिसके खुलने से मनुष्य अनुभव करता है कि उसके व सर्वज्ञ तत्व, सर्वशक्तिमान तत्व के बीच दूरी शून्य है। इस अवस्था में हम अनुभव करते हैं कि हमारा स्वरूप परम शांतिमय, परम आनंदमय एवं अमर अस्तित्व है। लेटे हुए भगवान शिव के सीने पर चतुभुर्जी काली मां के पैर की स्थिति को विस्तार से समझाते हुए स्वामी जी ने कहा कि मां काली प्रकृति में व्याप्त अक्षय आधार का प्रतीक है। अर्थात भगवान शिव की भूमिशायी देह के ऊपर खड़ी चतुभुर्जी स्त्री के रूप में चित्रित किया जाता है। क्योंकि प्रकृति या इस प्रपंच मयस विश्व की समस्त क्रियाएं निर्गुण ब्रह्म से उत्पन्न होती है। काली की चार भुजाएं ब्रह्मांड में कुटस्थ, सृजन, संरक्षण एवं परिवर्तन क्रिया कलापों को संचालित करती है। परंपरागत से प्रचलित शिव पूजा बच्चों के खेल के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है इसके उपरांत क्रियायोग गुरु ने समस्त साधकों को 15 मिनट का शिव शक्ति का अभ्यास कराए।

# फुटेश्वरनाथ धाम (फुटहवा महादेव) में गूंजता रहा हर-हर महादेव का नारा

**बहरिया।** बहरिया विकास खण्ड के सारीपट्टी कटरा, करनाईपुर में स्थित प्राचीन मन्दिर फुटेश्वरनाथ धाम (फुटहवा महादेव) में बड़े ही धूम-धाम से मन्दिर में विराजमान शिवलिंग पर जल एवं पुष्प अर्पित कर भक्तों ने शिव जी के दर्शन किये। दूर-दराज से आये भक्तों का मन्दिर में जल चढ़ाने एवं दर्शन करने के लिये तांता लगा रहा भक्तों ने बारी-बारी से शिवलिंग पर जलाभिशेक किया। निशान चढ़ाने वालें भक्तों की भी कतार लगी रही। यहाँ पर भक्तों ने मेले का खूब आनन्द लिया तथा मन्दिर कैम्पस में लगी हुई दुकानें एवं भीड़ को देखते हुये प्रषासन द्वारा सिपाही तैनात किये गये है। जिससे किसी भी प्रकार की भक्तों को कोई परेषानिया न उठानी पड़े। मेले में भक्तों ने घरेलू उपयोग में आने वाले सामानों को भी खरीदा। उक्त मेले में दिलीप केसरवानी, शशीकान्त यादव, विकास निगम, मानिकचन्द्र यादव, मोहनलाल यादव, सुशील कुमार मौर्य, शिवदत्त नारायण त्रिपाठी, मोहनलाल मौर्य आदि।



फुटेश्वरनाथ धाम (फुटहवा महादेव) में उमड़ी भक्तों की भीड़

इसी प्रकार जुगनीडीह में पिलखिन पर भी मेले का आयोजन प्राचीन काल से होता चला आ रहा है । यहाँ पर भी मन्दिर में भक्तों ने शिवलिंग पर जल एवं पुश्प चढ़ा कर भगवान षिव जी का दर्षन किया तथा मेले का भी लुफ्त उठाया।

बहरिया विकास खण्ड के परिसर में स्थित शिव मन्दिर में भी गूंजा हरहर महादेव का नारा भक्तों ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव जी का पूजन एवं अर्चन किया। शिवलिंग पर जल एवं पुश्प अर्पित किया। तथा भक्तों ने निशान भी चढ़ाये। विकास खण्ड परिसर में लगे मेले का भक्त ने आनन्द लिया। यहां पर विशाल मेले का आयोजन पूर्वजों से ही चला आ रहा है। उक्त मेले में सीताराम यादव ग्राम प्रधान, हरिष्चन्द्र भैया जी, देव गुप्ता, सुषील सोनी, विवेक यादव आदि ।



महाशिवरात्रि पर भांग की ठंडई लेते शिव भक्त

### शिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों ने भाँग की ठंडई व खेली अबीर की होली

**रत्यौरा ।** तहसील व थाना कोरांव क्षेत्र के रत्यौरा मोड़ पर शनिवार को क्षेत्रीय शिवभक्तों ने रसभाँग पी कर अबीर गुलाल से खेलते हुए शिवरात्रि महापर्व का जश्न मनाया। आप को बता दें कि शिवरात्रि के शुभ अवसर पर क्षेत्रीय शिवभक्तों ने भाँग से बनी ठंडई को पी कर अबीर गुलाल से सराबोर होकर एक दूसरे को गले लगाकर शिवरात्रि महापर्व को धूम धाम से मनाया एवं जय उद्घोष के नारे लगाए गए। इस शिवरात्रि के शुभ बेला पर मुख्य रूप से शशिकांत प्रधान रत्यौरा शशिकांत तिवारी, पप्पू कुशवाहा सत्यम केसरी, हरिओम, पप्पू मिश्र, अमरेन्द्र वर्मा, अशोक केशरी, आशीष तिवारी, राजेश गौतम सहित सैकड़ों शिवभक्त एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर मे घुस कर तोड़फोड़, मार पीट करने पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो पक्षो में लड़ाई झगड़े के बाद दूसरे पक्ष ने भी घर में घस कर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पांच के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चमरुपुर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच रास्ते के विवाद को लेकर मार पीट हुई थी। एक पक्ष के अमरजीत ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को दूसरे पक्ष की गीता देवी पत्नी राम अभिलाष तथा राजकली पत्नी हरिराम ने आरोप लगाया है उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया और गृहस्थी का सामान तोड़ दिया गया। पुलिस ने अमरजीत, आशुतोष, दिनेश कुमार, विकास कुमार, राममनोरथ तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# उल्लास पूर्वक मना शिव के दिव्य अवतरण व आराधना का दिन महाशिवरात्रि

**मेजा।** भगवान शंकर के जन्मदिवस के रूप में मनाए जाने वाला धार्मिक पर्व 'महाशिवरात्रि' पारंपरिक ढंग से धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के मेजा तहसील मुख्यालय के पास स्थित पहाड़ी के किनारे बसा बाबा बोलन नाथ धाम में शनिवार को सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा को देर शाम तक चलता रहा। दर्शन के लिए लगभग 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भीड़ देखने को मिली।शिव भक्त कभी न दुखाने वाला पवित्र सरोवर स्नान कर महाभारत काल में अर्जुन द्वारा बाण से पाताल फाड़ कर निकले गए जल (बाण गंगा)से जल लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भक्तिभाव से संतुष्ट हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रही।



बाबा बोलन नाथ धाम में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

मान्यता है कि महाशिवरात्रि का दिन महाशुभ होता है इसलिए इस दिन से विभिन्न शुभ कार्यों की शुरूआत की जाती है। इनमें गृह प्रवेश, व्यवसाय आरंभ, विभिन्न निर्माण कार्य, पूजा-पाठ आदि कार्य संपन्न किए जाते हैं।ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष के फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मंदिर में भक्तिभाव से मांगा हुआ वरदान महादेव अवश्य पूरा करते हैं। महाशिवरात्रि पर अपनी बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को ग्रहण करने का पर्व माना जाता है। इस पर्व पर शिव की आराधना कर समस्त परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

कहा जाता कि जब इस धरती पर चारों ओर अज्ञान का अंधकार छा जाता है, तब ऐसी धर्म ग्लानि के समय शिव का दिव्य अवतरण इस धरा पर होता है। वास्तव में फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि का पर्व परमात्मा के दिव्य अवतरण की यादगार है। शिवभक्तों ने मंदिर परिसर से शिव शोभा यात्रा निकाली, जो पूरे गांव व बाजार में भ्रमण किया। शिव भक्तों ने डीजे की धुन पर नृत्य भी किया। इस दौरान राहुल मिश्र,नन्द लाल चौरसिया, विस्वनाथ प्रताप सिंह, अशोक शर्मा, ओम जी मिश्रा, लवकुश पाल, अंकित शाहू, राधे चौरसिया, मनीष चौरसिया व सभी श्रद्धालू गण।

## महाशिवरात्रि पर पहरी महादेव पर जुटे हजारों श्रद्धालु

**कोहड़ार।** शनिवार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेजा पहाड़ी स्थित पहरी महादेव मंदिर पर विशाल मेला आयोजित हुआ।

मेजा के गड़े वरा के पहरी महादेव का मेला धूमधाम से मनाया गया। शिवभक्तों की भीड़ सुबह से जमा होने लगी पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के नारे से गूँज उठा। यहाँ मेले में लोग दूर दूर से भोले बाबा का दर्शन करने आते हैं। मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई । सुरक्षा व्यवस्था के चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह अपनी टीम के साथ डटे रहे।

# खेत में किसान की पीट-पीटकर हत्या, घर में भी किया गया तांडव



घटना के बाद घर पर मौजूद लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतक शिवकुमार की फाइल फोटो

**हत्या**

### एक माह पहले गांव के युवक से हुई थी नोक-झोंक, पुलिस ने उठाया

### मामला कौशाम्बी कोतवाली के बरम्बारी गांव का, पड़ताल में जुटी खाकी

**कनैली, कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी अंतर्गत बरम्बारी गांव के बाहर खेत की रखवाली कर रहे एक किसान को शुक्रवार रात्रि लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया। इतना ही नहीं मरणासन्न हालत में उसे पेड़ से बांध दिया गया। घटना की जानकारी होने पर पहुंचे परिजन व गांव के लोगों ने आनन फानन सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। उधर मृतका की पत्नी के मुताबिक घटना को अंजाम देकर आए हत्यारों ने घर में घुसकर मारपीट किया, इतना ही नहीं धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारे पति को मारकर आए हैं और अब तुम्हे भी मार डालेंगे और तमंचा सटाकर मारापीटा। इतना ही नहीं घर पर रहा नगदी, सोने चांदी के आभूषण भी उठा ले गए। हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना का जिक्र करें तो बरम्बारी गांव निवासी शिवकुमार पुत्र स्व. विंदेश्वरी प्रसाद सरोज (40) शुक्रवार को रोजाना की तरह तकरीबन शाम नौ बजे घर से खाना पीना करने के बाद गांव के बाहर स्थित गेहूं खेत की रखवाली करने गया था। मृतक शिवकुमार की पत्नी सुंदरकली के मुताबिक जब शिवकुमार काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन के लिए खेत की ओर गई, जहां पर शिवकुमार खून से लथपथ तड़प रहा था। महिला के शोरगुल पर पहुंचे गांव व परिवार के लोगों ने सूचना पुलिस को दिया। इतना ही नहीं लोगों ने घायल को इलाज के लिए नजदीक अस्पताल ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सको ने शिव कुमार को मृत घोषित कर दिया। हालांकि महिला ने गांव के सम्पत पुत्र वैजनाथ पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके पति से सम्पत की कुछ दिनों पहले बेटी से बातचीत करने को लेकर विवाद हुआ था और उसी ने उसके पति की हत्या किया है। खैर यह तो रही महिला द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक लेकिन महिला ने गांव में इस बात का भी बयान दिया है जिसका वीडियो भी सूट है कि पति शिवकुमार के खेत जाने के बाद घर पर वह अपने बच्चों के साथ दरवाजा खोलकर उनके आने का इंतजार कर रही थी, और इसी दौरान अज्ञात तीन लोग पहुंचे और तांडव शुरू कर दिया। महिला चीखती कि इसके पहले उक्त लोगों ने तमंचा सटाते हुए मारपीट करने लगे। महिला ने यह भी बयान में कहा है कि उक्त चोरों ने यह भी धमकी दिया कि तुम्हारे पति को मारकर आए हैं और अब तुम्हे भी नहीं छोड़ेंगे और मारपीट के साथ नगदी व सामान भी उठा ले गए। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि यदि हत्यारों का मकसद शिवकुमार की हत्या का था तो फिर आखिर घटना को अंजाम देने के बाद घर क्यों पहुंचे, या फिर हत्यारों का मकसद घर पर रहे और किसी पर वार करना था और नहीं कर सके, मारपीट2 कर नगदी, जेवर आदि की लूटपाट कर चले गए, लेकिन मकदस आखिर घर पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था या फिर चोरी करना था। यह बात लोगों के गले के नीचे नहीं उतर रही। ऐसे में घर पर हुई वारदात की सच्चाई क्या यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। इतना ही नहीं घर पर भी घटना को अंजाम देने के बाद उक्त लोग आराम से निकल भी गए, जबकि घटना आधी रात्रि की भी नहीं थी। हालांकि पुलिस ने तहरीर के मुताबिक सम्पत पुत्र वैजनाथ निवासी बरम्बारी सहित एक और को उठा भी लिया है और पूछताछ भी कर रही है, इतना ही नहीं सम्पत के खिलाफ हत्या का केस भी दर्ज कर लिया है।



घर के अंदर चोरी के बाद विखरा सामान

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत टेढ़ीमोड़ के समीप शनिवार को एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहे वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का जिक्र करें तो थाना क्षेत्र के भानीपुर गांव निवासी छेदीलाल पुत्र स्व.राम कुवांरे (70) किसी काम से टेढ़ीमोड़ की ओर गए थे। कहा जा रहा है कि टेढ़ीमोड़ के समीप वह सड़क पार करना चाहा, इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में वृद्ध खून से लथपथ सड़क पर तड़पने लगा। उधर बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा था। हादसा देख आसपास रहे लोगों ने सूचना पुलिस को देते हुए घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। कहा जा रहा है कि घायल वृद्ध की मौत हो गई। वहीं हादसे की जानकारी होने पर परिवारीजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।



शिव मंदिर में पूजन अर्चन करते भक्त

# महाशिवरात्रि : शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव का जयकारा

**कौशाम्बी।** महाशिवरात्रि पर्व शनिवार को मनाया गया। महादेव के जयघोष से शिवालय गुंजायमान रहे। गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना की। शिवालय सुबह से देर शाम तक गुलजार रहे। सुरक्षा के मद्देनजर शिवालयों पर पुलिस फोर्स चैकसी के साथ तैनात रही।

विकास खंड कौशाम्बी के कौशाम्बी खास स्थित कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम में महाशिवरात्रि का पर्व इस साल विशेष संयोग के साथ मनाया गया। भक्तों ने पूजन अर्चन कर भगवान खुशिया मांगी। हालांकि कहा जा रहा है कि इस बार प्रदोष व्रत ने पर्व की महत्ता को बढ़ा दिया। शिव की आराधना करने के लिए दोआबा के गंगा व यमुना घाटों पर सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ रही। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद शिव भक्तों ने भगवान भोले नाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चन करते हुए आराधना किया। हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गुंजायमान हो उठे। वहीं मंझनपुर के दुर्गा मंदिर, कड़ाधाम के शीतला धाम मंदिर, मन कामेश्वर मंदिर, भरवारी के मन कामेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ रही। सुरक्षा के द्दष्टिगत शिव मंदिरों पर पुलिस की टुकड़ी भी मुस्तैद रही।

# एचटी लाइट की करंट से तीन सगी बहनें झुलसी

### करारी के रसूलपुर सोनी गांव में हुई घटना, हालत गंभीर

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली अंतर्गत रसूलपुर सोनी गांव में शनिवार की सुबह खेत में चारा काटने गई तीन सगी बहनें एचटी लाइन की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से झुलसी तीनों युवतियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद से पीड़ित परिवार का हाल बेहाल रहा।

घटना का जिक्र करें तो करारी कोतवाली के रसूलपुर सोनी गांव निवासिनी नीलम, नीता देवी व पूनम पुत्री सियाराम प्रजापति शनिवार की सुबह गांव के बाहर स्थित खेत में चारा काटने गईं थी। कहा जा रहा है कि खेत के समीप एचटी लाइन दौड़ी थी। एचटी लाइन गिरने से तीनों बहनें करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। वहीं चीख पुकार सुनकर आसपास रहे लोगों ने आनन फानन हादसे की जानकारी परिवार सहित गांव के लोगों को दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने आनन फानन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। हालांकि जिला अस्पताल में इलाज चल रहा थां उधर घटना के बाद से पीड़ित परिवार का हाल बेहाल रहा। लोगों का आरोप था कि यह घटना विभाग की लापरवाही के चलते हुई है। बहरहाल यहां बताना जरूरी होगा कि ज्यादातर इलाकों में जो विद्युत तार दौड़ी हैं वह जर्जर हालातों में हालांकि विभाग इन दिनों गुर्रा तार लगवा रहा है, लेकिन जहां गुर्रा तार नहीं पहुंची और तार जर्जर हो चुकी है तो वहां पर हादसे की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। यहां पर भी बताना जरूरी होगा कि अभी पिछले दिनों मुख्यालय के सिराथू रोड स्थित अजहर प्लाजा के समीप विद्युत तार गिर गई थी, घटना बड़ी हो जाती लेकिन वहां पर बैठे रहे दुकानदार भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इस तरह से घटनाएं आए दिन होती रहती हैं और विभाग अपना अनदेखी भरा रवैया बदलने का नाम नहीं ले रहा है। बहरहाल लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### युवक को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के मलाक सद्दी गांव में शुक्रवार को ओम प्रकाश का पड़ोसी से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद आरोपित ने युवक को पीट दिया। मारपीट देख मोहल्ले के साथ परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंच मामला शांत कराया। पीड़ित युवक थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित युवक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित कमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### करंट की चपेट में आने से महिला झुलसी

**कौशाम्बी।** करारी के अमीनपुर संवरो गांव की सुरेखा देवी पानी भरने के लिए टुल्लू स्टार्ट कर रही थी। इसी दौरान तार कटा होने के कारण वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उसे मंझनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निबंध प्रतियोगिता में दीपिका ने मारी बाजी

**कौशाम्बी।** कमला ग्राम विकास संस्थान की ओर से संचालित चाइल्ड लाइन सब सेंटर चायल की टीम ने काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। शनिवार को निदेशक अजीत सिंह और बीईएस शिक्षा विभाग राजू यादव ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मूरतगंज विकास खंड के काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता हुई थी। प्रतियोगिता में 100 बच्चों ने भाग लिया था। बाल श्रम सामाजिक अभिशाप क्यों पर कक्षा नौ और 11 के बच्चों को चार सौ शब्दों में निबंध प्रतियोगिता कराई गई थी। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका प्रजापति, द्वितीय निकिता सिंह यादव, पलक द्विवेदी, तृतीय मानसी पटेल और पलक सिंह को दिया गया। इस मौके पर कोआर्डिनेटर गुलाम हसन, दीपक सिंह, राजमणि त्रिपाठी, त्रिभुवन लाल, परवीन अख्तर, राकेश मालवीय, नकुल तिवारी, मृत्युंजय मिश्र, नितिन, फातिमा उस्मानी, सदफ शेख, सुधा पांडेय, ओम शंकर पांडेय, आरपी ओझा, हबीब, बलदाऊ पांडेय और रवींद्र उपाध्याय समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### दुराचार के आरोपित को भेजा जेल

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एसआई सुनील यादव ने दुराचार के फरार आरोपित गोपीनाथ गौतम पुत्र कल्लू गौतम को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की तलाश कई दिनों से पुलिस कर रही थी। आरोपित के खिलाफ एक युवती ने केस दर्ज कराया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।

## ऊनो में एक ही रात चार घरों में चोरी

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव में बृहस्पतिवार की रात्रि चोरों ने एक ही रात चार घरों में सेंधमारी की और लाखों का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई तो गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

मंझनपुर थाना क्षेत्र के ऊनो निवासी अरुण प्रकाश तिवारी शुक्रवार की रात परिवार के साथ घर के भीतर सो रहा था। आधी रात घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुसे चोर कमरे में रखा बक्सा घर के बाहर लेकर तोड़ा। उसमें से 35 हजार रुपये नकदी के साथ आधा किलो चांदी के जेवरात पार कर दिया। यहां के बाद चोरों ने गांव के मुन्नू व बब्बू और पड़ोसी के घर सेंधमारी कर करीब एक लाख का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। घर का बिखरा सामान देख पीड़ित परिवार अवाक रह गया। एक ही रात चार घरों में लाखों की चोरी की जानकारी होते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। गांव पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना कर पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। एक ही रात चार घरों में हुई चोरी के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त नहीं होने से चोर आए दिन मकान व दुकान खंगाल रहे है। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि चार घरों में सेंधमारी हुई है। मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द की घटना का पदार्फाश किया जाएगा।



## छप्पर के नीचे बंधे मवेशी खोल ले गए चोर

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकसरनपुर मंगरोहनी निवासी रामप्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात वह घर में परिजनों के साथ सो रहा था। घर के बाहर छप्पर के नीचे उसकी भैंस व दो पड़वा बंधे थे। रात में 12 बजे के बाद चोर आए और भैंस व पड़वा खोल ले गए। सुबह वह करीब साढ़े पांच बजे घर से बाहर निकले तो देखा भैंस व पड़वा गायब थे। जानकारी होते ही रामप्रसाद ने आसपास के लोगों को जानकारी दी। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। इसके बाद राम प्रसाद ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण की जांच षुरू कर दी है।

# पति समेत तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

### दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर ससुराली बिना मांग पूरी हुए साथ ले जाने के लिए नहीं हुए राजी

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के गोपाल का पुरवा लोहदा में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से कार व नकदी लाने की जिद कर प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोपाल का पुरवा लोहदा गांव में ब्याही रेखा देवी पत्नी सुरेश चंद्र ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुरालवाले मायके से कार के साथ तीन लाख रुपये नकदी लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। महीने भर पहले मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालवालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। जाते-जाते धमकी दी कि बिना दहेज दोबारा घर लौटी तो अंजाम ठीक नहीं होगा। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर ससुराली बिना मांग पूरी हुए साथ ले जाने के लिए राजी नहीं हुए। पिता के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति सुरेश समेत ससुर व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर जख्मी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने सड़क किनारे साइकिल से जा रहे रितिक (12) पुत्र प्रमोद कुमार को जोरदार टक्कर मार दिया। सड़क दुर्घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। देर शाम पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दिन में जल रही स्ट्रीट लाइटें

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के वीरांगना दुर्गा भाभी नगर भड़ेसर में दिन-रात स्ट्रीट लाइट जलती रहती है। लाइटों को जलाने व बंद करने के लिए अब तक कोई इंतजाम नहीं किया गया है। दिन-रात जलने के कारण लाइट आए दिन खराब हो रही है। कभी-कभी मोहल्ले के लोगों को कई दिनों तक अंधेरे में रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरकरी जलाने व बंद करने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है जिसे लेकर लोगों में रोष है।

## साइबर शातिर ने खाते से 20 हजार रुपये निकाले

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अढ़ौली कुम्हियावां गांव के एक युवक के खाते से साइबर शातिर ने 20 हजार रुपये निकाल लिए। केवाईसी अपडेट के बहाने शातिर ने रकम पार कर दी। पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित युवक से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

अढ़ौली कुम्हियावां निवासी पुष्पराज सिंह ने बताया कि दिल्ली की एक कपंनी के नाम पर शातिर ने केवाईसी अपडेट करने के बहाने खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर बैंक खाते से रकम निकलने का मैसेज देख युवक अवाक रह गया। आनन-फानन वह बैंक पहुंचा और खाता, एटीएम बंद कराया। इसके बाद थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने साइबर शातिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच रिपोर्ट साइबर सेल को भेज दी गई है।

### किशोरी से दुराचार का आरोपित बंदी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना के एसआई श्रवण कुमार सिंह को दुराचार के आरोपित आदेश पुत्र भारत सिंह निवासी बुलाकीपुर, सिविल लाइंस, इटावा की तलाश थी। आदेश के खिलाफ महेवाघाट थाना में किशोरी के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुराचार करने की एफआईआर दर्ज थी। श्रवण कुमार सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## भक्ति गीतों पर झूमे भक्त

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार विंदा मिल स्थित शिवालय परिसर में शुक्रवार की रात नगर के श्याम मित्र मंडली की ओर से आयोजित एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज से आई मंडली ने खाटू वाले श्याम के नाम पर तरह-तरह के भजन प्रस्तुत किए। भजन सुन श्रोता भावविभोर हो गए। भरवारी नगर में श्याम मित्र मंडल के आयोजकों ने एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन किया। कार्यक्रम भरवारी के नया बाजार विंदा मिल स्थित भगवान शंकर के मंदिर प्रांगण में हुआ। खाटू श्याम बाबा की देर रात पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। फिर देर शाम प्रयागराज से आई मंडली ने तरह-तरह के भजन प्रस्तुत किए। भजन सुन कर उपस्थित जन समूह भाव विभोर हो उठे। देर रात कार्यक्रम के बाद आयोजकों ने प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में गौरव केसरवानी उर्फ मोनू, अमन केसरवानी, सुरेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, उपांशु केसरवानी ,निखिल केसरवानी, दीपक वर्मा, नमन अग्रवाल, शशांक केसरवानी, बिक्कू केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन स्थित जिला नियंत्रण कक्ष का एसपी ने किया उद्घाटन



जिला नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन करते एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव

**कौशाम्बी।** पुलिस लाइन स्थित जिला नियंत्रण कक्ष का नवीनीकरण कार्य सम्पन्न होने के बाद शनिवार को महा शिवरात्रि के अवसर पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पहुंचकर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन के अलावा अन्य पुलिस अफसर मौजूद रहे। बता दें कि एसपी वृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में संचालित जिला नियंत्रण कक्ष के नवीनीकरण कार्य होने के बाद शनिवार को एसपी ने कक्ष का शुभारंभ किया। इतना ही नहीं मौजूद जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान सीओ लाइन के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## मच्छरों ने जीना किया दुश्वार

**कौशाम्बी।** दोआबा के ग्रामीण अंचल के गांवों में दवा का छिड़काव न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दिन-रात मच्छर लोगों को डंक मार रहे हैं। घर-बाहर हर जगह मच्छर परेशान कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों से दवा का छिड़काव कराने के लिए कहा गया। इसके बाद भी दवा का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में दवा के छिड़काव की मांग की है।

## जलभराव से आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक के धवाड़ा गांव के मुख्य रास्ते में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा कि गांव के कुछ दबंगों ने नाली को बंद कर दिया है जिससे पानी नहीं निकल पा रहा है। इसकी शिकायत भी लोगों ने उच्चाधिकारियों से की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## संक्षेप

### सम्मान समारोह आज

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर पर 19 फरवरी को दोपहर एक बजे सांसद खेल स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। यह जानकारी सेन्टर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने दी है।

### मरीज की मदद को विधायक ने लिखा पत्र

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा ने मेडिकल कालेज के सर्जिकल वार्ड के बेड संख्या 27 पर भर्ती दुर्घटना में घायल मरीज की मदद के लिए पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मरीज संतोष सरोज पुत्र स्वामीनाथ निवासी रामापुर बेहद गरीब है और उसके पैर में फ्रैक्चर है। बार-बार सूचना के बाद भी चिकित्सक उसका समुचित इलाज नहीं कर रहे हैं जिससे ब्लड का रिसाव बंद नहीं हो रहा है। विधायक ने मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत कराने व दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर जिले के विभिन्न शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। सुबह से ही श्रद्धालु कतार में खड़े होकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का इंतजार करते रहे। बाबा धुइसरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम, बेलखरनाथ धाम सहित अन्य शिव मंदिरों पर भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

बाबा घुइसरनाथ धाम मे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्र ने श्रद्धालुओं के साथ माथा टेकते हुए जलाभिषेक किया। धाम मे सुबह की किरण फूटी तो मुख्य मंदिर के सामने शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोले नाथ के जयकारे के बीच जब भक्त भगवान घुइसरनाथ के दर्शन को आतुर हुए तो भक्तिमय नजारा अदभुत हो उठा। भीड़ के सैलाब को देख व्यवस्था मे लगे स्वयंसेवको के साथ पुलिस व पीएसी के जवानो की भी मशक्कत बढ़ गयी। एसडीएम सौम्य मिश्र, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर भी शिवभक्तों के महादेव के दर्शन पूजन को लेकर प्रशासनिक दीर्घा छोड धाम परिसर मे व्यवस्थाओं की नब्ज टटोलने लगे। लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल तथा सांगीपुर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भी प्रबन्धो को लेकर भारी फोर्स के साथ कदमताल करते दिखे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर श्रद्धालु महिलायें भी बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए नमः शिवाय के जाप मे मगन दिखी। शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए बेल पत्र व धतूरा, पुष्प आदि चढ़ाते हुये घुइसरनाथ बाबा के गगनभेदी जयघोष मे रम गये। श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन मे सुरक्षाबलों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओ के कार्यकताओं के द्वारा भी व्यवस्था सुगम बनाने मे कडी मशक्कत करते देखा गया। सई नदी मे पुलिस ने बैरीकेटिंग के साथ गोताखोरो की भी ऐहतियातन व्यवस्था भी कर रखी थी। वहीं लालगंज-सांगीपुर हाईवे पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डभियार तथा देउम के पास बैरियर लगाकर भारी वाहनों को बाबा धाम मे प्रवेश करने से रोकने मे पसीना-पसीना हो रही थी। पूरे धाम मे पुलिस तथा पीएसी के साथ महिला पुलिस बिंग व पुलिस की खुफिया एजेंसी को हाई अलर्ट मे देखा गया।


बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक करते सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना


जलाभिषेक को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# पड़ोसियों ने महिला को आवास निर्माण करने से रोका, दी धमकी

**शिकायत**

**आरोप है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करते ही पड़ोस के दबंग लाठी डंडा लेकर पहुंचे और निर्माण कार्य को रोकते हुए गालियों के साथ जान से मारने की धमकी भी दी**

**पट्टी।** ग्राम सभा से मिलने वाले आवास का निर्माण करा रही महिला को दबंग पड़ोसियों ने निर्माण कराने से रोक दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पट्टी कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की रहने वाली निशा पत्नी फूलचंद ने अपने पुराने छप्पर पर शासन द्वारा प्राप्त आवास का निर्माण कर रही थी, जैसे ही वह निर्माण कार्य प्रारंभ किया पड़ोस के दबंग लोगों ने निर्माण कार्य रोक दिया और लाठी डंडा लेकर वहां पहुंच गए। महिला को गालियां देते हुए जान से मारने की भी धमकी दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हम अपने छप्पर में किसी तरह अपने बच्चों को लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। हमारी पुस्तैनी जमीन है जिस पर काबिज है। उसी जमीन पर आवास का निर्माण प्रारंभ किया जैसे ही कार्य शुरू हुआ वैसे पड़ोस के लोगों ने आकर रोक दिया। पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते पीड़ित

## श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया जलाभिषेक

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को कुण्डा क्षेत्र के हौदेश्वरनाथ धाम, मानिकपुर, कालाकांकर व मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं गंगा में स्नान किया। मां गंगा की पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। क्षेत्र के गौरीशंकर महादेव बड़ा गाव में आस पास के श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मन्दिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल मौजूद रही। बैरियर लगाकर सभी दोपहिया वाहनों को मन्दिर के पहले ही रोक दिया गया। मेले में बच्चो ने मनोरंजन के लिए सर्कस झूला के साथ हवा में उड़ने वाले गुब्बारे का भरपूर लुफ्त उठाया। लकड़ी के खूब सूरत सामान व प्लास्टिक के सामानों की जमकर खरीदारी हुई। इसी क्रम में मुरस्सापुर सोनामऊ गंगातट किनारे स्थिति दूधाधारी शिव लिंग मन्दिर में भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया।

# परीक्षार्थियों के लिए रेलवे क्रॉसिंग खुलवाने की मांग

**मांग**

**बोर्ड परीक्षार्थियों को आ रही दिक्कत, बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने सौंपा ज्ञापन**

**क्रॉसिंग बंद होने से सेंटर पर देरी से पहुंच रहे हैं छात्र**

**प्रतापगढ़।** रेलवे फाटक बंद होने से बोर्ड परीक्षार्थियों को आ रही दिक्कत के मद्देनजर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने रविवार को रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा है।

जेल रोड और भंगवा रेलवे क्रासिंग (82,81) से होकर सैकड़ों छात्र छात्राएं प्रतिदिन आते जाते हैं। इन दिनों यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू है। छात्रों का कहना है कि परीक्षा देने जाते समय दोनो रेलवे गेट सुबह के समय अक्सर बंद रहते हैं। जाने के लिए और कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है। जिसके कारण वे और उनके अभिभावक गेट पर खड़े होकर उसके खुलने का इंतजार करते हैं। इस चक्कर में वे सेंटर पर पहुंचने में लेट हो जाते है। सुबह के समय घर से जल्दी निकलने पर भी उन्हें बंद क्रासिंग और बाद में उसके जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। बंद गेट देखकर वे तनाव में आ जाते हैं। बंद क्रासिंग की समस्या को झेल रहे बोर्ड के छात्र साहिल, अंशू वर्मा, नैंसी और साहिबा समेत कई छात्र और छात्राओं ने इस समस्या को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के साथ साझा की। उनकी समस्या को रेल मंत्री तक पहुंचाने और इसका निदान करने के उद्देश्य से ग्रुप का एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद से मिला। उन्हें दोनो गेट बंद होने से परीक्षार्थियों को आ रही समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से परीक्षार्थियों के सेंटर पर जाते समय सुबह गेट खोलने की मांग रेलमंत्री से की गई हैं। इसके लिए रेलमंत्री, डीआरएम को ट्वीट भी किया गया है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में अश्वनी केसरवानी, वीके तिवारी, भरत यादव, राजकुमार मोदनवाल, सतेंद्र गुप्ता शामिल रहे।


रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपते हुए

### सड़क हादसे में सात लोग घायल

**प्रतापगढ़।** कुंडा के चौरा भदरी गांव निवासी राजेश कुमरा त्रिपाठी (60) पुत्र राम प्रकाश बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। कुंडा नगर पंचायत के वैष्णों कॉलोनी निवासी पारस नाथ ओझा (71) पुत्र मंगला दत्त ओझा वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर गांव निवासी दीपक प्रजापति (23) पुत्र राम नरेश बाइक से कुंडा की ओर जा रहा था, जैसे ही मेन हाइवे पर पहुंचा वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिछलहला साहूमई गांव निवासी रामराज (38) पुत्र राम सजीवन बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के नया का पुरवा सरांय कीरत गांव निवासी कुलदीप कुमार (38) पुत्र प्रभाशंकर बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। सरांय सैद खां गांव निवासी शनिकुमार विश्वकर्मा (22) पुत्र संदीप विश्वकर्मा बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। महेशगंज थाना क्षेत्र के राजा का पुरवा ऐंधा गांव निवासी शंकर लाल (35) पुत्र विश्वनाथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए।

# देश की सुख शांति व वैभव को सदैव मजबूत बनाती आयी है हमारी राष्ट्रीय एकता : प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रातः बेला में भजन व संकीर्तन की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच सदभावना सभा में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक एवं सूबे की कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती पर पुरजोर आहवान किया। सदभावना सभा का शुभारंभ प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी संदीप के हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ की सुमुधर प्रस्तुतियों से हुआ। वहीं भजन गायिका रूही गुप्ता ने भी सुर व ताल का अनुपम समागम के बीच शिव आराधना के सुमधुर भजन से आडीटोरियम मे मौजूद हजारो हजार दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सभा को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुये राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय एकता की मजबूती चिरकाल से भारत की सुख शांति व वैभव को उज्ज्वल बनाती आ रही है। उन्होनें कहा कि नये भारत के निर्माण में इसे सर्वश्रेष्ठ बनाये रखने के लिए मेलजोल की भावना को हमें निरंतर मजबूती प्रदान करनी होगी। बाबा घुइसरनाथ धाम से आज राष्ट्रीय एकता महोत्सव का संदेश समूचे देश को एकता के सूत्र मे संगठित होने का मार्ग प्रशस्त करने की ओर है। अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा धाम से विकास तथा एकता व भाईचारे की हमारी त्रिवेणी संस्कृति को धार मिला करती है। उन्होनें अब तक हुए सत्ताईस वर्ष के लगातार एकता महोत्सव की उपलब्धियो का खाका खींचते हुये लोगों से क्षेत्र के मजबूत विकास की संरचना को सुदृढ़ करने और शांति तथा खुशहाली के लिए संकल्पबद्ध होने का भी आहवान किया। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज ट्रिपल आईटी की प्रो. डा. विजयश्री सोना रहीं। सभा का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ईओ पदमजा मिश्रा, बीडीओ अश्विनी सोनकर, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रामबोध शुक्ल, आशीष उपाध्याय, डा. अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ल, पप्पू तिवारी, आशुतोष मिश्र, छोटेलाल सरोज, त्रिभु तिवारी, दिनेश मिश्र आदि रहे। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। इसके बाद अपरान्ह बेला तक सांस्कृतिक रंगमंच से भजन व संकीर्तन तथा कठपुतली समेत लोक नृत्य व गीत संगीत की भी सजी महफिल का लोग लुफ्त उठाते रहे।


महोत्सव को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी


एकता महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

## पत्नी के प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर की थी मजदूर की हत्या

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के कटरा मेदनीगंज में मजदूर की उसकी पत्नी के कहने पर प्रेमी ने तीन दोस्त के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने पत्नी, उसके प्रेमी सहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कटरा मेदनीगंज बाजार खास निवासी मजदूर पिंटू (30) की बुधवार रात 9 बजे निमंत्रण में जाते समय गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार दोपहर बाद घर के पास ही सरसों के खेत में उसका शव पाया गया। पुलिस ने उसकी पत्नी राधिका उर्फ रिंकू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी प्रेम कहानी और हत्या के प्लान की जानकारी दी। पुलिस ने रिंकू से पूछताछ के बाद उसके प्रेमी कटरा मेदनीगंज के ही तनवीर आलम को गिरफ्तार कर लिया। तनवीर ने पुलिस को बताया कि पिंटू के घर से निकलने के बाद उसके पास रिंकू का फोन आया तो अपने साथी सादान, रमेश पागल और जीशान के साथ एक जगह बैठा था। पिंटू के आते ही रोककर पहले मुक्के से मारा फिर उसके मफलर से ही गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी पत्नी राधिका उर्फ रिंकू, प्रेमी तनवीर आलम व उसके दोस्त रमेश पागल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिंटू ने कई बार अपने घर में तनवीर को पत्नी के साथ पकड़ा था। इसे लेकर उनमें विवाद हुआ। फिर दोनों ने पिंटू को रास्ते से हटाने की योजना को अंजाम दे दिया। हत्याकांड में शामिल सादान व जीशान की तलाश की जा रही है।

## पुरानी पेंशन के लिए बनाई आंदोलन की रणनीत

**प्रतापगढ़।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार आंदोलन करने की रणनीति बना ली है और इसका कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। इसके तहत कर्मचारी 20 फरवरी को राष्ट्रपति को ऑनलाइन पिटीशन का प्रेषण करेंगे। 21 फरवरी को प्रदेश के सभी रेलवे कार्यालय पर धरना प्रदर्शन व रैली करेंगे। 21 मार्च को जिला मुख्यालयों पर धरना व रैली, 22 मार्च से 21 अप्रैल तक विभिन्न कार्यालयों पर गेट मीटिंग व कार्मिकों को जागरूक करेंगे। 21 मई को जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकालेंगे जिसमें कर्मचारी अपने परिजनों के साथ शामिल रहेंगे। 21 जून को राजधनी लखनऊ में राज्यस्तरीय महारैली, जुलाई अगस्त में नई दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान मेगा रैली निकालेंगे। यह जानकारी जिला संयोजक राजेश मोहन मिश्र व रमाशंकर तिवारी ने संयुक्त रूप से दी है।

### रात में भी स्ट्रांग रूम की होगी निगरानी, अधिकारी तैनात

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल व इण्टर के पेपर पहले से ही परीक्षा केन्द्रों पर ट्रिपल लाक में रखे गये हैं। उसके बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय ने देर रात तक स्ट्रांगरूम पर पैनी नजर रखने के लिए प्रत्येक तहसीलों में अधिकारियों की तैनाती की है। हर तहसीलों में दो सदस्यीय टीम परीक्षा समाप्ति के बाद देर रात तक कहीं पेपर आउट तो नहीं होने जा रहा है इस बात की तहकीकात करेंगे। डीआईओएस ने तैनात किये गये अधिकारियों से शासनादेश का हवाला देते हुए कहा है कि अपने-अपने तहसीलों में परीक्षा केन्द्रों का सघनता से निरीक्षण करें। स्ट्रांगरूम सही से सील है और चैबीस घंटे सीसीटीवी की निगरानी में है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम की चाभी शासनादेश के आदेशानुसार पालन हो रहा है या नहीं। चाभियॉ स्टैटिक मजिस्टेज्ट के पास होना जरूरी बताया गया है। डीआईओएस डा0 ओपी राय ने बताया कि रात में भी परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांगरूम को चेक करने का विभागीय आदेश हुआ है। जिसके लिए हम लोग रात में निकलकर परीक्षा केन्द्रों पर जा रहे हैं। डीआईओएस डा0 ओपी राय ने बताया कि जिले के चालीस परीक्षा केन्द्रों का परीक्षा के दौरान निरीक्षण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। जिसमें सकुशल परीक्षा सम्पादित हो रही है।

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दो घायल

**पट्टी।** जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये। दोंनो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने गये। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गडौरी खुर्द गांव के रहने वाले शिवकुमार व सूरज कुमार का पड़ोसियों से जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी को लेकर शनिवार सुबह दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में शिव कुमार व सूरज को गंभीर चोट आई। डायल 112 को सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल करने के बाद घायलों को पट्टी सीएचसी लेकर आयी। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद शिवकुमार की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### पिकअप व बाइक में टक्कर दो घायल, रेफर

**पट्टी।** पिकअप डाला और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार एक युवक व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पिकअप डाला चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भेजा। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक चालक सुमित कुमार चैरसिया (22) पुत्र श्यामू चैरसिया व सरोजा देवी पत्नी शिवकरण चैरसिया जौनपुर के कदवा कोधुवा बाजार से पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सारडीह गाँव जा रहा था। बीबीपुर नहर पुलिया के पास पहुंचने पर सैफाबाद की तरफ से रही तेज रफ्तार पिकअप डाला से बाइक की टक्कर हो गई। दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप डाला चालक गाड़ी छोड़कर वहां से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पट्टी भेजा। जहां पर हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# रंगारंग कार्यक्रमों से हुआ शिवाला महोत्सव का आगाज

**महोत्सव**

**पूरे ईश्वरनाथ में पहले दिन नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रम**

**प्रतापगढ़।** पूरे ईश्वरनाथ में आयोजित दो दिवसीय पांचवा शिवाला महोत्सव के पहले दिन नन्हें-मुन्ने बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

आरडीएन झांकी ग्रुप के डायरेक्टर धर्मेंद्र लहरी के नेतृत्व में अंकित सम्राट, विंदू राज, ज्ञान प्रताप, आकाश पटेल, शिव शेष पटेल सहित अन्न कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से महौल को भक्तिमय बना दिया। शंकर- पार्वती के दृश्य में विंदू राज व ज्ञान प्रताप की प्रस्तुति पर शिव भक्तों ने हर-हर महादेव के जमकर जयकारे लगाए। बतौर अतिथि शामिल हुए परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रदीप शुक्ल व अधिवक्ता अभिषेक तिवारी एवं सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक आर०एन०शुक्ला द्वारा कलाकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने अपने संबोधन में महोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिवाला महोत्सव पूरे ईश्वरनाथ दो दिवसीय रुप लेकर जो आज पांचवें वर्ष में पहुंचा यह महोत्सव आने वाले समय में समूचे प्रदेश में अपनी एक अमिट छाप स्थापित करते हुए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल ने कहा कि शिवाला महोत्सव की नींव रखने वाले आयोजक व संयोजक के सामूहिक प्रयास व अथक परिश्रम से पूरेईश्वर शिवाला महोत्सव समूचे जिले में अपना एक अमिट स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान अतिथियों का महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल एडवोकेट ने सहयोगी कुमार धीरेंद्र शुक्ल के साथ बैंच व अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया। समाजसेवी पंडित दयाशंकर शुक्ल ने महोत्सव के प्रथम दिवस के समापन की घोषणा किया। इस दौरान कैलाश गुप्ता, गया प्रसाद शुक्ल, राजेश्वर तिवारी, अधिवक्ता शहनवाज, अभिषेक दूबे मोनू, सीएम शुक्ला, गुरु मणि शुक्ल, राजमणि, मंगल पाल, गुड्डू वर्मा, अवधेश उपाध्यक्ष सहित आदि सहयोगी गण के साथ भारी संख्या में शिव भक्तों की मौजूदगी रही।




शिवाला महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## जनसंपादकीय

# राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है

**हृदयनारायण दीक्षित**



भारत अखण्ड सत्ता है। दुनिया की सभी सभ्यताओं की तुलना में यहाँ विशेष प्रकार की संस्कृति प्रवाहमान है। दार्शनिक स्तर पर सभी जीव और मनुष्य एक ही परमसत्ता की अभिव्यक्ति हैं। लेकिन सामाजिक व्यवहार में जाति आधारित विभाजन हैं। बहुत पहले वर्ण भी थे। वे वस्तुतः व्यवसाय या दृष्टिकोण आधारित वर्ग थे। समाज का एक वर्ग मनु को जातिव्यवस्था का जन्मदाता बताता है। जाति पाति की राजनीति करने वाले लोग इसे मनुवाद भी कहते हैं। डॉ० बी० आर० आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में 'भारत में जातियां' शीर्षक शोधपत्र 9 मई 1916 के दिन पढ़ा था। इस वक्तव्य में उन्होंने मनु को जातिव्यवस्था का जनक न मानते हुए कहा, "मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि जाति धर्म का नियम मनुप्रदत्त नहीं है। जाति मनु के पहले से थी।" डॉ० आंबेडकर संभवतः मनुस्मृति के रचनाकार माने जाने वाले मनु का उल्लेख कर रहे थे। निस्संदेह जातियां मनुस्मृति के रचनाकाल के पहले भी थी। लेकिन ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति का विकास नहीं हुआ था। ऋग्वेद में जन्मना और कर्मणा जाति विभाजन का उल्लेख नहीं मिलता। लेकिन मनु ऋग्वेद में भी हैं। मार्क्सवादी विचारक डॉ० रामविलास शर्मा ने 'इतिहास दर्शन' (पृष्ठ 25) में लिखा है, "यह तथ्य बहुत महत्वपूर्ण है कि ऋग्वेद में मनु के नाम और कार्यों का उल्लेख बार बार हुआ है। परन्तु जलप्रलय का उल्लेख अथवा उसकी ओर संकेत एक बार भी नहीं हुआ है। यह तथ्य ऋग्वेद के मनु को पुराणों की कथाओं के मनु से अलग करता है।" मनु प्राचीन भारतीय इतिहास, पुराण और संस्कृति में अटूट परंपरा हैं। भारत के राष्ट्रजीवन में मनु आश्चर्यजनक जिज्ञासा हैं। जातिवादी राजनीति उन्हें कोसती है। वर्णव्यवस्था जातिव्यवस्था का जन्मदाता बताती है। जाति उद्भव का समय और जन्मदाता खोजे नहीं मिलता। मनु की निंदा चलती है। उनके नाम के बहाने मनुवाद की चर्चा चलती है। मनु की तरफ से कोई नहीं बोलता। उनका कोई प्रचारक भी नहीं है। वे एक जीवंत हीरो की तरह प्रशंसा और निंदा पाते हैं।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विवेचन में मनु एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं। मनु को लेकर अनेक प्रश्न उठते हैं। पहला प्रश्न यही है कि क्या वे हम सब की तरह साधारण मनुष्य थे? यदि हाँ तो वे कब पैदा हुए? वे कौन थे? क्या मनुस्मृति नाम की पुस्तक उन्होंने ही लिखी थी? मनुस्मृति की भाषा व्याकरण सम्मत है और परिष्कृत भी है। स्पष्ट है कि मनुस्मृति की रचना व्याकरण के विकास के बाद की है। ऋग्वेद की भाषा इससे भिन्न है। ऋग्वेद वाले मनु मजेदार पात्र हैं। ऋग्वेद के ऋषि अपने समकालीन ऋषियों की तुलना में मनु को और भी प्राचीन बताते हैं। मनु ऋग्वेद के ऋषियों से भी प्राचीन हैं। ऋग्वेद (1.80.16) में ऋषि इन्द्र की स्तुति करते हैं, "पिता मनु, ऋषि अथर्वा और दध्यंग ने पहले भी इन्द्र की स्तुतियां गाईं थी।" ऋग्वेद के ऋषि मनु को पिता के रूप में याद करते हैं। (वही 1.114.2) देवों की कुछ स्तुतियों की रचना ऋग्वेद से भी पुरानी है। मनु अग्रज पूर्वज हैं। वैदिक साहित्य में जाति व्यवस्था के लिए मनु का उल्लेख कहीं नहीं है। वर्ण और जाति देवताओं के गढे नहीं है। महाभारतकाल में श्र्रम के विशिष्टीकरण के कारण गण टूटते दिखाई पड़ते हैं। तब वर्ण या वर्ग व्यवस्थित हो रहे थे। वे जन्मना नहीं थे।


जाति और वर्ग सामाजिक विकास का परिणाम हैं। महाभारत के गीता वाले अंश में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि, "मैंने गुण और कर्म के आधार पर चार वर्ण बनाए।" अर्थ स्पष्ट है कि पहले वर्ण नहीं थे। वर्ण और जाति का निमार्ता कोई देवता या ईश्वर नहीं है। देवता या सर्वशक्तिमान ईश्वर वर्ण बनाता तो ऋग्वेद के पहले ही बना डालता। गीता में वर्ण तो हैं लेकिन गुण और कर्म आधारित हैं। जन्म आधारित नहीं। मनु ने भी वर्ण व्यवस्था नहीं बनाई। ऋग्वेद में ऋषिकर्म की प्रशंसा है। ऋषि के अनुसार "अश्विनीदेवों ने हल चलाए।" हल चलाने का उनका उद्देश्य समृद्धि था। ऋग्वेद (8.22.6) में कहते हैं, "अश्विनीदेवों ने मनु की समृद्धि के लिए हल चलाया। अग्नि से मनुष्य जाति का परिचय बड़ा पुराना है। अग्नि की जानकारी से सारी दुनिया में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं।

क्रोनोलॉजी के विद्वान असीमोव ने लिखा है कि अग्नि का परिचय विश्व इतिहास की क्रांतिकारी घटना है। दुनिया को अग्नि की जानकारी कब हुई? इसके इतिहास का प्रस्थानबिंदु जानना कठिन है। लेकिन ऋग्वेद (7.2.3) में कहते हैं, "यज्ञ के लिए मनु ने अग्नि प्रज्वलित की।" ऋषि अग्नि से कहते हैं, "हे प्रकाशरूप अग्नि मनु ने लोककल्याण के हित में सदा के लिए अग्नि की स्थापना की।" (वही 1.36.19) मनु सामान्य व्यक्ति नहीं जान पड़ते। एक मंत्र (2.33.13) में कहते हैं, "उन्होंने ही दिव्य औषधियों की खोज की। मनु का उल्लेख तैत्तिरीय संहिता में है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार मनु ने अपनी सम्पदा पुत्रों में बाँट दी। वैदिक वांग्मय व वैदिक साहित्य में मनु का अनेकशः उल्लेख है। लेकिन जाति वर्ण बनाने के लिए कोई उल्लेख नहीं है।

मनु प्रतिष्ठित पूर्वज थे। भारत रत्न डॉ० पी० वी० काणे ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' (खण्ड 1 पृष्ठ 42) में लिखा है, "मनुस्मृति का प्रणयन किसने किया? आदि पूर्वज मनु ने इसका प्रणयन नहीं किया। इसका व्याकरण पाणिनि सम्मत है।" काणे ने बताया है कि मनुस्मृति की प्राचीनतम टीका मेघातिथि (900 ईस्वी) की है। काणे कहते हैं कि, "मनुस्मृति की रचना ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी या ईसा बाद दूसरी शताब्दी के बीच हुई होगी। मनुस्मृति के कुछ अंश आधुनिक समाज की संगति में नहीं बैठते। मनुस्मृति बाध्यकारी संहिता नहीं है। इसके कुछ अंश आपत्तिजनक कहे जा सकते हैं। मनु एक पहेली जान पड़ते हैं। महाभारत के शांतिपर्व में मनु और बृहस्पति की बातचीत है। इसके अनुसार एक समय देवों और ऋषियों में प्रधान महर्षि बृहस्पति ने मनु को प्रणाम कर के पूछा कि "जो इस जगत का कारण और वैदिक कर्मों का अधिष्ठान है, मन्त्रों द्वारा जिसका ज्ञान नहीं हो सकता, मुझे वही तत्व बताइये।" इसके पहले बृहस्पति ने मनु को अपने अध्ययन व गैरजानकारी की सीमा बताई और कहा "मैंने ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, ज्योतिष, निरुक्त, व्याकरण आदि का अध्ययन किया लेकिन मुझे मूल तत्व का ज्ञान नहीं है।" ध्यान देने योग्य बात यह है कि यहाँ विद्वान बृहस्पति भी मनु को प्रणाम करते हैं। तमाम विषयों के जानकार होने के बावजूद तत्वज्ञान न जानने की लाचारी बताते हैं। मनु ने बृहस्पति को बताया, "प्रिय विषय सुख है। अप्रिय दुख है। मनचाही प्राप्ति और अनिष्ट निवारण के लिए कर्म हैं। मन और कर्म से संसार की सृष्टि हुई है। अक्षर से आकाश। आकाश से वायु। वायु से अग्नि। अग्नि से जल। जल से पृथ्वी और पृथ्वी से पार्थिव जगत की उत्पत्ति हुई है। वे सत्य और ब्रह्मतत्व की व्याख्या भी करते हैं।" ऐसे परम विद्वान जाति वर्ण के जन्मदाता कैसे हो सकते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक कर्यकर्ता संवेदनशील विषयों को भी समग्रता में लेकर वक्तव्य नहीं देते। वे समाज विभाजक का काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है।

**( लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)**

## जय चक्रवर्ती की दो गजलें



1.
लिखने-भर को ही लिखते हो,या फिर कुछ सच भी लिखते हो?
'ना' को 'ना' लिखना आता है,अथवा केवल 'जी' लिखते हो?
लिख न सके यदि अपने युग को,समझो तुम फर्जी लिखते हो.
क्यों लिखते हो, पहले सोचो,फिर लिक्खो जो भी लिखते हो.
लिक्खो औरों की भी पीड़ा,क्यों केवल अपनी लिखते हो?
जैसा लिखते, दिखते हो क्या,या यूँ ही खाली लिखते हो?
किसकी जय गाथा लिखनी थी,सोचो, तुम किसकी लिखते हो.

2.
लगाए काम की उम्मीद बच्चे,सड़क पर हैं सवेरे से इकट्ठे.
महज दो जून की रोटी के बदले,बिके श्रम-देवता सस्ते से सस्ते.
मरे भूखे बेचारे अन्नदाता,मजे में थे मगर सारे निकम्मे.
कभी हारे न अपनी मुफलिसी से,लड़े हम अंत तक होकर निहत्थे.
हुआ दस साल आगे उम्र से मैं,कोई जब बोला-दादा जी नमस्ते.
नया इक शौक राजा को लगा है,उतारे घूमता है कपड़े-लत्ते.
कहाँ कैसे दिखें बोलें चलें हम,सिखाते अब हमें बच्चों के बच्चे.

# उत्तर सत्य: एक जरूरी पोस्ट-मार्टम

## विशेष

**सुशील द्विवेदी**



सुशील द्विवेसदी रजनीतिक-ज्ञानमीमांसा और ज्ञान की सत्तात्मकता की दृष्टि से उत्तरसत्य (पोस्ट-ट्रुथ ) एक असफल अवधारणा है। उत्तर सत्य और राजनीति के बीच का संबंध हमारी अस्मिता को अपंग करता है और सत्तावाद को प्रोत्साहित करता है। यह 'हमारे समय' की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए खतरनाक है । दूसरे दशक की कविता उत्तरसत्य की कविता है ' उत्तर सत्य के मूल में अतिसाम्प्रदायिकता, भय, झूठ, अविश्वास, बहु छद्मव्यक्तित्व, अस्थिरता, चयन की बहुस्तरीयता, सस्ती दैहिकता (सॉफ्ट पोर्न) और भाषा के प्रति सस्ता सम्मोहन दिखाई पड़ता है । कविता इससे मुठभेड़ करती है।इस दशक का कवि सस्ते सम्मोहन के कारण कभी-कभी विवेक भी खो बैठता है और 'उदासी सत्रहवाँ श्रृंगार है' कहने की भूल करता है। वह नौकरशाही, सरकार और सस्ती लोकप्रियता के आगे नतमस्तक हो जाता है ' क्या आज हम राजनीति, समाज, जनतंत्र के विषय में गंभीरता से विचार कर रहे हैं, क्या हम पहले से अधिक हिंसात्मक हुए हैं, क्या धार्मिक कट्टरता के प्रति हम सम्मोहित हो रहे हैं, ऐसे कई जरूरी सवाल हमारे समय के सवाल हैं। यह 'हमारा समय' जिस समय में हम रह रहे हैं, को उत्तरसत्य या सत्योत्तर या सत्यातीत युग (पोस्टट्रुथ एरा) की संज्ञा दी गयी है । यह 'उत्तरआधुनिकता' के बाद का समय है। सर्बियन-अमेरिकी पटकथा लेखक और नाटककार स्टीव टेसिच ने 1992 में उत्तर अमेरिकी जनता पर राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के प्रशासन द्वारा झूठ को चुपचाप स्वीकार कर आरोप लगाने के लिए 'पोस्ट-ट्रुथ' शब्द का प्रयोग किया था । 1992 में इस शब्द का आशय लोगों की समझ में नहीं आया। इसके ठीक 12 वर्ष के बाद रॉल्फ कीज ने पोस्ट-ट्रुथ एरा (2004) शीर्षक से पुस्तक लिखी। यह पोस्ट ट्रुथ एरा पर लिखी गयी पहली किताब है। 2010 में ब्लॉगर डेबिट रॉबर्ट्स ने एकेडमिक पॉलिटिकल साइंस के नये निष्कर्षों का सर्वेक्षण करते हुए यह पाया कि राजनीति-व्यवहार में बदलाव आ चुका है।ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर द जर्मन लैंग्वेज ने पोस्ट-ट्रुथ को वर्ष 2016 के शब्द के रूप में चुना । इसकी लोकप्रियता अभी भी बढ़ रही है, न केवल मीडिया में बल्कि ज्ञान विज्ञान के अध्ययन क्षेत्रों में भी। उत्तर सत्य अपने लक्षण, व्यवहारों के कारण अपने आप में दिलचस्प है । यह ज्ञानमीमांसा और राजनीति दोनों के लिए खतरा है। यह सत्य और राजनीति के बीच संबंधों का सरलीकरण कर हमारी समझ को पंगु बना देता है और अधिनायकवाद को प्रोत्साहित करता है।

उत्तर सत्य परिभाषित अवधारणा नहीं है । इसके लक्षणों, प्रयोगों के आधार पर इस समय को 'उत्तर सत्य युग' कहा गया है ' ब्रिटेन के ब्रेक्जिट पोल और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की बढ़ती लोकप्रियता ने पोस्ट ट्रुथ को गति प्रदान की है और यह माना जाने लगा कि इस समय अपनी पसंद के आँकड़ों को चुनना, मनमाना निष्कर्ष निकालना और उन्हें आबादी के एक बड़े हिस्से में स्वीकृत करा लेना अब बेहद आसान हो गया है जबकि तथ्यात्मक रूप से निराधार ऐसे निष्कर्षों को उपयुक्त चुनौती नहीं मिल रही है। पर ऐसा नहीं है कि लोगों की भावनाओं को उभारने के लिए अर्द्धसत्य का प्रयोग इससे पहले नहीं हुआ। लेकिन तथ्यों को सत्य से परे प्रस्तुत करना और अफवाह आधारित धारणाओं को समाज में इतना सम्मान और समर्थन कभी नहीं मिला था जितना कि आजकल मिल रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद इस दिशा में अधिक सफलता मिली है। सीमित जानकारी से निकलना हुआ सत्य आज दुनियाभर में लीडरशिप का सत्य बनता जा रहा है?। अमेरिका, ब्रिटेन, इराक, अफगानिस्तान, म्यामार, भारत जैसे देशों में अब यह सामान्य अर्थ में ग्रहण किया जाने लगा है। समाचार पत्रों और अन्य मीडिया में अक्सर अतिहिंसा, साम्प्रदायिकता व विश्वविद्यालयों से संबंधित घटनाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। जामिया, जेएनयू, अलीगढ़ या जर्मनी के विश्वविद्यालयों के सन्दर्भ में छात्र हिंसा,बर्बरता और उन्हें बहिष्कृत करने की घटनाएँ देखी जा सकती हैं। जर्मनी के विश्वविद्यालयों में वामपंथी कार्यकर्ताओं के वर्चस्व, बहिष्कार, हिंसात्मक होने की बात दक्षिण पंथी लोगों द्वारा की जाती रही है।

मैथ्यू डी एनकोना पोस्ट-ट्रुथ के चिंतकों में शामिल हैं। हालाँकि इंटरनेशनल न्यूयार्क टाइम्स और द गार्जियन में नियमित रूप से प्रकाशित उनके आलेखों को अवश्य पढ़ना चाहिए। मैथ्यू डी एनकोना का मानना है कि 'हम प्रोपेगैंडा, विचार, झूठ और सत्य की अवहेलना करते हुए इनमें फर्क करना भूल गये हैं। यह भूलने का विचार ही उत्तर सत्य है । विन्सेन्ट एफ. हेन्ड्रिक्स और मैड्स वेस्टरगार्ड ने कहा है कि 'पोस्ट-ट्रुथ प्रोपेगैंडा और अर्द्धसत्य से अलग है क्योंकि इस झूठ या प्रोपेगैंडा पर विश्वास किया जाता है और इसलिए इसे प्रोपेगैंडा या झूठ के रूप में आमतौर पर स्वीकार नहीं किया जाता है।' यह पोस्ट ट्रुथ प्रोपेगैंडा या राजनीतिक झूठ का एक सामान्य विचार भर है। एक ओर, 'पोस्ट ट्रुथ' निश्चित रूप से विश्वास दिलाता है, हालाँकि उसका उद्देश्य लोगों को विश्वास दिलाकर उनको उद्वेलित करना है। बल्कि यह कहना चाहिए कि यह मूर्खतापूर्ण और असत्य बयानों को सत्य के रूप में बदल देता है और वह घटना सामान्य प्रतीत होने लगती है। दूसरी ओर, प्रोपेगैंडा और राजनीतिक-झूठ अक्सर दूसरों पर शक्ति-प्रदर्शन करने के लिए किया जाता है ताकि वे झूठ को सही ठहरा सकें ।

'पोस्ट-ट्रुथ एरा' में ज्ञान की सत्ता को चुनौती दी गयी है। तर्क और विवेक को झुठला कर लोगों को वैकल्पिक -सत्य की अनुभूति करवाना, इसका लक्ष्य बन गया है । डी.एनकोना के शब्दों में झ'उत्तर सत्य अक्सर अपने असत्य-दावों को सही ठहराने की अपील करता है और हमें इसका भरोसा दिलाता चलता है।' हम विचारक, नागरिक, विशेषज्ञ, राजनेता किस पर भरोसा करें ? यह हमें कौन बताएगा कि अंधविश्वास और विश्वास में कितना महीन फर्क है ? विश्वास दिलाने के ये नये तरीके अक्सर अविश्वास में बदल जाते हैं । शासक के झूठे समाचार और झूठे विशेषज्ञ हमारे न चाहने के बावजूद हमारे जीवन में अहर्निश प्रवेश कर रहे हैं । हम 'इनटेलक्चुअल मिस्ट्रस्ट' का शिकार हो रहे हैं। इतिहास, धर्म, विचार, ज्ञान, दर्शन के सवाल हमारे मन में स्वाभाविक रूप से आते हैं किन्तु अब हमें इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया जाता है। लुइस एल्थुस का मानना है कि हमारी सामाजिक प्रथाएं न तो विचारधारा में न तो विकृत या न ही अविकृत रूप में पायी जाती हैं। उनका निष्कर्ष स्वयं विचारधारा के बजाय विचारधारा को उत्पन्न करने वाली प्रथाओं के विश्लेषण के सन्दर्भ में है।

सत्य और राजनीति के बीच का सम्बन्ध असत-ख्याति का सम्बन्ध है जो मौजूद नहीं है, उसकी मौजूदगी का एहसास दिलाना, असत-ख्याति है। 'पोस्ट-ट्रुथ एरा' सत्य और राजनीति के बीच किसी आदर्श की वकालत नहीं करता अपितु यह पूर्व निर्धारित तथ्यों, तर्कों से सत्य को असत्य घोषित करने की माँग करता है। इसकी बुनियादी बातें, पहली दृष्टि में सामान्य लेकिन बेहद प्रभावशाली दिखाई देती हैं, यह गंभीर बात है कि सत्य शायद ही कभी हमारी सबसे महत्वपूर्ण असहमतियों को हल करने में मदद करता है। इसका सत्य को राजनीति के विरोधी चरित्र के रूप में अंगीकार किया है।जॉन रॉल्स और हन्ना अरेंड्ट के विचार इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण हैं। उनका मानना है कि सत्य और राजनीति के बीच का संघर्ष दो ताकतों के बीच का सम्बन्ध है।

17 वीं शताब्दी में यूरोप खासकर लन्दन धर्म, सम्प्रदाय, भय और हिंसात्मक युद्धों के लिए जाना गया। लोगों को भयभीत करने के लिए टेम्स के पुल पर अपराधियों के सिर काटकर लटका दिए जाते थे। शासक के संप्रदाय से भिन्न किसी अन्य संप्रदाय को गिरजाघर में उपदेश सुनने की सजा मौत थी। ऐसे समय में सत्य और राजनीति के बीच के संबंध पर विचार करना अनिवार्य हो जाता है। जॉन रॉल्स का मानना है कि आधुनिक लोकतांत्रिक समाजों में पाए जाने वाले उचित व्यापक धार्मिक-दार्शनिक और नैतिक सिद्धांतों की विविधता केवल एक ऐतिहासिक स्थिति नहीं है। यह लोकतंत्र की सार्वजनिक संस्कृति की एक स्थायी विशेषता है। मुक्त संस्थानों के बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रताओं द्वारा सुरक्षित राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के तहत परस्पर विरोधी और अप्रासंगिक होने पर भी उनके मूल्य विचारणीय हैं। सत्य और राजनीति के बीच संबंध के सन्दर्भ में, रॉल्स के तीन महत्वपूर्ण तर्क हैं- पहला, सिद्धांतों का बहुलवाद न तो एक क्षणिक ऐतिहासिक स्थिति है और न ही हल की जाने वाली समस्या बल्कि आधुनिकता की एक स्थायी स्थिति है। यह कोई समस्या नहीं है जिसे हल किया जाना चाहिए। रॉल्स का तर्क है कि लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण समाज नैतिकता को प्रोत्साहित करता है । रॉल्स ने कहा है कि 'एक व्यापक धार्मिक, दार्शनिक या नैतिक सिद्धांत पर सहिष्णुता को केवल राज्य शक्ति के दमनकारी उपयोग से ही बनाए रखा जा सकता है।' उनका संदेह है कि एक स्वतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में बहुलवाद कायम रहना और बढ़ना तय है।

दूसरा मत बहुलवाद केन्द्रित है। केवल यह नहीं है कि हम अपने समाज में विभिन्न नैतिक, राजनीतिक या सौंदर्यवादी सिद्धांतों का एक विशाल गृह है बल्कि यह समझें कि परस्पर जुड़े निर्णयों का समूह जो जीवन में बुनियादी मूल्यों और उनकी भूमिका को परिभाषित करता है। रॉल्स पारस्परिकता के एक नैतिक आदर्श पर विश्वास रखते हैं, और वह ऐसे सिद्धांतों को स्वीकार करते हैं जो सार्वजनिक हितों की रक्षा करते हैं।

तीसरा मत, रॉल्स उचित असहमति की संभावना को मानते हैं जो उनके विशेष बहुलवाद के तथ्य के परिणामों को काफी कमजोर करता है। क्योंकि उनका तर्क है कि उचित असहमति बाधाओं से उत्पन्न होती है ।हम परस्पर विरोधी और जटिल साक्ष्य का सामना करते हैं, भले ही हम कुछ कारणों से सहमत हों । हम कैसे तर्क करते हैं, यह हमारे पूरे जीवन से प्रभावित होता है। मूल्यों के साथ न्याय करना मुश्किल है । सभी मूल्यों को एक ही समय में महसूस नहीं किया जा सकता है, इसलिए प्राथमिकताओं के बारे में निर्णय आवश्यक हैं। हालाँकि ये निर्णय विवादास्पद हैं । इसके अलावा, हमारे आसपास के वातावरण में उचित असहमति के कारण मौजूद हैं।

उत्तर सत्य का सापेक्षवाद से गहरा सम्बन्ध है । हम एक सापेक्षवादी या संदेहवादी स्थिति में हैं। हम अभी भी अपने विश्वासों को सर्वोत्तम न्यायोचित ठहरा सकते हैं। रॉल्स का दृढ़ विश्वास केवल इस बात की पुष्टि करता है कि हम इन औचित्यों की सीमाओं का पालन करते हैं जो हमें उन लोगों के बारे में सोचने और करने की अनुमति देते हैं जो उनके द्वारा आश्वस्त नहीं हैं । फिर भी इसका मतलब यह है कि एक ओर हम केवल उचित राजनीति के लिए सत्य की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, हम जिस भी बहस में संलग्न हैं, उसमें असत्य भारी पड़ रहा है । हमें यह महसूस करने के लिए मजबूर करता है कि सत्य राजनीतिक बहसों को हल नहीं करता है । हम शायद ही सत्यों के सारगर्भित बहुलवाद की बात करें।यह केवल राजनीतिक सिद्धांत में अल्पसंख्यक दृष्टिकोण की बात नहीं है, जिसे सत्य के लिए 'उत्तर आधुनिक' अवमानना ????के रूप में अक्सर निंदा की जाती है। इसके विपरीत, उचित बहुलवाद के प्रति प्रतिबद्धता न राजनीतिक उदारवाद तक सीमित है और न ही उत्तर-संरचनावादी राजनीतिक दर्शन, कट्टरपंथी लोकतांत्रिक सिद्धांत या विखंडनवाद तक। यदि हम उचित बहुलवाद के तथ्य की पूरी ताकत को स्वीकार करते हैं, तो हम देख सकते हैं कि कैसे आधुनिक राजनीतिक दर्शन सत्य की बहुलता को मानने में असामान्य सहमति में है।

अपने प्रसिद्ध निबंध 'ट्रुथ एंड पॉलिटिक्स' (2006) में, हन्ना अरेंड्ट ने राजनीति और सत्य के बीच संघर्ष के लंबे इतिहास का वर्णन किया है। राजनेताओं को कभी भी, विशेष रूप से, ईमानदार नहीं माना गया है। उनका तर्क विरोधों की एक श्रृंखला पर टिका है। एक ओर, हमारे पास बहुलता, भविष्य-निर्देशित कार्यों और झूठ के दायरे के रूप में राजनीति है; दूसरी ओर, हमारे पास दार्शनिकों और वैज्ञानिकों का क्षेत्र है जिसमें सत्य सोचने के लिए निर्णायक भूमिका निभाता है। राजनीति दूसरों के साथ और आवश्यक रूप से दूसरों की राय से कार्य करने का एक तरीका है। इसका उद्देश्य एक साझा यथार्थ बनाना है जिसमें हम एक साथ जीवन जी सकें। विज्ञान और दर्शन का संबंध ज्ञान से है, अभिनय से नहीं और सत्य की खोज करना उसके मूल में है । इस सत्य को अन्य मतों के साथ समान आधार पर मात्र मत मानना भी सत्य का अवमूल्यन करना है।

हन्ना अरेंड्ट ने 'तर्कसंगत' और 'तथ्यात्मक सत्य' के बीच के सम्बन्ध को स्पष्ट किया है । तर्कसंगत सत्य के उदाहरण गणितीय और वैज्ञानिक विधियों द्वारा दिए जाते हैं। त्रिभुज में सभी कोणों का योग 180 डिग्री है; प्रत्येक क्रिया समान बल की प्रतिक्रिया का कारण बनती है। तथ्यात्मक सत्य के उदाहरण ऐतिहासिक घटनाओं का अस्तित्व है जैसे तथ्य यह है कि १९४७ में भारत आजाद हुआ। अरेंड्ट का तर्क है कि तर्कसंगत सत्य और राजनीति के बीच ऐतिहासिक रूप से संघर्ष अब सामान्य हो गया है, तर्कसंगत सत्य को अब स्वीकार किया जाता है। आज तथ्यात्मक सत्य राजनीति के खतरे में है- और यह तर्कसंगत सत्य की तुलना में अधिक संवेदनशील है । एक ऐतिहासिक तथ्य को उसके सभी निशान मिटाकर हमारे ज्ञान से अलग किया जा सकता है। यह एक तर्कसंगत सत्य तथ्य के साथ भी हो सकता है, लेकिन तर्कसंगत सत्य अपरिवर्तनीय सत्य है, उसे फिर से खोजा जा सकता है। इसलिए तर्कसंगत सत्य उनके अभिलेखों पर निर्भर नहीं करते हैं जैसा कि तथ्यात्मक सत्य करते हैं। तथ्यात्मक सत्य राजनीति के लिए महत्वपूर्ण है । फिर भी हम तथ्यात्मक सत्य और राजनीति के बीच संघर्ष देखते हैं, क्योंकि जब राजनीति की बात आती है तो तथ्यात्मक सत्य का निरंकुश चरित्र दिखाई देता है। समस्या यह है कि तथ्यात्मक सत्य, अन्य सभी सत्यों की तरह, अनिवार्य रूप से स्वीकार किए जाने का दावा करता है और बहस को रोकता है । यदि राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सत्य से निपटने वाले विचार और संचार के तरीके मजबूत हुए हैं । तथ्यात्मक सत्य राजनीति की एक बाहरी सीमा है, और विशुद्ध रूप से राजनीतिक । उत्तर सत्य सत्य की मौलिकता को विद्रूप करता है। आज जितने ऐतिहासिक तथ्य हैं उन्हें झुठलाया जा रहा है। धार्मिक प्रतीकों, ज्ञान विज्ञान और तर्क के मूल्यांकन पर जोर दिया जा रहा है।

आठवें दशक के बाद हिन्दी कविता की काव्यधारा अवरुद्ध हुई और उसका स्थान दलित व स्त्री विमर्श की कविताओं, कहानियों ने ले लिया। लिहाजा शताब्दी के अंतिम दशकों में कविता के परम्परागत मूल्यों में बदलाव आया। यह बदलाव अपेक्षाकृत अधिक यथार्थ और आक्रोशपूर्ण था। दूसरे दशक की कविता उत्तर सत्य की कविता है। उत्तर सत्य के मूल में अतिसाम्प्रदायिकता, भय, झूठ, अविश्वास, बहु छद्मव्यक्तित्व, अस्थिरता, चयन की बहुस्तरीयता, सस्ती दैहिकता (सॉफ्ट पोर्न) और भाषा के प्रति सस्ता सम्मोहन दिखाई पड़ता है। कविता इससे मुठभेड़ करती है । वस्तुतः दूसरे दशक की हिन्दी कविता समय की तीव्र धारा से संपृक्त कविता है। वह अधिनायकवाद से मुठभेड़ करती हुए स्वस्थ जनतंत्र की मांग करती है। धर्म, बाजार, सियासत, राजनीति से मुक्त कर किसानों मजदूरों, स्त्रियों, युवाओं के लिए उत्तर सत्य से लड़ने का रास्ता अख्तियार करती है।

# व्यंग्य में सामाजिक सरोकार

## विमर्श

**राजेंद्र वर्मा**



व्यंग्य का काम है कि समाज, राजनीति आदि अनेक क्षेत्रों में फैली विसंगतियों की पहचान करना और उसे पर यथेष्ट प्रहार करना। साथ-ही, उसका उद्देश्य शोषण या शोषित को निशाने पर लेना है। अतः व्यंग्यकार की प्रतिबद्धता शोषित के पक्ष में होनी चाहिए और उसे जनोन्मुख होना चाहिए ताकि यथास्थिति में परिवर्तन हो। विभिन्न सत्ताओं में जो गड़बड़ियाँ व्याप्त हैं, व्यंग्य उसके खिलाफ खड़ा होता है। इसीलिए व्यंग्य को सत्ता का स्थायी प्रतिपक्ष कहा गया है। इसे व्यंग्य या व्यंग्यकार का सरोकार भी कहा जा सकता है।

व्यंग्य में सरोकार पर, परसाई जी के विचार बहुत प्रासंगिक हैं, 'यदि व्यंग्य लेखक को मानव जीवन से सरोकार न हो तो वह क्यों रोए कि भाई मेरे! तुममें यह बुराई है। तुम अच्छे हो जाओ।'

दूसरे शब्दों में, व्यंग्य लेखक के मन में जो करुणा होती है वह दूसरों को सुधारने में प्रकट होती है। इस दृष्टि से यह उसका सरोकार ही है कि वह दुनिया को अच्छा देखना चाहता है। व्यंग्यकार आम आदमी की पीड़ा से दुखी होता है और रचना में व्यंग्य ढालता है, जैसे परसाई जी की 'भोलाराम का जीव'। इसी प्रकार, पाखंड के विरोध में 'वैष्णव की फिसलन' को देखा जा सकता है।

जहाँ तक व्यंग्य के सामाजिक सरोकार का प्रश्न है, समाज की हर विसंगति उसके निशाने पर होती है। साम्प्रदायिकता, सामाजिक विषमता, वर्ग-भेद, जातिभेद, धार्मिक पाखंड जैसे कितने ही मुद्दे हैं जिन पर विस्तार से चर्चा, विश्लेषण और विसंगति के कारकों पर व्यंग्यात्मक प्रहार की जरूरत होती है। व्यंग्य-रचना का उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि वह पाठक की समझ को विकसित करे और उसमें चेतना की लहर उठाए। लेकिन आज जो लोग व्यंग्य लिख रहे हैं, वे अधिकतर खाए-अघाए लोग हैं। उनमें से अधिकांश पाखंड जीने वाले लोग हैं, यथास्थितिवादी लोग हैं। गरीबी, महँगाई, बेरोजगारी, बदहाली जैसी बातों को लेकर उनके कोई अनुभव नहीं हैं, वे जीवन-संघर्ष से कटे हुए हैं। उनकी संवेदनाएँ नकली हैं। वे बदलाव के लिए नहीं, मन-बहलाव और यशलाभ के लिए लिख रहे हैं। इसलिए वे व्यंग्य नहीं, हास्य-व्यंग्य जैसी कोई चीज लिख रहे हैं ताकि वह किसी अखबार में छप सके। व्यंग्य तो आज अखबारों में छपता ही नहीं, क्योंकि उसमें सत्ता का प्रतिरोध रहता है और उसका उद्देश्य बदलाव रहता है। आजकल वहाँ हास्य-व्यंग्य छपता है, भले ही व्यंग्य के नाम पर छपे। समाज में दो तरह के लोग हमेशा रहे हैं : एक, जो हाथ-पाँव चलाकर अपनी रोटी अर्जित करते हैं और दूसरे वे जो सिर्फ जुबान चलाते हैं। इसी से वे न केवल अपनी रोटी अर्जित करते हैं. वरन प्रतिष्ठा भी पाते हैं। अधिकांश व्यंग्य लेखक जुबान चलाने वाली श्रेणी से आते हैं। वे मध्यवर्ग का हिस्सा है जो सरकारी नौकरी में हैं या किसी ऐसे प्रतिष्ठान में जो सत्ता द्वारा ही पोषित है। इस प्रकार वे सत्ता के अंग हैं और सत्ता का ही एजेंडा आगे बढ़ाने में लगे हैं। बदले में मोटी तनख्वाह पाते हैं और ठसक के साथ परिवार पालते हैं। इस प्रक्रिया में वे हमेशा उच्चवर्ग की ओर सम्मानजनक और आशाभरी निगाहों से देखते रहते हैं और निम्नवर्ग की ओर देखते भी हैं तो सहानुभूतिक उपेक्षा के साथ। वे सत्ता के स्थायी पक्ष होकर भी सत्ता के प्रतिरोध में लेखन करने का दंभ भरते हैं। समाज में बढ़ती महँगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दों को लेकर वे जितना संजीदा लेखन कर सकते हैं, सरकारी नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, परंतु व्यावहारिक जीवन में वे उसके खिलाफ धेले भर का काम नहीं कर सकते। सड़क पर नहीं उतर सकते; किसी आंदोलन में हिस्सा नहीं ले सकते। वे सिर्फ बातों के शेर हैं। इसलिए, उनकी बातों का समाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वह अरण्यरोदन के समान ही निष्प्रभावी और निष्प्रयोज्य रह जाता है।

इनके अलावा तो कुछ ऐसे भी व्यंग्य लिखने वाले मिल जाते हैं जो सरकार का भोंपू बनकर लिखते हैं। वे विपक्षियों पर व्यंग्य करते हैं, सरकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलनकारियों पर व्यंग्य करते हैं। उनके अनुसार, सरकार की अच्छी नीतियों की प्रशंसा लेखन में भी की जानी चाहिए– वह चाहे व्यंग्य ही क्यों न हो! उनकी सोच पर हैरत होती है। इससे तो अच्छा है कि वे स्वयं को व्यंग्य-लेखक न कहकर चाटुकार कहें। भद्र भाषा में चारण!

साम्प्रदायिकता एक ऐसा मुद्दा है जो व्यंग्य-लेखकों को अपने-अपने धर्म से इस प्रकार बाँधे रखता है कि वह अपने धर्म या मजहब को ही अच्छा मानता है और दूसरों से नफरत करता है। यह कार्य वह अपने राजनीतिक आकाओं की इच्छानुसार करता है। इससे उसे अपने संस्कारगत मूल्यों की पूर्ति होती हुई दिखती है। व्यंग्यकार की भूमिका में आकर वह यह भूल जाता है कि व्यंग्यकार वह हो सकता है जो मनुष्यमात्र की बात करे, हिंदू-मुस्लिम आदि की नहीं। पूजा-पाखंड नितांत वैयक्तिक चीज है, उसे सार्वजनिक करने का कोई औचित्य नहीं। आस्था तर्क के आगे नहीं टिकती, लेकिन वह आस्थावान होकर भी तर्कशील दिखना चाहता है। इसलिए वह पाखंड के साथ जीता है और उसे ऐसा जीवन ही आदर्श लगता है। जो लोग उसके पाखंड अथवा उसके जैसे अन्य पाखंड को नहीं पालता वह अधर्मी, विधर्मी या नास्तिक है जो एक आदर्श स्थिति नहीं है। इसके लिए उसकी आस्था कतिपय धर्म-ग्रंथों और पूजा-पद्धति में दृढ़ रहती है। जो इसकी आलोचना करता है, उसके विरोध में वह लेखनी को तलवार समझकर इस्तेमाल करने लगता है। उसे यह समझने की जरूरत है कि धर्म सत्ता का ही एक अंग है जो हमेशा उपयोग में लाया जाता रहा है और इसलिए उसका कोई एक निश्चत रूप नहीं। हम यदि मनुष्य हैं तो हमारा एक ही धर्म है– मनुष्यता। शेष कर्मकांड और पूजा-पद्धति तो मनुष्य के भय के शमन और लालच की पूर्ति के लिए है। उसे समझना होगा कि ईश्वर और देवी-देवता की उत्पत्ति मनुष्य ने ही की है, भले ही वह धर्म के शिकंजे से बाहर नहीं निकल पा रहा है। धार्मिक विसंगति का सबसे बड़ा पहलू यह है कि व्यंग्यकार भी धार्मिक होकर इस मसले से या तो दूरी बनाकर चलता है, या जो लोग धार्मिकता या उसके पाखंड पर प्रहारात्मक लेखन करते हैं, उसकी आलोचना करने में लग जाते हैं। धार्मिक पाखंड पर व्यंग्य करना उनके लिए दुस्स्वप्न के समान है। अतः आज जरूरत है कि सामाजिक सरोकार की पहचान हो और उसे निर्भीकता से कागज पर एक मुकम्मल व्यंग्य रचना के रूप में उतारा जाए, बिना इस बात की चिंता के कि वह कितने शब्दों का बन पड़ा और वह कहाँ छपेगा और कहाँ नहीं। इसी से जुड़ी एक शिल्पगत बात और है और वह यह कि व्यंग्य को व्यंग्य ही रहने दिया जाए, उसे हास्य-व्यंग्य बनाने के लिए उसमें हास्य की उपस्थिति का बिल्कुल भी प्रयास न किया जाए। उलटे, यदि हास्य आ रहा हो, जो बहुत जरूरी न हो, तो उसे हटा दिया जाए; क्योंकि यह याद रखना पड़ेगा कि हास्य का उद्देश्य मनोरंजन है, विसंगति अथवा उसके कारकों पर व्यंग्य करना नहीं। हमें व्यंग्य किस पर और कैसे करना है, यह स्पष्ट रहना चाहिए– क्षेत्र चाहे सामाजिक ही क्यों न हो।

**3/29 विकास नगर, लखनऊ-226 022**
**(मो.80096 60096)**

# यह रक्त से भरा समय है, पर स्वप्न बीज कभी नहीं मरता

## मूल्यांकन

**जुल्मीरामसिंह यादव**



एक ऐसे समय में जब शब्द मौन भरी चुप्पियों से ज्यादा गूंगे हो चुके हों, और अंधेरी रात स्याह से ज्यादा स्याह हो चुकी हो, कवि रंजीत वर्मा का चौथा काव्य संग्रह 'यह रक्त से भरा समय है' (परिकल्पना प्रकाशन, लखनऊ) का हमारे मानस जगत का हिस्सा बनना एक प्रगतिशील परिघटना है। जैसा कि काव्य संग्रह 'यह रक्त से भरा समय है' के नाम से ही यह विदित हो रहा है कि यह समय हत्यारा है, अपराधी है। एक ऐसे समय में जब स्वतंत्र विचार अभिव्यक्ति करने वाले एक दिन अपने आपको किसी कारागार में बंद पाते हों, मॉब लिंचिंग की घटनाओं ने एक बहुत बड़े जन समुदाय के अंदर असुरक्षा बोध पैदा कर दिया हो, संचार माध्यमों के द्वारा देश की एक बहुत बड़ी आबादी को संज्ञा शून्य कर उनके मस्तिष्क का उनके ही विरुद्ध अनुकूलन कर दिया गया हो, जनता के श्रम और स्वेद से संचित संपत्ति को कुछ धनकुबेरों की तिजोरी में बंद कर दिया गया हो, लोगों के दिलों में न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के सभी स्तंभों पर प्रश्नचिन्ह उठने लगे हों, ऐसे समय को रक्त से भरा समय न कह कर भला किस नाम से पुकारा जाए ?

यह कवि रंजीत वर्मा का चौथा काव्य संग्रह है` लगभग 40 वर्षों से वे अपना कवि कर्म बखूबी निभाते रहे हैं । कवि कर्म की जिम्मेदारी व्यक्ति का स्वैच्छिक चुनाव है । यह स्वांतः सुखाय की विधा नहीं, यह 'जो घर जारे आपना चले हमारे साथ' की विधा है` एक सच्चा कवि खतरे उठाकर भी अपने समय में हस्तक्षेप करता है। नये स्वप्न आकांक्षाओं को रचता है। सामाजिक दुख-सुख, व्यथा, हर्ष, राग आदि उद्वेगों को अपनी निजी संवेदना के भाव तल पर अनुभव करता है फिर संवेदना की उन लहरों को संपूर्ण जन सागर तक पहुंचा कर एक संलयित संवेदना का नवर्निमाण करता है। दूसरे शब्दों में कविता वैयक्तिक एवं सामाजिक संवेदनाओं का एक ही भावबिंदु पर भाषिक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति है।

रंजीत वर्मा भी अपने समय में घट रही हर सूक्ष्म एवं स्थूल घटनाओं से संवेदित ही नहीं उससे मानसिक धरातल पर जूझते भी हैं। राजनैतिक विद्रूपताओं पर कवि द्वारा उठाए गये तल्ख प्रश्न सिर्फ विद्रोह के स्वर की जमीन ही नहीं तैयार करते, एक विशिष्ट मानवीय संवेदना के तंतुओं को भी उद्वेलित करते हैं। जब तक समाज व्यवस्था मानवद्रोही है, संघर्ष और कविता अवश्यंभावी बनी रहेगी -- 'कवि को खत्म करना चाहते हो/तो पहले अपनी सत्ता खत्म करो/सत्ता पैदा करती है कवि/अपनी निरंकुशता से /दमन से/जंजीरों से तो कभी बेइंतहा जुल्म से/कवि को खत्म करना चाहते हो/तो यह दुनिया जो तुमने बना रखी है/ गैर बराबरी की/ऊंच नीच की उसे खत्म कर दो/भूख और हिंसा का इतिहास तुम मिटा नहीं सकते/लेकिन वह अतीत होकर रह जाए/ऐसा ताना-बाना रचो/यह भूख यह हिंसा यह गैर बराबरी/पैदा करती है कवि।'

इस क्रूर और अपराधी समय में कविता रंग भरने की बहुवर्णी रंगसाजी नहीं रही , वह करुण और आर्त स्वर की मधुर मंद आख्यान नहीं रही, न ही वह सिर्फ स्याह और सफेद रही अब वह शोणित लाल रंग की दुर्धर्ष चाह भी रखती है - 'हम सोमालिया के/कट चुके जंगल के बियाबान अंधेरे में हैं/असंभव है आज की तारीख में /स्याही से कविता लिख पाना/आंसुओं से कोई लिख दे/अब यह भी नहीं मुमकिन लहू मिलाओ तो शायद/कुछ रंग चटके।

इस देश में जहां सामाजिक रूप से हिंदू और मुसलमान दोनों एक ही संघर्ष और विरासत की नाव पर सवार हैं, जहां एक हिंदू की आधी पसलियां मुसलमान है और एक मुसलमान की आधी पसलियां हिंदू है कवि सत्ता से प्रश्न उठाता है कि तुम्हारे पास बहुमत है तो क्या मनुष्य के गौरवमई अस्तित्व का लोप कर दोगे- 'बहुमत है तुम्हारे पास तो क्या/हमारी पहचान छीन लोगे/संविधान छीन लोगे/क्या मुसलमान से हिंदू/हिंदू से मुस्लमान छीन लोगे/क्या मोहब्बत की सारी दास्तान छीन लोगे/डीएनए में हमारे मंगोल मिलेंगे/तो क्या हमें दफ्न कर/हमसे हमारा गांव खलिहान छीन लोगे'।

कवि की कविताएं जीवन संघर्षों के गर्भ से जन्म लेती है, किसी स्वतंत्र वायवीय संवेदना से नहीं । वह कविता को नफरत का आजन्म विरोधी ही नहीं उसका एकमात्र पर्याय भी बताता है - 'एक कविता शाहीन बाग में जन्म लेती है/एक कविता चांद बाग में/एक जाफराबाद में/एक जामिया में/एक कविता गोवालपाड़ा के/यातना शिविर में जन्म लेती है/यह कविताएं अलग अलग नहीं है/एक ही कविता है जो खड़ी है प्रतिरोध में।'

कवि रंजीत वर्मा की कविताएं भाषिक अभिजात्यता को तोड़कर आमजन से संवाद करती हुई प्रतीत होती हैं। कवि सामाजिक विद्रूपताओं को अपने काव्य पटल पर लाते हुए पाठकों से प्रश्नात्मक शैली में संवाद करता है - 'जुड़े रहते हैं हम यहां आपस में ऐसे/जुड़ी रहती हैं तरंगे एक लय में जैसे/यूं ही नहीं रगों में ठाठें मारता है खून इस कदर/कि तेरहसाल की लड़की/अपने घायल पिता को साइकिल पर बिठाकर/तेरह सौ किलोमीटर का सफर तय करती हुई/गुड़गांव से दरभंगा ले आती है/किसी गरीबी रेखा से/ऊपर रहने वाले से पूछ कर देखो/क्या उनकी रगों में इस तरह कभी ठाठें मारता है खून'।

आमजन की दृष्टि व्यवस्था की विद्रूपताओं को बहुत नजदीक से स्पर्श करती हैं` कवि की प्रखर राजनीतिक चेतना उसकी कविता को उद्देश्य प्रदान करती है - 'कल रात जिनकी हत्याएं हिरासत में की गई/अस्पताल के बरामदे में की गई/ट्रकों में लदी लाशों के बीच फेंक कर की गई/उन सब के नाम अब किसी रजिस्टर में नहीं मिलते/जिस मुस्लिम युवा की हत्या/पुलिस ने सीने में गोली दागकर की /और जिस की लाश पर/छलांग नृत्य करता रहा मीडिया/अब किसी कागज पर उस युवक के होने के सबूत नहीं मिलते।




कवि आगे सत्ता के उस लज्जाहीन चरित्र को सामने लाता है जिसे मुखौटे की अब कोई जरूरत नहीं रह गई है । अदालतें बेबस हैं, अखबार अब अखबार नहीं रहे।संसद कागजी रह गई और सभी राजनीतिक दल रीढ़ विहीन। संविधान के पन्ने फट चुके हैं, घर की दीवारें दरक चुकी हैं।? एक अंधेरे समय में जब मौन भी एक आपराधिक साजिश हो और कलात्मक नक्काशी की भूलभुलैया जनता की अदालत में सच की गवाही से मुकर जाती हो, तब काले को काला और सफेद को सफेद कह कर साजिशों का पदार्फाश करना सबसे बड़ा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कर्म है । कवि रंजीत वर्मा इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। उनकी कविताएं मनुष्य के मानस को उद्वेलित करती हैं और उसके भय के कोहरे, संभ्रम और नैराश्य को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी भाषा में एक लय और कथ्य में एक आवेग है। कवि रंजीत वर्मा ने अपने इस काव्य संकलन के माध्यम से अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन किया है ।

**संपर्क 81691 46697**

# जिले के शिवालयों पर दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शिवरात्रि**

## एडीएम वित्त व एसपी सिटी ने मंदिरों पर भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देवालय एवं शिवालयों में देखने को मिली। जहां अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला व एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने नगर क्षेत्र के देवालय एवं शिवालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बताते चलें कि नगर क्षेत्र के पंचमुखी महादेव, तारकेश्वर महादेव, रामेश्वरम समेत अन्य शिव मंदिरों पर भक्तों का रेला उमड़ पड़ा था। भक्तों की भीड़ को देखकर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को भी खूब मेहनत करनी पड़ी। वहीं जिलाधिकारी द्वारा शिवरात्रि महापर्व को देखते हुए सभी मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला एवं एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने नगर क्षेत्र के सभी मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था समेत भीड़ का भी जायजा लिया। इस दौरान भक्तों का हुजूम अलग ही देखने को मिला। बम बम बोल रहा है काशी समेत अन्य शिव गीतों से मंदिर और शिवालयों पर भक्त झूमते हुए दिखाई पड़े। बिरसा नगर के भोलेनाथ मंदिर से शिव बारात भी निकाली गई।



शिवालयों पर जायजा लेते एडीएम वित्त व एसपी सिटी



कोटार नाथ दर्शन को उमड़ा भतों का रेला



मेला क्षेत्र का जायजा लेते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

### सारनाथ मंदिर में हजारों भक्तों ने टेका मत्था

**कछवां।** क्षेत्र में शनिवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर कछवां समेत क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी शिव मंदिरों में भक्तों ने जल, पुष्प, बेलपत्र के साथ देवों के देव महादेव भगवान शिव की पूजा अर्चना की गयी। वहीं सभी मंदिरों में पुरुषों की अपेक्षा भारी संख्या में महिलाएं अधिक दिखाई दीं। कछवां क्षेत्र के लरवक गांव में स्थित सारनाथ शिव मंदिर में क्षेत्रीय दर्शनार्थियों के साथ ही साथ दूर दराज से भी आएं भक्तों की भारी भीड़ रही। कछवां के दर्शनार्थियों के अलावा लगभग सभी गांवों के दर्शनार्थियों का रेला देखने को मिला। सारनाथ शिव मंदिर में भोर से ही हर हर महादेव के उद्घोष के साथ भक्तों ने भगवान शिव को जल चढ़ाया। वही शुक्रवार से ही शिव मंदिरों पर कहीं अखण्ड मानस पाठ तो कहीं हरिकीर्तन की गूंज रही। कुछ मंदिरों पर शनिवार से भी मानस पाठ तथा हरिकीर्तन भी शुरू हुआ।

### दो लाख से अधिक भक्तों ने कोटार धाम में टेका मत्था

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के अदवा नदी के मध्य कोटार शिव धाम में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर मेले में दो लाख से ज्यादा भक्तों ने भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर मन्नतें पूरी की। भोर से ही भक्त अदवा नदी में स्नान कर कतारबद्ध होकर मंगल आरती के बाद लोगों का दर्शन पूजन प्रारंभ किया गया। भक्तों ने हाथ में नारियल, चुनरी, फूल, माला, बेलपत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल, दूध आदि लेकर कतारबद्ध होकर अपने समय का घंटों इंतजार के बाद भक्तों ने भोले नाथ का जलाभिषेक किया। पुलिस को भीड़ कंट्रोल करने में पसीना पसीना होना पड़ा। पुरुष तथा महिलाओं की अलग कतारें लगाई गई थी लेकिन भीड़ इतना बढ़ गई थी कि पुरुष महिलाओं की अलग अलग लाइन लगा कर दर्शन पूजन किया। वही मंदिर से अदवा नदी के किनारे तक 500 मीटर दूर से ही भक्तों को कतार में खड़ा होना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद भक्तों ने दर्शन पूजन किया। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर नदी के दक्षिणी छोर तथा उत्तरी छोर पर बड़े वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए बैरियर लगा दिए गए थे परंतु उसके पूर्व रोड पर आने जाने वालों को घंटो जाम का झाम भी झेलना पड़ा। दर्शन पूजन के बाद भक्तों ने लाई, मिठाई, बास के बर्तन गृह उपयोगी सामान खरीदा और बच्चों ने झूले का आनन्द ले कर घर वापसी किया। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा ने मेले का जाएजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि 5 उपनिरीक्षक, 21 हेड कांस्टेबल व कास्टेबल, 8 महिला कांस्टेबल थाना मड़िहान व राजगढ थाने की पुलिस के अलावा पुलिस लाइन से दो उप निरीक्षक तथा मुख्य आरक्षी तथा मेला प्रभारी विजय कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक मेले में चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि 18 सफाई कर्मचारियों को मेले की सफाई में तैनात किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

**मड़िहान।** तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में दर्शन पूजन व जलाभिषेक के लिए सुबह से लम्बी कतार लगी रही। पूजा पाठ में किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए तहसील व पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया गया, एवं डयूटी पर तैनात मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मड़िहान तहसील क्षेत्र के रामपुर-रिक्सा, देवरी-कटईया, बघौड़ा, खोराडीह, चौबेपुर, देवरी कला, दीपनगर समेत दर्जनों मन्दिर पर दर्शन पूजन के लिए पहुँचे ग्रामीण सुबह से जयघोष करते रहे। मंदिरों पर शिवभक्तों की व्यवस्था आदि का जायजा लेने उपजिलामजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचन्द्र यादव द्वारा भ्रमण कर जायजा लिया गया। हिनौता ग्राम सभा स्थित गंगापुर मजरे में शिवमहापुराण व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि दर्शन पूजन में शिवभक्तों को असुविधा न हो इसलिए क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया गया। डयूटी में तैनात टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### शिव के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की लगी रही भीड़

**लालगंज।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों एवं शिवालयों पर भगवान शिव के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। बसहीमठ पर प्राचीन काल से परंपरागत तरीके से भगवान शिव के मंदिर मे दर्शन के बाद दर्शनार्थियों को फलाहार भी दिया गया। क्षेत्र में बसहीमठ पर भोलेनाथ शिव जी का मंदिर है जिस पर सुबह से ही क्षेत्र के तमाम दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वही महंत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र गिरी उर्फ महेंद्र गिरी ने आए हुए दर्शनार्थियों को फलाहार की व्यवस्था दिया गया। इसी क्रम में वन रेंजर ऑफिस में स्थित भगवान शिव के मंदिर में रामचरितमानस अखंड पाठ संपन्न हुआ और क्षेत्र के तमाम लोग प्रसाद ग्रहण किए। क्षेत्र में मंदिरों शिवालयों पर आस्था का प्रतीक महाशिवरात्रि पर्व काफी धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस नवनीत सेहरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर भ्रमण करते रहे। उनके निर्देश के क्रम मे थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया अपने दल बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील करते हुए महाशिवरात्र पावन पर्व को शांति तरीके से संपन्न कराये जाने में लगे रहे। हालांकि क्षेत्र में शांति तरीके से महाशिवरात्रि का पावन पर्व संपन्न हुआ।

## भगवान शिव व माता पार्वती की पालकी यात्रा का पूजन अर्चन कर किया रवाना

**श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर से निकाली गयी भव्य पालकी यात्रा**

**नगर वासियों ने फूल बरसाकर किया स्वागत**

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज नगर में स्थित बूढ़ेनाथ जी के मन्दिर से भगवान शिव व माता पार्वती की भव्य पालकी यात्रा निकाली गयी। पालकी यात्रा में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र अष्ट कौशल महन्थ स्वामी डॉ योगानन्द गिरी के साथ पालकी यात्रा में शामिल हुए। श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर प्रांगण में प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल, के द्वारा भगवान शिव की पालकी यात्रा का विधिवत पूजन अर्चन एवं मत्रोच्चार के साथ आरती कर पालकी यात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में स्थित भगवान बूढ़ेनाथ जी के दर्शन के लिये पूर दिन लम्बी कतार लगी रही। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में आयोजित भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका उषा गुप्ता एवं लोकगायक जटाशंकर एवं दल के द्वारा भगवान शिव पर आधारित अनेकों गीत सुनाकर लोगों को शिव मय करते हुये भक्ति रंग भाव विभारे किया गया। माता पार्वती की पालकी यात्रा में नगर वधुओं द्वारा पूजन अर्चन कर कंधा देकर आगे बढ़ाया गया। पालकी यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गयी वैसे-वैसे जन प्रतिनिधियों व जनपदवासियों की भीड़ जुटती गयी और भगवान शिव व माता पार्वती की आरती उतारकर मनोवांछित आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पालकी यात्रा को बैण्ड बाजा, डीजे, घोड़ा रथ आदि के साथ बूढ़ेनाथ मन्दिर से चलकर पक्का घाट, पर जाकर जलाभिषेक किया गया तत्पश्चात धुंधी कटरा, गुड़हट्टी, मुकेरी बाजार, लाल डिग्गी, इमामबाड़ा, बल्ली का अड्डा मुसफ्फरंग, टेड़ी नीम होते हुये श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर पर पुर्नागमन कर समाप्त किया गया। पालकी यात्रा में मंत्रीगण, विधायक व जनपद वासियों के साथ काफी दूर तक पैदल चलकर शामिल हुए।



पालकी यात्रा में शामिल प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री व विधायक



बदेवरा नाथ में दर्शन करतीं हाईकोर्ट की जज

## बाबा बदेहरा नाथ का दर्शन करने पहुंची हाईकोर्ट की जज

**तीन लाख भक्तों ने किया दर्शन पूजन**

**हर हर महादेव के नारों से गूंजायमान रहा क्षेत्र**

**जिगना।** शनिवार को महाशिवरात्रि के शुभ पावन अवसर पर शनिवार को बाबा बदेवरा नाथ पर लगभग 3 लाख श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस शुभ अवसर पर बाबा बदेवरा नाथ मंदिर दुल्हन की तरह चारों तरफ से सजाया गया था। भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए जिले के आसपास के कई जिलों से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय पत्नी ओम प्रकाश उपाध्याय ने मेला व्यवस्था में किसी को कोई असुविधा ना हो इसलिए उन्होंने अलग से वालंटियर लगा रखा था। पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से मौजूद रही। ग्राम पंचायत व प्रशासन संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र में चौकस रही। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ शेखू उपाध्याय ने पुलिस प्रशासन के साथ मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर घूम कर अपनी नजर बनाए रखें। महाशिवरात्रि शुभ अवसर पर नेगुरा बान सिंह की बहू हाईकोर्ट की जज मंजू सिंह पत्नी कल्पराज सिंह वर्तमान में लोक सेवा आयोग प्रयागराज के सदस्य भी हैं ने भी बाबा बदेवरा नाथ पर आकर मत्था टेक कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि का मेला संपन्न होने पर ग्राम प्रधान बदेवरा चौबे महेश्वरी उपाध्याय आए हुए भक्तों का आभार प्रकट किया। इस दौरान अर्जुन प्रसाद चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद चतुर्वेदी, गिरजा मणि चतुर्वेदी, हाई कोर्ट अधिवक्ता राकेश कुमार चतुर्वेदी, समाजसेवी कर्मेश तिवारी पुत्र उद्योगपति वीरेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

## शिवालयों पर लगा शिवभक्तों का जमावड़ा

**भक्तों ने जलाभिषेक कर हर्षोल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व**

**राजगढ़।** शिव शंकर भगवान भोलेनाथ एवं शक्ति स्वरूपा जगत जननी मां पार्वती के उपासक एवं भक्तगणों ने शिवरात्रि पर्व को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान आसपास के शिव मंदिरों पर भक्तों का जलाभिषेक करने के लिए तांता लगा रहा और विधि विधान से पूजा ध्यान किया गया। शिव शंकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उन्हें सबसे प्रिय बेल पत्र, भांग, धतूरा, फल, फूल इत्यादि अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना भक्तों ने किया। स्थानीय क्षेत्र के भीटी गांव में अमृत सरोवर पर बने शिव मंदिर में सैकड़ों लोगों ने जलाभिषेक किया और भजन भाव के साथ भगवान शिव की आराधना की। स्थानीय गांव निवासी पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले शिव भक्त नीरज केशरी एवं उनके परिजनों द्वारा मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया गया है और मन्दिर परिसर का साफ-सफाई एवं नियमित पूजा पाठ किया जाता है जहां शिव रात्रि के पावन अवसर पर नीरज केशरी की ओर से अखंड हरि कीर्तन एवं भन्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, विहिप नेता विवेक पाण्डेय, भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी अवधेश कुमार, राजेश केशरी, गणेश केशरी, सहित सैकड़ों लोगों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

# रामचरित मानस के हर पात्र अनुकरणीय : साध्वी ऋचा

**कार्यक्रम**

## भरत के चरित्र पर प्रकाश डाला

जनसंदेश न्यूज



कथा सुनने की उमड़ी भक्तों की भीड़

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन शनिवार को कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रोताओं को भरत के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामचरित मानस के हर पात्र अनुकरणीय हैं।

साध्वी ने कहा छः चीज विधि के विधान पर ही होती है हानि, लाभ, जीवन, मरण, यस, अपयस यह बिना भगवान के प्रेरणा के नहीं होती। यह चीजें पूर्व निर्धारित है। भरत जी के चरित्र के अनुकरण से कभी भी भाइयों में विवाद नहीं होगा। लंका से विजय प्राप्त करने के बाद राम वन से वापस अयोध्या के लिए पुष्पक विमान पर बैठ गए कि बंदर, भालू भी अयोध्या आने के लिये आतुर हो गये। राम ने सब को मनुष्य का शरीर दे दिया। इस खुशी में सब खुशियाँ मनाने लगे लेकिन राम चिंतित थे।

लक्ष्मण ने पूछा तो राम ने कहा कि अयोध्या पहुँचने में यदि एक क्षण भी विलंब हुआ तो भरत प्राण त्याग देगा। साध्वी ने कहा मानस में हनुमान जी महत्वपूर्ण पात्र है। रावण सबसे ज्यादा हनुमान जी से डरता था जिनको राम ने वन से वापस आने की सूचना देने के लिये भरत के पास भेजा। जहाँ पहुँच कर उन्होंने संदेश सुनाया तो अयोध्या में हर्ष फैल गया।

इसके बाद विमान पर राम, सीता, लक्ष्मण पहुंचे तो राम ने गुरु बशिष्ठ का दौड़ कर चरण पकड़ा और भरत को गले लगाते हुए भाव विभोर हो गये। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक भानु तिवारी, अशोक पुरी महाराज जी निरंजनी अखाड़ा, राम चरन दास महाराज, पिंकेश सिंह, लालजी तिवारी, अजय सिंह, शारदा, अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडे, पवन तिवारी आदि सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने राम कथा का श्रवण किया।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार चौकी के जयकर खुर्द निवासी 38 वर्षीय युवक की शुक्रवार की रात ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सूचना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचते ही वातावरण गमगीन हो गया।

लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत जयकर खुर्द निवासी स्वर्गीय लौधर का 38 वर्षीय पुत्र नरेश शुक्रवार की रात ट्रैक्टर लेकर किसी काम से वाराणसी जा रहा था कि पड़री थाना क्षेत्र के पथरहा गुरुखुली गांव के पास देर रात पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से आगे जा रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दूसरे साइट पर चली गई। वहीं पर चालक नरेश सड़क पर ही गिर गया। ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत मौके पर हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर रात को ही परिजन मौके पर पहुंचे। शनिवार को सुबह घटना की जानकारी होते ही मृतक के घर गांव वालों की भीड़ लग गई। वहीं पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जानकारी देते हुए गणेश यादव ने बताया कि मृतक के छोटे-छोटे बच्चे हैं पिता की पहले ही मौत हो गई है। मृतक के दो पुत्र व चार पुत्रियां है जिसमें क्रमश रविशंकर, रचित, साधना, आराधिका, सोनम है।

### गंगा में डूबने से अधेड़ की मौत

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के मेडिया घाट पर शनिवार की सुबह गंगा स्नान करते वक्त छांगुर 60 की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुँची अदलपुरा चौकी पुलिस ने परिजनों की मदद से घटना के दो घंटे बाद शव को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के लिए शव को चुनार भेजा गया। चुनार थाना क्षेत्र के तम्मनपट्टी निवासी छांगुर शनिवार को सुबह करीब 9 बजे गंगा स्नान के लिए मेड़िया घाट पर गया था। स्नान करते वक्त गहरे पानी में चला गया। जब तक आसपास स्नान कर रहे लोगों का ध्यान जाता छांगुर डूब चुका था। मृतक ट्राली चलाकर जीवन यापन करता था।

# शिव बारात में महादेव की झांकी में शामिल हुए ऊंट, गदहा, घोड़ा

**आकर्षण**

## डीजे के साथ झूमते नजर आये सैकड़ों भक्त

**अदलहाट।** महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के शिव मंदिरों में दिनभर दर्शनार्थियों का ता -ता लगा रहा। रैपुरिया स्थित गंगा घाट पर गंगा स्नान के बाद भक्तों ने अपने शिवालयों मे जलभिषेक किया। कोलउन्द गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में परम्परा नुसार मेले का आयोजन किया गया। बच्चों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। दिन भर रामायण का गायन होता रहा। नरायनपुर स्थित बैकुण्ठेश्वर महादेव मंदिर में महिला पुरुष भक्तों ने विधि विधान के साथ जलाभिषेक व पूजन किया।

शाम को शिव बारात निकाली गयी। शिव बारात में महादेव की झाकी के साथ ऊट, गदहा,घोड़ा, डीजे के साथ सैकड़ों भक्त झूमते नाचते हुए चल रहे थे। बारात में चल रहे भक्तों के लिए जगह-जगह जलपान व ठंडई आदि की व्यवस्था बाजारवासियों की ओर से किया गया था।

शिव मंदिर पर महिलाएं भजन कीर्तन के साथ मंगल गीत गायी। इस दौरान प्रभाल सिह, आनंद गुप्ता, गौरीशंकर सिह, प्रवीण पटेल, कमलेश यादव, संजय जायसवाल, राजेश चौधरी, दीपक प्रजापति, राजू यादव, मनीष अग्रहरी, दिनेश चौरसिया, संतोष चौरसिया, रामविलास गुप्ता, कवि शंकर गुप्ता, कन्हैयालाल लाल यादव आदि तमाम लोग साथ चल रहे थे।

### प्राचीन शिव मंदिर पर धूमधाम से मनायी गयी महा शिवरात्रि

**संपन्न हुआ शिव पार्वती का विवाह**

**अदलहाट।** क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर गरौड़ी शिवालय पर चार बजे भोर से दोपहर एक दो बजे तक दर्शनार्थियों का दर्शन के लिए लम्बी कतार लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिर शिवालयों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने वालों की लंबी कतार लगी रही। वही रात्रि में विधि विधान से भगवान शिव माता पार्वती की पूजा अर्चना कर बहुत ही धूम धाम गाजे बाजे के साथ विवाह संपन्न कराया गया। वही भुईली खास में स्थित शिव मंदिर पर काफी मेला लगा रहा। वही मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। बताया जाता है कि भगवान शिव और माता पार्वती की शादी शिवरात्रि के दिन हुआ था। इस लिए सभी भक्त महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव माता पार्वती का शादी मनाते हैं। प्राचीन शिव मंदिर पर मंदिर के भक्तों ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे मंदिर को झालर बत्तियों से सजाया गया था। जिसमे छोटे लाल, संकठा प्रसाद, बचाऊ लाल, पिंटू जायसवाल, धंनजय तिवारी बालक दास, संतोष गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, सहित तमाम शिव भक्त मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक

### बूढ़ेनाथ मंदिर प्रागंण में पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने की घोष रचना

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मीरजापुर के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर अखिल भारतीय घोष दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नगर स्थित अति प्राचीन बूढ़ेनाथ मंदिर के प्रागंण में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष की विभिन्न रचनाओं का अद्भुत वादन किया गया। जिसकी प्रस्तुति देख लोगों ने जमकर वाहवाही की। कार्यक्रम में विभाग संघचालक एडवोकेट तिलकधारी, मिलन, निलेश, शरद आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एप्पल बैर की खेती करके लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं किसान

## जिला उद्यान अधिकारी के द्वारा प्रोत्साहित करने के बाद किसानों ने शुरु की खेती

नितीश पाठक

**मीरजापुर।** जिले में किसान अब परंपरागत खेती से हटकर कुछ अलग खेती कर रहे है। जिसके फलस्वरूप न सिर्फ उन्हें भारी मुनाफा हो रहा है बल्कि कृषि विभाग भी अनुदान दे रही है। सीखड़ विकास खंड के खानपुर गांव में किसान योगेंद्र कुमार सिंह परंपरागत खेती से हटकर कश्मीरी एप्पल बैर की खेती कर रहे है। इस खेती में कम लागत और कई गुना अधिक मुनाफा है।

सरकार इसको लेकर किसानों को अनुदान भी दे रही है। जिले में पहले से ही ड्रैगन फ्रूट व स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है, जहां अब किसानों ने एप्पल बैर की खेती करना शुरू किया है। सीखड़ विकास खंड के खानपुर के रहने वाले किसान योगेंद्र कुमार सिंह लगभग एक एकड़ में एप्पल बैर की खेती कर रहे है। किसान योगेन्द्र को जिला उद्यान अधिकारी ने परम्परागत खेती से हटकर अलग खेती करने को लेकर सलाह दिया था, जिसके बाद योगेंद्र ने कश्मीरी एप्पल बैर की खेती करना शुरू किया। किसान योगेंद्र ने बताया कि कश्मीरी एप्पल बैर की खेती में बहुत ही कम लागत है। एक एकड़ में लगभग 25 हजार रुपये का खर्च आता है। किसान योगेंद्र सिंह तीन वर्ष से एप्पल बैर की खेती कर रहे है, जहां एक एकड़ में लगभग तीन लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। किसान ने कहा फरवरी व जुलाई माह में इसका रोपण होता है, जहां एक वर्ष बाद इसका पैदावार शुरू हो जाता है।



एप्पल बैर

### आसानी से होती है एप्पल बैर की बिक्री, मिलता है बेहतर दाम

किसान योगेंद्र ने बताया कि कश्मीरी एप्पल बैर की खेती किसी भी मिट्टी पर हो सकती है। किसान आसानी से इसको कर सकते है। इसके लिए ज्यादा पोषक तत्व की भी आवश्यक नही होती है। कश्मीरी एप्पल बैर को वाराणसी मंडी में लेकर जाते है, जहां से 50 रुपये किलो के भाव से थोक में बिक्री होती है। सरकार हर महीने तीन हजार रुपये भी देखभाल के लिए देती है। किसान इस खेती को नीलगाय से सुरक्षित रखेंगे तभी इस खेती को कर सकते है।

### दो तरह की होती है एप्पल बैर

जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि जिले के मड़िहान व सीखड़ क्षेत्र में किसान एप्पल बैर की खेती कर रहे है। इन किसानों को विंध्य बुंदेलखंड योजना के तहत तीन हजार रुपये तीन साल तक हर माह दिया जाता है। लगभग एक लाख 5 हजार रुपये किसान को दिया जाता है। एप्पल बैर की खेती से किसानों को काफी मुनाफा मिल रहा है। एप्पल बैर दो तरह के होते है एक कश्मीरी बैर होता है जो थोड़ा लाल रंग का होता है, जो काफी मीठा होता है। एक थाई बैर होता है जो हरा रंग का होता है। किसान इसकी खेती कर सकते है।

## शहर की सड़कें दे रही हैं दुर्घटना को दावत

**मीरजापुर।** शहर क्षेत्र में हो रहे कार्यों में बड़ी लापरवाही के साथ स्थानीय लोगों को खामियांजा भुतना पड़ रहा है। पतली गलियों में खुदे गढ़े में आम जनमानस गिर कर आए दिन घायल हो जा रहे हैं। सरकार के द्वारा संचालित सीवर और पाइप लाइन के कार्यों में तेजी से प्रगति तो की जा रही है, किंतु स्थानीय ठिकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही किया जा रहा है। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय ठिकेदारों द्वारा रास्तों का बदलाव किए जाने का बोर्ड नही लगता तो डेंजर जोन का निशान नहीं लगाया जाता है। जिससे लोगो को सड़क पर हुए गढ्ढे के बारे में पता नही चलता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठिकेदारो की मनमानी से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है और सड़को के किनारे धूल से दुकानों को काफी नुकसान हो रहा है।

## शाम होते ही छलकता है जाम

**मीरजापुर।** अगर आप जनपद के निवासी हैं और शरीफ आदमी है तो देर रात आपको जनपद के कुछ स्थानों पर जाना मुश्किल हो सकता है। जिसमे कटरा कोतवाली क्षेत्र के लालडिग्गी और शुक्लहा पर बड़ी संख्या में शराबी तांडव मचाते नजर आ जायेगे। सरकार के निर्धारित समय के बाद शराब बिकना आम बात है। यह शराब की दुकान बंद होने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा महंगे दामों पर शराब की बिक्री की जाती है। जबकि जिले के पुलिस अधीक्षक ने आते ही शराब पीकर रोड पर घूमने वालो को कड़े हिदायद दी थी। फिर भी उनकी पुलिस ही देर रात गस्त करते हुए। ऐसे लोगों पर कार्यवाही नही कर पा रही है तो मामले में लोगों को संदेह लग रहा है। खुलेआम पुलिस के सामने शराब बिक्री कर रहे है।

## भारत पहली बार एशिया मिश्रित चैंपियनशिप के सेमिफाइनल में, हॉन्गकॉन्ग को 3-2 से दी मात

**दुबई।** भारत ने यहां एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टरफाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए हांगकांग को 3-2 से हराकर पहली बार टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत शुक्रवार को खेले गये इस मुकाबले में 0-2 से पिछड़ा हुआ था, लेकिन ध्रुव कपिला-चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और पीवी सिंधु ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबला जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। दिन के पहले मुकाबले में इशान भटनागर और तनीषा क्रेस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को हॉन्ग कॉन्ग के ली चुन ही रेजिनाल्ड और ट्ज यॉ एनजी से 24-26 17-21 की हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में विश्व नंबर 14 एनजी का लॉन्ग ने विश्व नंबर 11 लक्ष्य सेन को 20-22, 21-19, 21-18 से मात दे दी। भारत टूनार्मेंट से बाहर होने की कगार पर था।



# दूसरे दिन का खेल खत्म, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 62 रन की बढ़त...भारत की पहली पारी 262 पर सिमटी

## ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद , भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 83.3 ओवर में 262 रन बनाये

**नई दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर एक रन की बढ़त लेने के बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया पर उसकी बढ़त 62 रनों की हो गई है। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद हैं।



भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में 83.3 ओवर में 262 रन बनाये। भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रह गयी। भारत के लिए हरफनमौला अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 74 रन का योगदान दिया। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी करायी। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाये। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने 29 ओवर में 67 रन देकर पांच विकेट झटके। लियोन ने टेस्ट में 22वीं बार है पांच या उससे अधिक विकेट चटकाये।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के 263 रन के जवाब में भारत ने 7 विकेट पर 230 रन बना लिए हैं। अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन खेल रहे हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। अक्षर ने लगातार दूसरे टेस्ट में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। अक्षर के टेस्ट करियर का यह तीसरा अर्धशतक है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां चाय के विश्राम तक 62 ओवर में सात विकेट पर 179 रन बनाए। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी के आधार पर अब भी 84 रन पीछे है। चाय के विश्राम के समय अक्षर पटेल 28 और रविचंद्रन अश्विन 11 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली ने अब तक सबसे ज्यादा 44 जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने 32 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने पांच जबकि मैथ्यू कुहनेमैन और टॉड मरफी ने एक-एक विकेट लिये।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां लंच तक 35 ओवर में चार विकेट पर 88 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए चारों विकेट ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने लिये। लंच के विश्राम के समय विराट कोहली 14 रन और रविन्द्र जडेजा 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी के आधार पर 175 रन पीछे है। भारतीय टीम ने दिन की शुरूआती बिना किसी नुकसान के 21 से आगे से की लेकिन नाथन लियोन ने लोकेश राहुल (17) को आउट कर कप्तान रोहित शर्मा (32) के साथ 46 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा। लियोन ने इसके बाद एक ही ओवर में रोहित और चेतेश्वर पुजारा (शून्य) को चलता किया। उन्होंने भारतीय पारी के 26वें ओवर में श्रेयस अय्यर (चार) को पीटर हैंड्सकॉम्ब के हाथों कैच कराकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बना दी।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उस्मान ख्वाजा (81) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (72) के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 263 रन बनाए। भारत के लिए शमी ने चार और अश्विन-जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके जवाब में भारत ने 262 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 74 और विराट ने 44 रन बनाए। अक्षर और अश्विन ने शतकीय साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने पांच, टॉड मर्फी और कुह्नेमन ने दो-दो विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को एक रन की बढ़त मिली। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 62 रन की हो गई है। हेड और लाबुशेन नाबाद हैं। अब टीम इंडिया तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेटने की कोशिश करेगी।

## ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, दिल्ली टेस्ट से डेविड वॉर्नर हुए बाहर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अंतिम एकादश में मैथ्यू रेनशॉ को शामिल किया गया है। मैच के शुरूआती दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की पारी के 10वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद वॉर्नर के सिर पर लगी थी। बायें हाथ के बल्लेबाज को इससे पहले कोहनी पर भी चोट लगी थी। इस चोट के बाद चिकित्सकों ने मैदान पर उनका उपचार किया था। उन्होंने कनकशन जांच (सिर में चोट लगने पर होने वाली जांच) नहीं कराया। भारतीय टीम जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी तो यह 36 वर्षीय खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जारी बयान के मुताबिक, वॉर्नर अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दिशानिदेर्शों के अनुरूप इंदौर में तीसरे टेस्ट से पहले उनके खेल प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वापसी करेंगे। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद साथी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वॉर्नर थोड़ी थकान महसूस कर रहे हैं। ख्वाजा ने कहा था, बांह और फिर सिर पर लगी चोट के का वह थोड़ी थकान महसूस कर रहे है। वार्नर के चोटिल होने से रेनशॉ की टीम में वापसी हुई। रेनशॉ को चार मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में शून्य और दो रन की पारी के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था।

## बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास, दो छक्के लगा कोच मैक्कुलम को पीछे छोड़ा, बनाया विश्व रिकॉर्ड

### स्टोक्स ने 33 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया। वह इंग्लैंड के कोच और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। माउंट माउंगानुई में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट की दूसरी पारी में दो छक्के लगाकर स्टोक्स ने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।



टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी टीम की दूसरी पारी के 49वें ओवर में न्यूजीलैंड के स्कॉट कुगलेइजन के ओवर की तीसरी गेंद पर स्टोक्स ने फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर मैकुलम को पीछे छोड़ा, जो अब इंग्लैंड के टेस्ट मुख्य कोच हैं। स्टोक्स ने 33 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने उन्हें ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर स्टंप आउट किया।

90 टेस्ट मैचों में, स्टोक्स ने 36.00 के औसत से 109 छक्के और 12 शतक और 28 अर्द्धशतक के साथ कुल 5,652 रन बनाए हैं। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 258 है। वहीं, मैक्कुलम के नाम 101 टेस्ट में 107 छक्के हैं। उन्होंने 38.64 की औसत से 6,453 रन बनाए। उनके 302 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टेस्ट में 12 शतक और 31 अर्द्धशतक हैं।

***टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज***

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में स्टोक्स (109) और मैक्कुलम (107) के बाद ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट तीसरे स्थान पर हैं, उन्होंने 100 छक्के लगाए हैं। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 98 छक्कों के साथ लिस्ट में चौथे और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस 97 छक्कों के साथ सूची में पांचवें स्थान पर हैं। भारत के वीरेंद्र सहवाग इस सूची में छठे स्थान पर हैं, उन्होंने 91 छक्के लगाए हैं। सहवाग टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके बाद महेंद्र सिंह धोनी 78 और सचिन तेंदुलकर 69 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## एशिया कप में भारत-पाक मैच नहीं हुआ तो संकट में पड़ सकता है दीर्घकालिक प्रसारण करार




**कराची।** एशिया कप की मेजबानी के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच गतिरोध को खत्म करने लिए अगर कोई समाधान नहीं निकाला गया तो एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और प्रसारक के बीच एक दीर्घकालिक मीडिया अधिकार करार संकट में पड़ सकता है। एशिया कप की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये गये थे लेकिन पड़ोसी देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण बीसीसीआई ने कहा कि भारत सितंबर में टूनार्मेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजेगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता को संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका में आयोजित करने की बात कही है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब तक इस मांग पर सहमति नहीं जताई है जिससे गतिरोध पैदा हुआ है। भारत के एशिया कप से हटने से टूनार्मेंट की चमक फीकी हो जायेगी और प्रसारक को भारत-पाक मुकाबला नहीं होने से काफी ज्यादा नुकसान झेलना पड़ेगा। सूत्र ने कहा कि एसीसी और प्रसारक के बीच दीर्घकालिक समझौते के अंतर्गत यह अनिवार्य है कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे से कम से दो या तीन बार इस क्षेत्रीय टीमों के इस टूनार्मेंट में आमने सामने हों। सूत्र ने कहा, पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना एशिया कप कराना संभव ही नहीं है। समझौता इसी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि प्रसारकों को गारंटी दी गयी थी कि चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें फाइनल से पहले कम से कम दो बार एक दूसरे से भिड़ेंगी जैसा कि संयुक्त अरब अमीरात में 2022 में एशिया कप के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना प्रसारक अनुबंध गड़बड़ा जाएगा।

***बाजार तय करेगा सभी टी20 लीग सफल होंगी या नहीं, आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस का बयान***

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस को लगता है कि टी20 लीग के तेजी से हो रहे प्रसार से निश्चित रूप से नये दर्शक मिले हैं लेकिन लंबे समय में कितनी लीग बचेंगी, यह तो बाजार की मांग ही तय करेगी। फ्रेंचाइजी टी20 लीग की बढ़ोतरी से विश्व क्रिकेट विभाजित हो गया है क्योंकि इनसे मिलने वाली अत्यधिक लुभावनी राशि शीर्ष प्रतिभाओं को क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप के प्रति आकर्षित कर रही हैं लेकिन इसका जवाबी तर्क है कि ये काफी अधिक हो जाएंगी। पिछले एक महीने में संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी20 (अंतरराष्ट्रीय लीजेंड्स टी20), दक्षिण अफ्रीका में एसए टी20, बांग्लादेश में बीपीएल हो रही हैं और अब पाकिस्तान में पीएसएल भी शुरू हो जाएगी। एलार्डिस ने कहा, देखिए मुझे लगता है कि टी20 लीग खेल में नया आयाम जोड़ रही हैं। खेल का संतुलन खेल के पारंपरिक प्रारूपों और टी20 लीग के बीच बदल रहा है। वह यहां 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2023' में हिस्सा लेने के लिये आए हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गलत फैसले का शिकार हुए कोहली? ड्रेसिंग रूम में भड़के, जानें आईसीसी का नियम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में विराट कोहली अर्धशतक लगाने से चूक गए। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन शनिवार (18 फरवरी) को वह 44 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मैथ्यू कुह्लेमैन ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद कोहली ड्रेसिंग रूम में गुस्से में दिखाई दिए। वहीं, सोशल मीडिया पर फैंस ने अंपायर पर भड़ास निकाली।



50वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर कुह्लेमैन गेंदबाजी करने आए। यह उनका पहला टेस्ट है। कुह्लेमैन की तीसरी गेंद पर विराट ने डिफेंस करने का प्रयास किया। गेंद उनके पैड से जा टकराई। अंपायर ने विराट को आउट दिया। इस पर कोहली ने रिव्यू लेने का फैसला किया। रिप्ले में साफ पता चल रहा था कि गेंद कोहली के बैट और पैड से एक ही समय में लगी है। फैंस को उम्मीद थी कि इसका फायदा विराट को मिलेगा और उन्हें नॉटआउट दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। थर्ड अंपायर ने भी कोहली को आउट दिया।

ड्रेसिंग में निराश दिखे कोहली आउट दिए जाने के बाद विराट काफी निराश हुए। वह गुस्से में पवेलियन की ओर गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कोहली ड्रेसिंग रूम में आउट होने का वीडियो देख रहे थे। वह वीडियो देखने के बाद गुस्से में थे। साथ ही टीम इंडिया के अन्य सदस्यों को भी इस पर भरोसा नहीं हुआ। विराट फिर नाराज होकर अंदर चले गए।

***क्या कहता है आईसीसी का नियम?***

अगर बैट और पैड से एक ही समय में गेंद लगती है तो इसका फायदा बल्लेबाज को मिलता है। आईसीसी के नियम 36.2.2 के मुताबिक, "एलबीडब्ल्यू के समय अगर गेंद बल्लेबाज के किसी हिस्से और बल्ले पर एक साथ लगती है, तब इसे बल्ले पर गेंद का लगना माना जाएगा।" नियम को देखें तो विराट कोहली के मामले में उन्हें नॉटआउट करार देना चाहिए था।

***पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रहा भारत***

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन बनाए थे। वहीं, भारत के लिए पहली पारी में कोहली ने 84 गेंद पर 44 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। अक्षर पटेल ने शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 74 रन बनाए। रविचंद्रन अश्विन 37, रोहित शर्मा 32, रवींद्र जडेजा 26 और केएल राहुल 17 रन बनाकर आउट हुए। केएस भरत ने छह और श्रेयस अय्यर ने चार रन बनाए। मोहम्मद शमी ने दो और मोहम्मद सिराज ने नाबाद एक रन बनाए। अपने 100वें टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा खाता नहीं खोल सके। भारतीय टीम पहली पारी में 262 रनों पर सिमट गई। वह ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रही।

## डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कप्तान बनीं स्मृति मंधाना, क्रिकेटर का जताया आभार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र लिए भारत की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अपना कप्तान नियुक्त किया है। इस वामहस्त सलामी बल्लेबाज को फ्रेंचाइजी ने हाल ही में मुंबई में हुई नीलामी में 3.40 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम से जोड़ा था। यह डब्ल्यूपीएल नीलामी में किसी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक कीमत है। फ्रेंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा कर यह घोषणा की। इस वीडियो में आरसीबी के करिश्माई खिलाड़ी विराट कोहली और पुरुष टीम के मौजूदा कप्तान फाफ डु प्लेसिस के संदेश है। वीडियो में कोहली ने कहा, अब एक और 'नंबर 18' (जर्सी का अंक) डब्ल्यूपीएल में एक बहुत ही खास आरसीबी टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। हां, हम स्मृति मंधाना के बारे में बात कर रहे हैं। स्मृति अपना सर्वश्रेष्ठ करो। आपके पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम और सर्वश्रेष्ठ प्रशंसकों का समर्थन होगा। स्मृति को कप्तान बनाने की घोषणा पर आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, स्मृति खेल को लेकर हमारी साहसिक सोच और क्रिकेट योजनाओं के केंद्र में हैं। हमने उन्हें नेतृत्व की भूमिका सौंपी है। हमें विश्वास है कि स्मृति आरसीबी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। आरसीबी महिला टीम की कप्तान बनने पर स्मृति ने कहा, विराट और फाफ को आरसीबी का नेतृत्व करने के बारे में इतनी बातें करते हुए देखना बहुत अच्छा लग रहा है। यह अद्भुत अवसर देने के लिए मैं आरसीबी प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहूंगी। मैं आप प्रशंसकों से सभी प्यार और समर्थन प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं। स्मृति के नाम 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2661 रन है। इस दौरान उनका औसत 27.15 और स्ट्राइक रेट 123.19 का रहा है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में टी20 लीग खेल चुकी स्मृति ने 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की है। उनके नेतृत्व में डब्ल्यूपीएल से पहले हुए महिला टी20 चैलेंज में ट्रेलब्लेजर टीम 2020 चैंपियन बनी थी।




***रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम***

स्मृति मंधाना (भारत), रेणुका सिंह (भारत), सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड), एलीस पेरी (ऑस्ट्रेलिया), ऋचा घोष (भारत), एरिन बर्न्स (ऑस्ट्रेलिया), दिशा कसत (भारत), इंद्राणी रॉय (भारत), श्रेयंका पाटिल (भारत), कनिका आहूजा (भारत), आशा शोभना (भारत), हीथर नाइट (इंग्लैंड), डेन वान निकर्क (साउथ अफ्रीका), प्रीति बोस (भारत), पूनम खेमनार (भारत), कोमल जांजड (भारत), सहाना पवार (भारत), मेगन शुट (ऑस्ट्रेलिया)।

## कानपुर में ग्रीनपार्क क्रिकेट के 78 वर्षो का इतिहास बताएगी विजिटर गैलरी

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में बनी विजिटर गैलरी ग्रीनपार्क क्रिकेट के 78 वर्षों के इतिहास को बताएगी। इसमें ग्रीनपार्क में अब तक खेले गए मुकाबलों के साथ-साथ यहां पर क्रिकेटर्स के बनाए हुए रिकॉर्ड को भी शामिल किया गया है। इस गैलरी को दो तलों पर बनाया गया है, जो पूरी तरह से क्रिकेट की दुनिया की झलक दिखाएगी। ग्रीनपार्क में बनी विजिटर गैलरी 4.50 करोड़ की लागत से पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। इस गैलरी में ग्रीनपार्क में वर्ष 1954 से लेकर अभी तक हुए अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का पूरी जानकारी को दशार्या गया है। इसमें पहले मंजिल पर वर्जुअल पिच के साथ-साथ कैफेटेरिया को बनाया गया है। वहीं दूसरे मंजिल पर म्यूजियम, ऑडियो-वीडियो रूम, लाइब्रेरी आदि शामिल है।



***सचिन ने की है तारीफ***

म्यूजियम में खिलाड़ियों के बल्ले, गेंद व अन्य सामान के अलावा छह दशक पूराने अखबारों की कटिंग भी लगाई गई है, जिसमें यहां हुए मुकाबलों की पूरी जानकारी दी है। इसके साथ ही ऑडियो-वीडियो रूम भी है, इसमें ग्रीनपार्क के इतिहास को संजोये हुए एक फिल्म भी लोगों को दिखायी जाएगी। वर्ष 2022 में ग्रीनपार्क में हुए रोड सेफ्टी के मैच के दौरान सचिन तेंदुलकर ने भी इस गैलरी की काफी तारीफ की थी।

***आमलोगों के लिए 19 फरवरी से खोली जाएगी गैलरी***

इस विजिटर गैलरी को आम जनमानस के लिए 19 फरवरी से खोला जाएगा। उपनिदेशक खेल ग्रीनपार्क मुद्रिका पाठक ने बताया कि 19 फरवरी को ही मुख्य सचिव इस विजिटर गैलरी का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही यहां पर पांच बैडमिन्टन व आठ टेबल टेनिस कोर्ट का भी शुभारंभ किया जाएगा। खिलाड़ियों को आधुनिकीकरण युक्त सिंथेटिक मैटिंग वाला लकड़ी का बैडमिन्टन कोर्ट मिलेगा।

# कांग्रेस फैसला ले, भाजपा 100 पर सिमटेगी: विपक्षी एकता पर कांग्रेस को दी नीतीश की सलाह

## आमचुनाव से पहले करें सभी विपक्षी दलों को एकजुट, खुर्शीद बोले– पहले आई लव यू कौन कहेगा



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए। जनता दल यूनाइटेड के नेता ने कहा कि यह गठबंधन जल्दी से जल्दी होना चाहिए ताकि लोकसभा में अभी 300 से ज्यादा सीटों वाली भाजपा को अगले साल होने वाले आम चुनाव में 100 से भी नीचे सीटों पर समेटा जा सके। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की ओर मुड़ते हुए कहा " मैं कांग्रेस में अपने साथियों से कहना चाहता हूं कि यात्रा बहुत अच्छी रही। लेकिन उन्हें यहां नहीं रुकना चाहिए।"भाकपा माले द्वारा "संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ" शीर्षक से आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से उनके अलग होने के बाद से भाजपा के राज्य में विस्तार के प्रयासों में कमी आई है, "लेकिन हमे ऐसी ही उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर भी हासिल करने की जरूरत है।" सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले और अब 71 वर्ष के हो चुके कुमार ने कहा कि उनकी खुद की कोई महत्वकांक्षा नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा "अगर मेरी सलाह पर ध्यान दिया जाता है, तो इससे देश को लाभ होगा₹ और इसके साथ ही भाजपा के लगभग आधिपत्य की स्थिति का सामना करने वाली पार्टियों को भी फायदा पहुंचेगा।

नीतीश की सलाह पर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा- नीतीश कुमार जी जो आप सोचते हैं, वो कांग्रेस भी सोचती है। बस बात इतनी सी है कि पहले आई लव यू कौन कहेगा। शनिवार को भाकपा माले के अधिवेशन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादवटाचार्य भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाकपा-माले के मंच से कहा कि विपक्ष एकता की कवायद चल रही है।

आप लोगों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कई पार्टियां एकजुट होने के लिए तैयार हैं। बस आपके फैसले का इंतजार है। देश के हित में सोचेंगे तो आपको ही फायदा होगा और दोस्त को भी फायदा होगा। नीतीश कुमार ने कांग्रेस से कहा कि हमको कुछ नहीं चाहिए। हम चाहते हैं सभी एकजुट होकर 2024 में भाजपा का सामना करें। हम पहले भी साथ चल रहे थे, आगे भी साथ चलेंगे। सलमान खुर्शीद सामने बैठे हैं। हम लोगों ने विपक्षी एकता के लिए जाकर दिल्ली में संदेश दे दिया था। अब हम लोग कांग्रेस का इंतजार कर रहे हैं।

### होली पर तीन हजार बसें देंगी राहत, ट्रेनों में वेटिंग के यात्रियों को मिलेगी कंफर्म सीट

**लखनऊ। यूपी** परिवहन विभाग होली पर यात्रियों को राहत देने के लिए तीन हजार बसों से अतिरिक्त चक्कर लगवाएगा। वहीं स्पेशल ट्रेनों से रेगुलर ट्रेनों के वेटिंग के पैसेंजरों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराई जाएगी। इतना ही नहीं रोडवेज प्रशासन की ओर से जर्जर बसों की मरम्मत पर भी फोकस किया जा रहा है। परिवहन निगम मुख्यालय से प्रदेश के 20 क्षेत्रों को दो करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन पैसों से बसों की मरम्मत कराकर 28 फरवरी तक मुख्यालय को रिपोर्ट देनी होगी। होली आठ मार्च को है, जिसके चार दिन पूर्व व पांच दिन बाद तक होली स्पेशल बसों को चलाया जाएगा। परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि तीन हजार बसों के अतिरिक्त फेरे लगाने वाले बस ड्राइवर और कंडक्टरों को प्रोत्साहन भत्ता भी मिलेगा। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का भी निर्णय लिया गया है। 04064 आनंद विहार जोगबनी टर्मिनस, 04070 आनन्द विहार सीतामढ़ी चार से 11 मार्च तक हर मंगलवार को चलेंगी।

### फेमिना मिस इंडिया 2023 में बिहार की बेटी तनुश्री भी बिखेरेंगी अपना जलवा



**पटना।** फेमिना मिस इंडिया 2023 में बिहार की बेटी तनुश्री भी अपना जलवा बिखेरेंगी। तनुश्री ने टॉप 30 कंटेस्टेंट में अपनी जगह बनाई है। ग्रैंड फिनाले में मिस इंडिया ताज के लिए पूरे भारत से आई कंटेस्टेंट से उनका मुकाबला हो गया। तनुश्री का चुनाव बिहार को रिप्रेजेंट करने के लिए हुआ है। फिलहाल वह दिल्ली में रह रही हैं। मीडिया से बातचीत करने हुए तनुश्री ने बताया, ₹ मिस इंडिया 2023 में दिल्ली को प्रेजेंट करने के लिए अप्लाई किया था। फेमिना मिस इंडिया में जगह के अनुसार फॉर्म भरने के लिए 3 क्राइटेरिया तय किए हैं। पहला जिस जगह आपका जन्म हुआ हो। दूसरा, जिस जगह पर आपके माता-पिता का जन्म हुआ हो। और तीसरा जहां आप वर्तमान में रहते हैं। तनुश्री ने बताया कि अपने राज्य (बिहार) से फॉर्म भरने के लिए उसने डेडलाइन मिस कर दिया था। इसके बाद उसने दिल्ली के लिए अप्लाई किया। लेकिन, लास्ट टाइम में उसे बिहार के लिए चयनित कर लिया गया। तनुश्री ने बताया कि वह टॉप 30 कंटेस्टेंट में अपनी जगह पक्की कर काफी खुश हूं। आपलोग मिस इंडिया बनने के लिए दुआ करें।

## खास खबर

### कुलगाम में हिजबुल मुजाहिदीन के तीन सदस्य गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के तीन सक्रिय सदस्यों (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हें हथियार और गोला-बारूद ले जा रहे राष्ट्र विरोधी तत्वों के आवाजाही की सूचना मिली थी, जिसके बाद शुक्रवार शाम दादरकूट-आलमगंज चौराहा पर एक चौकी स्थापित कर मोटरसाइकिल पर जा रहे तीन संदिग्धों को रोका गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनके पास से तलाशी के दौरान एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 13 कारतूस बरामद किये गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मोहम्मद अब्बास वागे, गौहर शफी मीर और निसार रहमान शेख के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया, ह्यह्य पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वे आतंकवादी वारदात में शामिल थे और आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन को सहायता प्रदान कर रहे थे।"

### त्रिपुरा: चुनाव के बाद हुई हिंसा में सौ से अधिक लोग घायल

अगरतला। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के बाद तीन दिनों में हुई हिंसा में अब तक सौ से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार इस चुनावी हिंसा के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी टिपरा मोथा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) और कांग्रेस पर विभिन्न जिलों में अपने समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। विपक्षी नेताओं ने भी जवाब में भाजपा पर चुनावी हमले के आरोप लगाए। हिंसा के बाद पूरे राज्य के लगभग सभी जिला अस्पतालों में औसतन 08 से 10 लोगों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। चुनाव संबंधित हिंसा के बाद तीन दिनों में कम से कम 22 लोगों को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# दक्षिण कोरिया का दावा: उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

## एक दिन पहले दी थी कार्रवाई की धमकी



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने बताया कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को अपने पूर्वी तट से समुद्र की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया का यह कदम अगले सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास से पहले आया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा, उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में एक अज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल दागी। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, जापान के तटरक्षक बल ने भी यह कहा कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस पूर्वी सागर को जापान सागर के नाम से जाना जाता है। इस प्रक्षेपण से एक दिन पहले उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 'अभूतपूर्व' कार्रवाई करने की धमकी दी थी। समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरियाई सेना के हवाले से कहा है कि उत्तर कोरिया ने दिसंबर में पूर्वी सागर में मध्यम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण किया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्हें उत्तर प्योंगान प्रांत के तोंगचांग-आरआई इलाके से स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 13 मिनट से दोपहर 12 बजकर पांच मिनट के बीच प्रक्षेपण का पता चला। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के मुताबिक, मिसाइलों को स्टीप एंगल से दागा गया और उन्होंने लगभग 500 किलोमीटर की दूरी तय की। जेसीएस ने कहा कि दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के खुफिया अधिकारी उत्तर कोरिया की हालिया मिसाइल गतिविधियों के संबंध में अन्य विवरणों के लिए विश्लेषण कर रहे हैं।

### सपा से निकाले जाने पर रोली तिवारी मिश्र ने अखिलेश यादव पर किया पलटवार, ट्वीट कर कही ये बात

**लखनऊ।** सपा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह एवं पूर्व प्रवक्ता रोली तिवारी मिश्रा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। दोनों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इस पर रोली तिवारी मिश्रा ने ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी है और अखिलेश यादव पर तंज कसा है।

उन्होंने ट्वीट किया कि 6 वर्षों की निष्ठा के इस पुरस्कार के लिए आभार आदरणीय अखिलेश यादव जी। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रद्रोहियों, सनातन धर्मद्रोहियों, रामद्रोहियों के खिलाफ आवाज उठाती थी उठाती रहूंगी। सनातन धर्म के स्वाभिमान प्रभु श्रीराम, श्रीरामचरितमानस के सम्मान के लिए ऐसे हजारों निष्कासन स्वीकार मुझे स्वीकार हैं।

ऋचा सिंह ने प्रयागराज पश्चिम विधानसभा से 2017 और 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ा था। हार के बाद वह लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रही थीं। इसी तरह पूर्व प्रवक्ता व आगरा दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी रहीं डॉ. रोली तिवारी मिश्रा ने स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान आने के बाद निरंतर बयानबाजी कर रही थीं।

# आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद में आई 80 फीसदी कमी, बताए अमृतकाल के तीन लक्ष्य: शाह

## 'अगले पच्चीस वर्षों में सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंचेगा भारत'



**नागपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में अस्सी फीसदी तक की कमी आई है। शाह नागपुर में एक मराठी अखबार की स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। 'अमृतकाल' के तीन बड़े उद्देश्यों को बताते हुए शाह ने कहा कि पहला उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी के सामने स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान को दिखाना है। दूसरा उद्देश्य पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा की गई प्रगति को लोगों के सामने लाना है, जबकि तीसरा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत अगले 25 वर्षों में सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंच जाए।

***'कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद से हिंसा में आई कमी'***

उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में 80 प्रतिशत की कमी आई है। मोदी सरकार से पहले देश को कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ के चलते आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। शाह ने कहा, आज, मैं कह सकता हूं कि मोदी सरकार के तहत कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

***'पिछले तीन वर्षों में कश्मीर में हुआ 12 हजार करोड़ का निवेश'***

गृहमंत्री शाह ने कहा, कश्मीर घाटी में एक साल में करीब 1.8 करोड़ पर्यटक आए, जो की बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 70 वर्षों में मात्र 12 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन मोदी सरकार के तहत उसे महज तीन साल में 12 हजार करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा, कश्मीर में हर घर में नल का पानी और बिजली उपलब्ध कराई गई है, जो एक बड़ा बदलाव है

***'रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर और दुनिया का विनिर्माण केंद्र बन रहा देश'***

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद में काफी कमी आई है और विवादास्पद कानून सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूर्वोत्तर के करीब साठ फीसदी हिस्से से हटा लिया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण भारत को दुनिया में शीर्ष पर देखना है। उन्होंने कहा, भारत सत्तर फीसदी आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है और मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया में विनिर्माण केंद्र में बदल रहा है।

***'हाइड्रोजन प्रोडक्शन में दुनिया का नेतृत्व करेगा भारत'***

उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे फैसले ले रही है जो लोगों के लिए फायदेमंद हैं और भारत दो से तीन साल में हाइड्रोजन प्रोडक्शन में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा, इसी तरह भारत उपग्रहों के क्षेत्र में चार से पांच साल में काफी आगे हो जाएगा।

***'शास्त्री के बाद मोदी ऐसे पीएम, जिनकी अपील जनता ने सुनी'***

उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्ट-अप भी दुनिया के सामने अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं। गृह मंत्री ने भारत में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के प्रयासों के लिए मोदी की प्रशंसा की और कहा कि जनता कर्फ्यू के उनके आह्वान को भारी प्रतिक्रिया मिली। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सप्ताह में एक बार भोजन न करने के आह्वान को याद करते हुए शाह ने कहा कि शास्त्री के बाद मोदी एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनकी भारत में जनता ने सुनी।

# शराब घोटाला मामला: मनीष सिसोदिया से आज पूछताछ करेगी सीबीआई

## बोले- मैं हमेशा जांच में सहयोग करूंगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में रविवार को केंद्रीय अंवेषण ब्यूरो (सीबीआई) उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ करेगी। यह पूछताछ सीबीआई के दिल्ली स्थित मुख्यालय में होगी। इस खबर की पुष्टि सीबीआई के सूत्रों ने की है। इसे लेक्र मनीष सिसोदिया ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, 'सीबीआई ने कल फिर बुलाया है। मेरे खिलाफ इन्होंने उइक्, एऊ की पूरी ताकत लगा रखी है, घर पर रेड, बैंक लॉकर तलाशी, कहीं मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला। मैंने दिल्ली के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया है। ये उसे रोकना चाहते हैं। मैंने जांच में हमेशा सहयोग किया है और करूंगा।' शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया से पहले भी कई बार पूछताछ हो चुकी है। इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है और अब तक किसी भी आरोपपत्र में मनीष सिसोदिया का नाम नहीं आया है।

***ईडी भी कर रही मामले की जांच***

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में पांच लोगों के अलावा सात कंपनियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र जनवरी में दाखिल किया था। ईडी की ओर से दायर दूसरे आरोपपत्र में भी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम शामिल नहीं है। मामले में दर्ज प्राथमिकी में सिसोदिया का नाम है।

# पीएम को महाराष्ट्र आने के लिए बालासाहेब का चेहरा चाहिए, बैठक के बाद बोले उद्धव ठाकरे

## शिवसेना से ठाकरे परिवार का नियंत्रण खत्म! शिंदे गुट के पास बहुमत



**मुंबई।** चुनाव आयोग द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को असली शिवसेना मानने के एक दिन बाद उद्धव ठाकरे ने अपने धड़े के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में तय किया गया है कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और लोगों को यह बताएंगे कि उनका चुनाव चिन्ह चोरी हुआ है। उद्धव ठाकरे ने पार्टी समर्थकों को लोगों के बीच जाने की अपील की और कहा कि जनता तय करेगी कि शिवसेना किसकी है। प्रधानमंत्री को लगता है कि शिवसेना को खत्म कर देंगे लेकिन शिवसेना कभी खत्म नहीं होगी। उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि उन्हें बालासाहेब ठाकरे का चेहरा चाहिए, उन्हें चुनाव चिन्ह चाहिए लेकिन शिवसेना का परिवार नहीं। पीएम नरेंद्र मोदी को महाराष्ट्र आने के लिए बाला साहेब ठाकरे के चेहरे की जरूरत है, राज्य के लोग जानते हैं कौन सा चेहरा असली है और कौन नहीं।

शिंदे गुट को चुनौती देते हुए ठाकरे ने कहा कि मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर वे मर्द हैं तो चोरी का 'धनुष-बाण' लेकर भी हमारे सामने आएं, हम 'मशाल' लेकर चुनाव लड़ेंगे।' यह हमारी परीक्षा है, युद्ध शुरू हो गया है। बता दें पार्टी के भविष्य के कदम पर भी इस बैठक में चर्चा हुई। इस बैठक में पार्टी नेता और प्रवक्ताओं समेत शिवसेना उद्धव बालासाहेब गुट के सभी बड़े नेता शामिल हुए। यह बैठक ठाकरे के निवास मातोश्री में हुई। चुनाव आयोग के फैसले को शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार को चुनाव आयोग ने 'शिवसेना' नाम और इसका चुनाव चिन्ह 'धनुष और तीर' एकनाथ शिंदे गुट को देने का फैसला किया है। साल 1966 में बाल ठाकरे द्वारा बनाई गई शिवसेना पर अब ठाकरे परिवार का नियंत्रण खत्म माना जा रहा है। छह महीने पहले एकनाथ शिंदे ने चुनाव आयोग में याचिका दाखिल की थी। जिस पर अब तीन सदस्यों वाले आयोग ने एकनाथ शिंद के पक्ष में फैसला सुनाया है। एकनाथ शिंदे के पास पार्टी के 55 विधायकों में से 40 विधायकों का और 18 लोकसभा सांसदों में से 13 का समर्थन है। संख्या बल के आधार पर ही चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को असली शिवसेना माना है। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि 40 विधायक शिंदे गुट का समर्थन कर रहे हैं, जिसके चलते पार्टी को मिले कुल 47,82,440 वोटों में से 36,57,327 वोटों, जो कि कुल वोटों का 76 फीसदी हैं।

# कोरोना के बाद भारत में कैंसर मरीज बढ़े: कहा-लोगों ने आंखों की रोशनी खोई, सुनने में परेशानी भी बढ़ी

## गोवा में तीन दिवसीय योग शिविर में बोले रामदेव



**गोवा।** योग गुरु रामदेव ने दावा किया कि देश में कोरोना महामारी के बाद कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने गोवा के मीरामार बीच पर शनिवार सुबह एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा- कोरोना के बाद कैंसर के मामले बढ़ गए हैं। लोगों ने आंखों की रोशनी, सुनने की क्षमता भी खो दी है।

गोवा में पतंजलि योग समिति की ओर से तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रामदेव के साथ मंच पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। इस दौरान रामदेव ने कहा- मेरा भी सपना है कि गोवा वेलनेस का सेंटर बने। पीएम नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि भारत वेलनेस का ग्लोबल सेंटर बनना चाहिए।

रामदेव ने कहा कि पर्यटकों को केवल घूमने के लिए नहीं, बल्कि ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, कैंसर और अन्य बीमारियों का इलाज कराने के लिए गोवा आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोवा को योग, आयुर्वेद, सनातन और अध्यात्म का पर्यटन केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा- दो महीने के दौरान जब राज्य में पर्यटकों की संख्या कम है, हम आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे सकते हैं। दुनिया भर से लोग यहां आएंगे। उन्होंने होटल इंडस्ट्री से आग्रह किया कि वे 'पंचकर्म' ट्रीटमेंट शुरू करें और पर्यटकों को योग से परिचित कराएं। रामदेव ने कहा- गोवा खाने-पीने का अड्डा नहीं होना चाहिए। जीवन सिर्फ खाने, पीने और मरन के बारे में नहीं है।

# निक्की और साहिल की शादी की तस्वीरें आई सामने, आर्य समाज मंदिर के पुजारी बोले– उस दिन दोनों खुश थे

## साहिल के मित्र बने शादी के गवाह, साहिल के परिवार को थी शादी की जानकारी



दिल्ली के चर्चित निक्की हत्याकांड मामले में अब एक और नया खुलासा हुआ है। निक्की और साहिल ने साल 2020 में ग्रेटर नोएडा के जिस आर्यसमाज मंदिर में शादी की थी उसकी तस्वीरें सामने आ गई हैं। दोनों की जयमाल की फोटो सामने आई है। निक्की हत्याकांड मामले में साहिल शुरूआत से पुलिस को गुमराह कर रहा था कि वो और निक्की लिव-इन में रह रहे थे लेकिन अब साहिल के खुलासे ने पुलिस की जांच की दिशा बदल दी है।

पुलिस जांच में साहिल ने खुलासा किया कि उसकी और निक्की की 2020 में ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी हो गई थी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अनुसार वह दोनों लिव-इन में नहीं बल्कि पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे। इस शादी में साहिल के मित्र गवाह बने थे।

मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस शादी के दो लोग गवाह थे लेकिन उन्हें नहीं पता कि वह निक्की की तरफ से थे या साहिल की तरफ से। पुजारी ने बताया कि दोनों जब शादी के लिए आए थे तो बेहद खुश दिख रहे थे। वह तो ऐसी किसी वारदात के बारे में सोच भी नहीं पा रहे।

साहिल और निक्की की शादी कराने वाले पुजारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के अपराध शाखा की टीम शुक्रवार रात मंदिर में आई थी और शादी से जुड़े सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज अपने साथ ले गई।

साहिल के पिता व दोस्तों को उसके और निक्की के शादी की जानकारी थी। ये बात अपराध शाखा की जांच में सामने आई है। सब जानकर भी साहिल के पिता ने उस पर निक्की को छोड़कर दूसरी शादी करने का दबाव बनाया और शादी करवाई भी। यही नहीं साहिल ने निक्की के शव को अपने ढाबे के फ्रिज में रखने के बाद अपने पिता को भी कत्ल की पूरी जानकारी दे दी थी, इसके बावजूद वह चुप रहे और साहिल की दूसरी शादी करवाई।

### हज यात्रा पर नहीं जा सकेंगे 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, लगी रोक

**लखनऊ।** हज यात्रा को लेकर सऊदी अरब सरकार ने एक निर्देश जारी किया है। जिसके मुताबिक इस बार हज यात्रा पर 12 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं जा सकेंगे। हज के लिए आवेदन कर चुके बच्चों के आवेदन निरस्त माने जाएंगे। इसको लेकर हज कमेटी ऑफ इंडिया ने नया सर्कुलर जारी कर दिया है। यूपी स्टेट हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने बताया कि सऊदी अरब सरकार के मुताबिक माता-पिता के साथ उन्हीं बच्चों के आवेदन स्वीकार किये जाएंगे, जिनकी उम्र 30 मार्च 2023 को 12 साल पूरी हो चुकी है। गौरतलब है कि हज यात्रा के लिये 10 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन किये जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तारीख 10 मार्च है।



**मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से आए 12 चीतों का जोरदार स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और वनमंत्री भूपेंद्र सिंह ने सभी चीतों को क्वारंटीन बाड़ों में रिलीज किया है। इन्हें मिलाकर कूनो में चीतों की संख्या 20 हो चुकी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाबिमिया से आए आठ चीतों को 17 सितंबर 2022 को क्वारंटीन बाड़ों में छोड़ा था।**

जनसंदेश टाइम्स

# मनी मैटर्स

प्रयागराज, रविवार, 19 फरवरी 2023





**सेंसेक्स**

316.94 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत का गोता लगाकर 61002.57 अंक



**सोना**

सोना 225 रुपये की तेजी के साथ 56,722 रुपये प्रति 10 ग्राम

# भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक साल बाद व्यापार में 27.5 फीसदी की वृद्धि

## यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी अल जायोदी ने सीईपीए द्वारा पेश किए गए अपार अवसरों और लाभों के बारे में बात की

**दुबई।** ऐतिहासिक भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर 18 फरवरी, 2022 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। सीईपीए पर हस्ताक्षर करने के एक साल पूरे होने पर, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा भारतीय दूतावास, अबू धाबी, भारत के महावाणिज्य दूतावास, दुबई और दुबई चैंबर्स के सहयोग से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत और यूएई के 200 से अधिक प्रमुख व्यवसायों ने भाग लिया।



सभा को संबोधित करते हुए यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी अल जायोदी ने सीईपीए द्वारा पेश किए गए अपार अवसरों और लाभों के बारे में बात की। राजदूत संजय सुधीर ने अपने बयान में कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात दोनों के व्यापार ने पहले ही सीईपीए के तहत पेश की गई शुल्क छूट और बढ़ी हुई बाजार पहुंच का लाभ उठाना शुरू कर दिया है। ऐतिहासिक भारत-यूएई सीईपीए यूएई द्वारा संपन्न पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है और एमईएनए क्षेत्र में भारत का पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। भारत-यूएई सीईपीए एक व्यापक समझौता है, जिसमें व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य देखभाल, डिजिटल व्यापार सरकारी खरीद, आईपीआर आदि सहित संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत की आर्थिक भागीदारी के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

सीईपीए ने द्विपक्षीय व्यापार में नए अवसर पेश किए हैं और उम्मीद है कि पांच साल के भीतर द्विपक्षीय व्यापार में अरबों डॉलर की वृद्धि हो जाएगी। द्विपक्षीय व्यापार में प्रभावशाली समग्र वृद्धि समझौते से अर्जित शुरूआती लाभ का प्रतिबिंब है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर 2022 के पहले आठ महीनों के दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वर्ष की इसी अवधि के 45.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 57.8 बिलियन डॉलर हो गया है, प्रतिशत के संदर्भ में 27.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि और मूल्य के संदर्भ में 12.5 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

इसी अवधि के दौरान, संयुक्त अरब अमीरात में भारत के निर्यात में 19.32 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 17.45 अरब डॉलर से 20.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो मूल्य के संदर्भ में 3.35 अरब डॉलर की वृद्धि थी। इसके अलावा, मई 2022 से ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण साझेदारियां शुरू की गई हैं। दुबई गोल्ड एंड ज्वैलरी ग्रुप के वाइस चेयरमैन और सिरोया ज्वैलर्स के मालिक चंदू सिरोया ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, सीईपीए के बाद हमारे लिए भारत से आभूषण खरीदना और दूसरे देशों को बेचना बहुत आसान हो गया है, उदाहरण के लिए, अगर कोई ग्राहक वे किसी अन्य देश से आ रहे थे और वे भारत जाना चाहते थे, वे भारत में सोना नहीं ले जा सकते थे। उन्होंने कहा- भारतीय धष्टिकोण से, जैसा कि भारत एक विशाल देश है और आभूषण बाजार सभी विभिन्न राज्यों में विस्तारित हैं, अब हम उन्हें आसानी से सोने के बाजार में ला सकते हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के सामने प्रदर्शित कर सकते हैं।

## एफसीआई ई-नीलामी में थोक उपभोक्ताओं को 11.72 लाख टन गेहूं की करेगा पेशकश

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अगले सप्ताह होने वाली तीसरी ई-नीलामी के दौरान आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 11.72 लाख टन गेहूं की बिक्री पेशकश करेगा। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। एफसीआई ने घरेलू कीमतों की तेजी रोकने के लिए किए गए सरकारी प्रयासों के तहत मार्च अंत तक खुली बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत थोक उपभोक्ताओं को 25 लाख टन गेहूं बेचने की योजना बनाई है। पिछले दो साप्ताहिक ई-नीलामी में लगभग 12.98 लाख टन गेहूं बेचा गया था, जिसमें से 8.96 लाख टन पहले ही बोलीदाताओं द्वारा उठा लिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप गेहूं और आटा की खुदरा कीमतों में गिरावट आई है। खाद्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि एफसीआई 22 फरवरी को सुबह 11 बजे होने वाली तीसरी ई-नीलामी के दौरान देश भर के अपने 620 डिपो से 11.72 लाख टन गेहूं की बिक्री पेशकश करेगा। शुक्रवार रात 10 बजे तक एम-जंक्शन के ई-पोर्टल पर अपना



पंजीकरण कराने वाले बोलीदाताओं को इस नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। बयाना राशि जमा करने और अपलोड करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी दोपहर 2:30 बजे तक है। सरकार ने शुक्रवार को गेहूं और आटे की कीमतों में कमी लाने के लिए ओएमएसएस योजना के तहत गेहूं की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य को और कम कर दिया। उचित और औसत (एफएक्यू) गुणवत्ता वाले गेहूं का आरक्षित मूल्य घटाकर 2,150 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि अंडर रिलैक्स्ड स्पेसिफिकेशंस या कुछ कम गुणवत्ता वाले (यूआरएस) गेहूं का आरक्षित मूल्य 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

### हजारों कर्मचारियों को सबपर प्रदर्शन रेटिंग देगा मेटा, और छंटनी की संभावना

सैन फ्रांसिस्को। मेटा ने कथित तौर पर प्रदर्शन समीक्षा के एक नए दौर में हजारों कर्मचारियों को सबपर रेटिंग दी है, संभवतः कंपनी में अधिक छंटनी की संभावना तेज हो गई है।वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए बताया कि मेटा में नेतृत्व उम्मीद करता है कि आने वाले हफ्तों में अधिक कर्मचारियों को छोड़ने के लिए रेटिंग का नेतृत्व करें। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर पर्याप्त नहीं हुआ तो कंपनी छंटनी के एक और दौर पर विचार करेगी। मेटा प्रबंधकों ने लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों को मीट्स मोस्ट की रेटिंग दी, जो कि कंपनी में दूसरी सबसे कम प्रदर्शन रेटिंग है। सबसे कम रेटिंग मीट्स सम दुर्लभ है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, मेटा के भीतर, कुछ कर्मचारी नए काम के अवसरों की तलाश के लिए इस तरह की रेटिंग को एक संकेत के रूप में लेते हैं। प्रदर्शन रेटिंग से पता चलता है कि सामाजिक नेटवर्क पर अधिक नौकरियों में कटौती होने की संभावना है। हमारे पास हमेशा उच्च प्रदर्शन की लक्ष्य-आधारित संस्कृति रही है और हमारी समीक्षा प्रक्रिया का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्रवाई योग्य प्रतिक्रिया प्राप्त करने में मदद करते हुए लॉन्ग टर्म सोच और उच्च गुणवत्ता वाले काम को प्रोत्साहित करना है।

## नील मोहन ने किया लखनऊ का सिर ऊंचा, सेंट फ्रांसिस स्कूल से यूट्यूब के सीईओ तक के सफर की कहानी

### दुनिया इन्हें गूगल के 100 मिलियन डॉलर मैन के नाम से भी जानती है

**लखनऊ।** भारतीय मूल के अमेरिकी नील मोहन अब यू-ट्यूब के सीईओ होंगे। नील भले ही देश-दुनिया के लिए इंडो-अमेरिकन हैं पर लखनऊ के लोगों के लिए यह खबर इसलिए खास है कि क्योंकि एक लखनवी ने यू-ट्यूब की कमान संभाली है। दुनिया उन्हें गूगल के 100 मिलियन डॉलर मैन के नाम से भी जानती है। सुसैन वोजिस्की के इस्तीफे के बाद नील को यह कमान सौंपी गई है।

***सेंट फ्रांसिस स्कूल से स्टैनफोर्ड तक तय किया सफर***

नील मोहन ने लखनऊ के सेंट फ्रांसिस स्कूल से कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के लिए स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी चले और वहीं बस गए। कक्षा नौ में उनकी क्लास टीचर रहीं प्रो. निशी पांडेय ने क्लास ग्रुप फोटो साझा करते हुए बताया कि बैठे बच्चों के ठीक पीछे वाली पहली पंक्ति में एकदम बाएं...नील मोहन है। वह क्लास का होनहार छात्र था।



***इंटरनेट से पहला परिचय उसी ने करवाया***

एचआर कंसल्टेंट गौतम घोष कहते हैं कि 1993-94 में वो आया था, तब उसने पहली बार हम सबका परिचय इंटरनेट से करवाया। बताया कि इंटरनेट की मदद से क्या कुछ जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। जो उससे सुना था, उसे पहली बार हम लोगों ने 1998-1999 में इस्तेमाल किया था। उसका घर रिवर बैंक कॉलोनी में था। उसकी ऊंची सोच, उसके सपनों का अंदाजा उसके कमरे की दीवार पर लिखे कैल टेक...(कैलिफोर्निया टेक यूनिवर्सिटी) शब्द से लगाया जा सकता है।

***हर दिल अजीज 100 मिलियन मैन को बधाई***

केजीएमयू के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि सेठी कहते हैं कि हमारे अजीज मित्रों में से एक, शांत रहने वाले गूगल के 100 मिलियन मैन को बहुत बधाई। ये तो सब जानते हैं कि गूगल ने उसे 100 मिलियन डॉलर का बोनस देकर रोका था।

***लाइब्रेरी में ज्यादा वक्त बीतता था, स्कूल में सीखी हिंदी***

ऑनलाइन एजुकेशन बिजनेस से जुड़े शांतनु कुमार कहते हैं कि 1985 में हमारे स्कूल के सौ वर्ष पूरे हुए थे। 101वें वर्ष में प्रवेश के समय हम कक्षा 7 डी में थे। उस वक्त एक अंग्रेजी बोलने वाला बच्चा आया था, जिसकी विदेशी उच्चारण वाली इंग्लिश सबको आकर्षित करती थी। हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी लेकिन स्कूल में रहते हिंदी सीख ली। ज्यादातर वक्त लाइब्रेरी में जाता था। कक्षा 12 के बाद वो चला गया, फिर संपर्क नहीं हुआ।

### सैमसंग ने पेश किया जीरो-क्लिक एंटीवायरस मैसेज गार्ड

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज सैमसंग ने अपने गैलेक्सी स्मार्टफोन्स और टैबलेट्स के लिए एक नया सैमसंग मैसेज गार्ड सिक्योरिटी फीचर पेश किया है, ताकि यूजर्स को जीरो-क्लिक एक्सप्लॉइट्स से बेहतर तरीके से बचाया जा सके।टेक जायंट ने शुक्रवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि सैमसंग मैसेज गार्ड सिक्योरिटी एक कदम आगे ले जाता है और इमेज अटैचमेंट के रूप में छिपे हुए खतरों को सीमित करके यूजर्स के डिवाइस की सुरक्षा करता है। जीरो-क्लिक एक्सप्लॉइट्स यूजर डेटा को लक्षित करने वाले बढ़ते साइबर क्राइम के युग में नया खतरा है। दुनिया भर में तीन में से एक उपभोक्ता डेटा उल्लंघन का शिकार हुआ है, जहां उनका पर्सनल डेटा हैक कर लिया गया। कंपनी ने उल्लेख किया कि 2013 और 2021 के बीच तिगुनी से अधिक दरों के साथ डेटा उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। नया मैसेज गार्ड एक एडवांस सैंडबॉक्स या एक प्रकार का वर्चुअल क्वारंटीन है।

## कुछ सूचकांकों में मिलेगी अडाणी विल्मर और अडाणी पावर को जगह

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई ने अडाणी समूह की दो कंपनियों- अडाणी विल्मर और अडाणी पावर को अपने कुछ प्रमुख सूचकांकों के घटकों में शामिल करने का फैसला किया है। नई व्यवस्था 31 मार्च, 2023 से लागू होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार देर रात एक बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, अडाणी विल्मर को निफ्टी नेक्स्ट 50 और निफ्टी 100 सूचकांकों में शामिल किया जाएगा जबकि अडाणी पावर निफ्टी 500, निफ्टी 200, निफ्टी मिडकैप 100, निफ्टी मिडकैप 150, निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 और निफ्टी मिडस्मॉलकैप 400 सूचकांक का हिस्सा होगी। एनएसई इंडेक्स लिमिटेड की सूचकांक रखरखाव उप-समिति ने अपनी समीक्षा के दौरान विभिन्न सूचकांकों में अडाणी समूह के शेयरों को जगह देने का निर्णय लिया है। हालांकि, एनएसई ने अपने निफ्टी 50 सूचकांक में कोई बदलाव नहीं किया है। इसमें पहले की ही तरह अडाणी समूह की



दो कंपनियां- अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड की मौजूदगी बनी हुई है। निफ्टी के नेक्स्ट 50 सूचकांक में अडाणी विल्मर के अलावा एबीबी इंडिया, केनरा बैंक, पेज इंडस्ट्रीज और वरुण बेवरेजेज को भी शामिल किया जा रहा है। दूसरी तरफ, बंधन बैंक, बायोकॉन, ग्लैंड फार्मा, एम्फेसिस और पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस) को निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक से हटाया जा रहा है। अडाणी समूह के शेयरों में पिछले 25 दिनों में भारी गिरावट आई है। अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर-कीमत में हेराफेरी के आरोप लगाए जाने के बाद से इन कंपनियों के शेयरों में उठापटक देखी जा रही है।

### अमेजन ने कर्मचारियों से हफ्ते में तीन दिन ऑफिस आने को कहा

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कर्मचारियों से 1 मई से सप्ताह में तीन दिन कार्यालय आकर काम करने को कहा है। हालांकि जेसी ने स्वीकार किया कि दुनिया भर में हजारों कर्मचारियों को अमेजन के कार्यालयों में वापस लाना आसान नहीं है।उन्होंने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, हम योजना विकसित करने के लिए उन टीमों को कुछ समय देने जा रहे हैं जिन्हें उस काम को करने की आवश्यकता है। हम जानते हैं कि यह पहली बार में सही नहीं होगा, लेकिन आने वाले महीनों (और वर्षों) में कार्यालय के अनुभव में लगातार सुधार होगा। जेसी ने कहा, मुझे पता है कि लोगों के मन में सवाल होंगे कि यह बदलाव कैसे लागू किया जाएगा। हम आने वाले हफ्तों में उन विवरणों को अंतिम रूप देंगे।

महामारी के तीन साल हो गए हैं जब अमेजॅन ने सिफारिश की थी कि उसके सभी कर्मचारी जो घर से काम करने में सक्षम हैं, वे ऐसा करें।

## सैन फ्रांसिस्को होता जा रहा खाली, मस्क ने बताया दुखद



**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को महामारी से पलटाव करने वाले सबसे धीमे अमेरिकी बाजारों में से एक रहा है, क्योंकि टेक कंपनियों ने अपने कार्यालय नहीं खोले और बड़े पैमाने पर छंटनी के बीच दूरस्थ कार्य को बढ़ावा दिया।

रेगन ने इस सप्ताह कंपनी की तिमाही कॉल के दौरान कहा कि वे अब यह नहीं मानते हैं कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में सैन फ्रांसिस्को में अतिरिक्त स्थान सबलीज पर देगी।

पोडकास्टर एलिजा शेफर ने ट्वीट किया कि सैन फ्रांसिस्को खाली और खाली हो रहा है। शेफर ने कहा, दुख की बात है कि इस शहर के साथ क्या हो रहा है, यह डरावना है। मस्क ने उत्तर दियाः दुखद। मुझे आशा है कि एसएफ (सैन फ्रांसिस्को) इस खालीपन से वापस आ जाएगा। यह अद्भुत लोगों का एक सुंदर शहर है। अपने ट्वीट से जुड़े एक वीडियो में शेफर ने कहा कि उनके कार्यालय के पास सैन फ्रांसिस्को के डाउनटाउन में इतने सारे व्यवसाय बंद हो गए हैं। मस्क ने पिछले महीने कहा था कि सैन फ्रांसिस्को में ऑफिस का किराया और कम होगा। ट्विटर का मुख्यालय शहर में है। क्राफ्ट वेंचर्स के सह-संस्थापक और पार्टनर डेविड सैक्स ने ट्वीट किया कि उन्हें सैन फ्रांसिस्को में 2009 की कीमत पर ऑफिस स्पेस की पेशकश की गई थी। वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बीच, तकनीकी कंपनियों में महामारी के पिछले तीन वर्षों में सैन फ्रांसिस्को को घर से काम के रूप में सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा और महंगी अचल संपत्ति ने शहर के विकास को रोक दिया है।

## पाकिस्तान में मुद्रास्फीति दर बढ़कर 38.4% पर पहुंची, चिकन, पेट्रोल, घी, खाद्य तेल सब महंगा

**कराची।** नकदी की भारी किल्लत का सामना कर रहे पाकिस्तान में वार्षिक मुद्रास्फीति दर इस सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड 38.42 प्रतिशत पर पहुंच गई। जरूरी वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होने से पाकिस्तान में मुद्रास्फीति इस स्तर पर पहुंची है।



समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने शनिवार को पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा कि अल्पावधि मुद्रास्फीति का मापन करने वाला संवेदी कीमत सूचकांक (एसपीआई) इस सप्ताह सालाना आधार पर बढ़कर 38.42 प्रतिशत हो गया।

साप्ताहिक स्तर पर एसपीआई में 2.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले सप्ताह 0.17 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। पिछले सप्ताह सालाना स्तर पर एसपीआई मुद्रास्फीति 34.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी। मुद्रास्फीति में यह वृद्धि पाकिस्तान सरकार के नए कर लगाने और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ाने के कारण हुई है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से 1.1 अरब डॉलर की मदद मिलने की शर्त के तौर पर यह कदम उठाया है। पेट्रोल की कीमतों में एक सप्ताह में 8.82 प्रतिशत, पांच लीटर खाद्य तेल की कीमतों में 8.65 प्रतिशत, एक किलोग्राम घी के दाम में 8.02 प्रतिशत, चिकन मीट की कीमतों में 7.49 प्रतिशत और डीजल की कीमत में 6.49 प्रतिशत वृद्धि हुई है। साप्ताहिक स्तर पर टमाटर की कीमतों में 14.27 प्रतिशत की कमी आई है, जिसके बाद प्याज की कीमतों में 13.48 प्रतिशत, अंडों की कीमतों में 4.24 प्रतिशत, लहसुन की कीमतों में 2.1 प्रतिशत और आटा की कीमतों में 0.1 प्रतिशत की कमी आई है।

## एमएजी वर्ल्ड एक्सपो-2023 में हुआ केडीएम कार्निवल का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** मोबाइल एक्सेसरीज और गैजेट्स की दुनिया में तहलका मचाने के लिए मुंबई स्थित लाइफस्टाइल प्रोडक्ट और प्रीमियम मोबाइल एक्सेसरीज का निर्माण करने वाले प्रमुख ब्रांड केडीएम ने एमएजी वर्ल्ड एक्सपो-2023 के दूसरे एडिशन में बड़े गर्व के साथ केडीएम कार्निवल का प्रदर्शन किया। मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में 15 से 17 फरवरी 2023 के दौरान इस खास ट्रेड एग्जीबिशन का आयोजन किया गया जिसे बड़ी कामयाबी मिली केडीएम कार्निवल की थीम इस सच्चाई को सामने लाने पर आधारित थी कि छोटी-छोटी चीजें ही आपको बड़ी खुशियाँ देती हैं और जब आप अपने दिल की सुनते हैं तो जीवन एक कार्निवल बन जाता है जिंदगी तो पहले से ही कार्निवाल की तरह बेहद आनंददायक है यह पूरी तरह से आप पर निर्भर है कि आप अपने दिल की बात कैसे मानते हैं। इस मौके पर एन.डी. माली संस्थापक केडीएम ने कहा हम इस शानदार आयोजन में भाग लेकर बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि इस साझेदारी ने हमें नेटवर्क बनाने और अपने प्रीमियम उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच दिया है। केडीएम युवाओं के म्यूजिक और लाइफस्टाइल से जुड़ी जरूरतों के लिए उनके पसंदीदा ब्रांड के तौर पर उभरकर सामने आया है। हम युवाओं को बताना चाहते हैं कि ये जिंदगी आपकी है, और आपको अपने दिल की सुनने का पूरा हक है! अगर कोई चीज आपको प्रसन्नता और खुशी देती है, तो आगे बढ़ें और श्करो दिल की मर्जीश करें। हर लम्हे का भरपूर आनंद लेने पर जीवन एक कार्निवल बन जाएगा। भंवरलाल सुथार सह-संस्थापक केडीएम ने कहा हमने बिल्कुल नई सोच के साथ अपने संभावित ग्राहकों के साथ भावनात्मक रिश्ता कायम करने की कोशिश की है हमें उम्मीद है कि यह उपयोगकताओं को हमारे स्टाइलिश और दमदार वायरलेस स्पीकर्स नेकबैंड्स और हेडफोन्स के साथ अपने जीवन की खुशियों को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



## संक्षेप

### लक्जर पेन के संस्थापक डीके जैन पर डाक टिकट जारी, हैं पायलट और पार्कर जैसे ब्रांड के कलम बनाए

**नई दिल्ली।** पायलट और पार्कर जैसे ब्रांड के पेन और कई प्रकार की अन्य लेखन सामग्री बनाने वाले लक्जर कंपनी समूह के संस्थापक डी के जैन के 80वें जयंती पर उनके सम्मान में डाक विभाग ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है। लक्जर समूह की एक विज्ञप्ति के अनुसार समूह वर्ष 2023 में अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर रहा है। जैन को भारत में पेन और अन्य लेखन सामग्री उद्योग का पथ प्रदर्शक माना जाता है। उन्होंने 1961 में नयी दिल्ली में एक दुकान में हाथ से पेन जोड़ने की एक छोटी इकाई स्थापित की थी। उसमें केवल चार कर्मचारी थे। उन्होंने 1963 में लक्जर ब्रांड शुरू किया । यह समूह अब पार्कर, वाटरमैन और पायलट जैसे विश्व प्रसिद्ध ब्रांडों का स्वामी है और मेक-इन-इंडिया का एक शानदार उदाहरण होने के साथ ही 106 देशों में व्यापार कर रहा है। जैन का 2014 में निधन हुआ और उसके बाद समूह का नेतृत्व उनकी पत्नी उषा जैन (चेयरमैन), पुत्री पूजा जैन गुप्ता (प्रबंध निदेशक) कर रही हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक जैन के 80वें जन्म दिवस पर गुरुवार शाम स्मारक डाक टिकट दिल्ली सर्किल के पोस्टमास्टर जनरल (विदेशी डाक) ने एक कार्यक्रम में जारी किया जिसमें उनके परिजन और मित्रों के साथ कई गणमान्य व्यक्ति, उद्योग-व्यापार जगत के अनेक लोग तथा कंपनी के सदस्य शामिल थे।

### रोल्स रॉयस मरीन: नौसैनिक प्रोपल्सर के लिए कल्याणी स्ट्रेटजिक सर्विस से करार

**मुंबई।** रोल्स रॉयस मरीन नॉर्थ अमेरिका ने नौसेना के लिए समुद्री प्रोपल्सर बनाने के लिए पुणे स्थित भारत फोर्ज की अनुषंगी इकाई केकेएसएल के साथ शुरूआती करार किया है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। रोल्स रॉयस ने कहा कि कल्याणी स्ट्रेटजिक सर्विस लिमिटेड (केएसएसएल) के साथ हुए इस करार में डिजायन और विकास, लाइसेंसीकृत विनिर्माण, बिक्री पूर्व और बिक्री में सहयोग, स्थापन, संचालन, परीक्षण और सर्विस व सहयोग भी शामिल हो सकते हैं। बयान के अनुसार, रोल्स रॉयस के प्रोपल्सन सिस्टम सभी आधुनिक युद्धक जहाजों में उपयोग के लिए डिजायन किए गए हैं और यह कंपनी अमेरिकी नौसेना की प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। बयान में बताया गया कि, दोनों कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) होने से केएसएसएल को भारतीय बाजार में देश में ही प्रोपल्सर प्रदाता बनने का अवसर मिलेगा। रोल्स रॉयस के भारत एवं दक्षिण एशिया अध्यक्ष किशोर जयरामन ने कहा कि केएसएसएल के साथ इस साझेदारी से भारत में कंपनी का रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### डीएसपी म्यूचुअल फंड ने कहा, मजबूत बने हुए हैं भारत के आर्थिक संकेत

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि ऐसे समय में भी मजबूत बनी हुई है, जब दुनिया आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रही है। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने अपनी मासिक रिपोर्ट नेत्र के फरवरी 2023 के अंक में यह कहा है, जो ताजे आर्थिक रुझानों और सही समझ को ट्रैक करता है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत के हाई फ्रीक्वेंसी वाले इंडिकेटर्स मजबूत बने हुए हैं। इनमें जीएसटी का बढ़िया संग्रह, पेट्रोलियम उत्पादों की रिकॉर्ड उच्च बिक्री (खपत के समतुल्य), इलेक्ट्रॉनिक टोल (फास्टैग सहित) का संग्रह शामिल हैं, जो व्यावसायिक गतिविधि और सेंटिमेंट के सकारात्मक होने के साथ-साथ तेज आर्थिक गतिविधि का संकेत देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टरउकइमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में 26% की रैली की तुलना में निफ्टी इंडेक्स के हालिया फ्लैट प्रदर्शन के कारण अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारतीय बाजार का हाई वैल्यूएशन प्रीमियम दूर हो गया है. यह एक सकारात्मक बदलाव है, क्योंकि हाई वैल्यूएशन के कारण भारत में विदेशी निवेश लगभग थम गया था. जैसे-जैसे हम 2023 में आगे बढ़ रहे हैं, कंसोलिडेशन और आय में स्थिर वृद्धि भारत को एक बार फिर से आकर्षक बना सकती है। डीएसपी म्यूचुअल फंड को लगता है कि अभी बॉन्ड मार्केट में मौका है। जब भी आरबीआई ने दरों में वृद्धि की है, कॉरपोरेट बॉन्ड स्प्रेड बढ़े हैं। यह मौद्रिक नीति कम से कम नुकसान पहुंचाने वाली है, क्योंकि दरें पिछली बार की तरह ज्यादा नहीं हैं, लिक्विडिटी की स्थिति पिछले हाइकिंग साइकिल की तुलना में बेहतर है, कॉरपोरेट स्प्रेड भी बहुत अधिक नहीं हैं। इसका मतलब है कि नीतियों के कड़े होने के दौर में भी कॉरपोरेट्स कर्ज ले सकते हैं और दरें भी अभी पहले से ज्यादा अनुकूल हैं। यह दीर्घकालिक दृष्टिकोण से भारत की वृद्धि में मदद करेगा। डीएसपी म्यूचुअल फंड का मानना है कि बैंकिंग क्षेत्र चढ़ने के लिए तैयार है। बैंकिंग इक्विटिज में मौजूदा गिरावट बॉरोअर्स के ऊपर लेंडर्स को तरजीह देने का अच्छा अचसर है। एनएसई बैंक इंडेक्स का एनएसई मेटल इंडेक्स के साथ अनुपात उस समय निचले स्तर पर चला गया था, जब यील्ड कर्व बहुत तेज था और आरबीआई दरों में वृद्धि का सिलसिला शुरू करने वाला था। बैंकिंग शेयरों में हालिया गिरावट और धातु शेयरों में तेजी एक बार फिर से आकर्षक माहौल बनाती है। ऑटो सेक्टर भी काफी आशाजनक दिख रहा है।

### एचएमडी ग्लोबल ने लॉन्च किया नोकिया एक्स30 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** एचएमडी ग्लोबल, होम ऑफ नोकिया फोन्स, ने आज नोकिया एक्स30 5जी लॉन्च किया, जो अब तक का उनका सबसे इको-फ्रेंडली स्मार्टफोन है। नए और बेहतर डिजाइन वाला नोकिया एक्स30 5जी स्मार्टफोन रीसाइकल्ड सामग्री से बना है, जिसमें 100 प्रतिशत रीसाइकल्ड एल्यूमीनियम फ्रेम और 65 फीसदी रीसाइकल्ड प्लास्टिक बैक है। फोन के प्रदर्शन पर किसी भी तरह का समझौता नहीं करने के साथ नोकिया एक्स30 5जी स्मार्टफोन प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है। इनमें शामिल हैं- सबसे अच्छी प्योर व्यू फोटोग्राफी और 6.43 इंच एएमओएलईडी प्योर डिस्प्ले, जिसे आपके हाथ, पॉकेट या पर्स में बेहतर तरीके से फिट होने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही, यह अत्यधिक कठोर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास डिस्प्ले द्वारा सुरक्षित है। सनमीत सिंह कोचर, वाइस प्रेसिडेंट- भारत और एमईएनए, एचएमडी ग्लोबल ने कहा-हमें एक ऐसा फ्लैगशिप स्मार्टफोन पेश करने पर खुशी हो रही है, जो पर्यावरण के लिहाज से सर्वाधिक अनुकूल है। इसके अलावा, नोकिया एक्स30 5जी आज की तारीख में हमारा सबसे छोटा ईको-फुटप्रिंट डिवाइस है! हम प्रत्येक डिवाइस के साथ सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रयास करना जारी रखते हैं। नोकिया एक्स30 5जी के हमारे सस्टेनेबल श्रेणी के उपकरणों में सफल लॉन्च के बाद, हम एक और नोकिया स्मार्टफोन पेश करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिसमें कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के साथ-साथ शानदार प्रदर्शन और विशिष्टताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### छत्तीसगढ़: रायगढ़ में लगेगा सोलर पावर प्लांट, 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी जिंदल

**रायपुर।** जिंदल पावर लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ समझौता अनुबंध(एमओयू) किया हैं। कम्पनी इसमें 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हुए एमओयू पर राज्य शासन की ओर से सचिव वाणिज्य एवं उद्योग भुवनेश यादव एवं जिंदल पावर लिमिटेड की ओर से प्रदीप टंडन ने कल हस्ताक्षर किए। जिंदल के वरिष्ठ अधिकारी टंडन ने बताया कि 84.5 मेगावाट के इस सोलर पावर प्लांट से 11,14,57,000 केडब्ल्यूएच यूनिट प्रतिवर्ष उत्पादन का लक्ष्य रखा गया हैं। उन्होने कहा कि देश में बिजली के उत्पादन में वृद्दि के साथ ही मांग भी लगातार बढ़ रही है, वहीं पर्यावरण के सामने चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर हम ऊर्जा की मांग एवं पूर्ति के बीच सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं, वहीं पर्यावरण को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

# लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## सारनाथ महादेव मंदिर में किया दर्शन पूजन



जनसंदेश न्यूज

**नौपेड़वा।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर शम्भूगंज में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए और मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए सीओ सदर एसपी उपाध्याय, थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह द्वार भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में चक्रमण देर शाम तक लगाते रहे।

सीओ सदर ने बताया कि मंदिर परिसर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा है। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई थानों की पुलिस के साथ जिले से भी फोर्स मंदिर परिसर में लगाएं गये है। मेला परिसर का औचक निरीक्षण सदर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारतीय व तहसीलदार पवन कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान राजस्व निरीक्षक राजेश शुक्ला, हल्का लेखपाल अखिलानंद शर्मा सहित पूरी सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त पायी गयी। मंदिर पुजारन माला शुक्ला ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने के लिए अपार भीड़ लगी हुई है। मंदिर के द्वार भोर चार बजे से खोल दिए गए थे। देर शाम तक श्रद्धालु पूजा अर्चना करते रहे। शाम छः बजे से रात आठ बजे तक बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार और महाआरती की की गयी।

वहीं दूसरी तरफ मंदिर परिसर में यमदग्निपुरम हिन्दू सेना के जिलाध्यक्ष आशुतोष उपाध्याय अपनी पूरी टीम के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए योगदान देते रहे। सेक्रेटरी कृष्ण कुमार मिश्रा ने मंदिर परिसर में लगाएं गये सफाई कर्मचारी को अच्छे से सफाई करने का निर्देश देते रहे। सिकरारा ब्लाक के स्वास्थ्य विभाग की टीम एम्बुलेंस के साथ मंदिर में देर शाम तक मौजूद रही।

## महाशिवरात्रि पर दर्शन पूजन को उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

**चंदवक।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित श्री दुग्धेश्वर महादेव मंदिर, चंदवक स्थित श्री चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, हरिहरपुर स्थित बेलनाथ बाबा मंदिर, मढ़ी स्थित शिवाला मंदिर, डोभी स्टेशन स्थित महादेव मंदिर पर भगवान शिव के दर्शन पूजन को श्रद्धालुओं का सुबह से रेला उमड़ पड़ा जो दोपहर बाद तक चलता रहा। दर्शन पूजन में पुरुषों की अपेक्षा युवतियों व महिलाओं की संख्या अधिकाधिक रही। रामगढ़ स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मेला भी लगा था जहां खरीदारों की काफी भीड़ थी।

## दर्शन-पूजन को शिवालयों में उमड़े भक्त



**सिरकोनी।** क्षेत्र के शिवालयों में शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सई गोमती नदी के संगम स्थल पर स्थित रामेश्वरम महादेव मंदिर पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर भगवान का जलार्चन पूजन किया। जोगीबीर बाबा मंदिर पर हजारों की भीड़ सुबह से शाम तक पूजन अर्चन करती रही। इसके अलावा पटैला महादेव मंदिर सिरकोनी, शिव मंदिर बीरभानपुर, अहमदपुर शिवाला, धनेजा के नरई बीर बाबा मंदिर, हुसेपुर के शिव मंदिर आदि पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इन स्थानों पर मेला लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की टीम लगी रही।

## शिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक मांगी मन्नतें



शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लगी कतार

**आस्था**

### दौलतिया मंदिर, गिरि शिवालय, नगर के शिवालय हनुमंत धाम पर भक्तों ने किया दर्शन पूजन

### क्षेत्र के अनेक मंदिरों में लगे मेले का बच्चों ने उठाया लुत्फ

**मुंगराबादशाहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों ने सुबह से ही शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करने के साथ ही बेल पत्र आदि श्रद्धापूर्वक चढ़ाकर मन्नते मांगी। इसी कर्म में क्षेत्र के दौलतिया मंदिर पर सुबह से देर शाम तक भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन कर मन्नते मांगी। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य मेला भी लगा हुआ था जिसका बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। इसी क्रम में श्री गिरि शिवालय चन्दौकी, रामनगर में प्रचीन शिव मंदिर पर रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति कर महा शिवरात्रि के पर्व पर शिव विवाह के उपलक्ष्य में शिव मंदिर पर बृहद मेले का आयोजन किया गया। यह भगवान शिव का अति प्राचीन मंदिर है, साथ में उत्तरामुखी हनुमान जी, शनिदेव, दुर्गा माता का दिव्य मन्दिर भी है। आज के दिन यहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। भगवान शिव उन भक्तो की मन्नत भी पूरी करते है। प्रत्येक सोमवार महिलाये भगवान शिव को हलुवा पूड़ी का भोग लगाती हैं। इसी क्रम में नगर में स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। यहां पर भी आज सुबह से ही भक्तों का दर्शन पूजन अर्चन शुरू हो गया। सुबह से ही इस शिवालय पर जलाभिषेक के साथ ही भक्त पूजन अर्चन शुरू करते हुए मन्नते मांगी। इस शिवालय मंदिर पर अन्य देवताओं की मूर्तियां भी विराजमान हैं। उक्त मंदिर में बहुत ही श्रद्धाभाव से नगर के अंजही मोहल्ला निवासी सभासद आलोक कुमार गुप्त पिंटू ने भव्य त्रिशूल भी भेंटकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित हनुमंत धाम में भी आज सुबह से ही बने शिवलिंग पर लोगों ने जलाभिषेक के साथ ही बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्त अपनी मनौतियां मांगी। इस दौरान यहां पर भी सुबह से ही भक्तों की अत्यधिक संख्या देखी गई। भक्त यहां सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन पूजन अर्चन के लिए पहुंचते रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भक्त जन पहुंचकर अनेक शिवालयों में जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी।

# कुंडली की तरह अनुवांशिकी बीमारी वाले जींस का भी मिलान : प्रो. प्रदीप कुमार




जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### वैयक्तिकृत चिकित्सा स्वास्थ्य के भविष्य को विस्तार से समझाया

### जेनेटिक पॉली मोर्फिसम विषय पर वर्कशॉप का आयोजन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का चेन्नई के गुरुनानक ऑटोनोमस कॉलेज में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत जेनेटिक पॉली मोर्फिसम विषय पर शुक्रवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा तीव्र गति से बदल रही है और इन परिवर्तनों का स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के तरीके पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। टेलीमेडिसिन से लेकर वैयक्तिकृत चिकित्सा तक, स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

ये परिवर्तन मरीज में सुधार करने, उपचार को अधिक प्रभावी बनाने और अंततः जीवन बचाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैयक्तिकृत चिकित्सा स्वास्थ्य का भविष्य है। कोविड -19 के संक्रमण ने ये साबित किया है कि आपकी अनुवांशिकी आपको किसी बीमारी के होने वाले खतरे और मृत्यु दर को कम या ज्यादा कर सकती है। यह भी पता चला कि रोग की गंभीरता एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर कैसे जेनेटिक सरंचना द्वारा प्रभावित होती है। एक ही दवा हर मरीज के लिए एक ही प्रकार से कारगर नहीं हो पाती है। यह उसके अनुवांशिक सरंचना पर निर्भर करता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 2015 में परसनलाइज्ड मेडिसिन इनीशियेटिव शुरू किया था। विश्व भर में एकीकृत या व्यक्तिकृत चिकित्सा पर कार्य हो रहे है। जिस प्रकार शादी से पूर्व कुंडलियों का मिलान किया जाता है। ठीक उसी प्रकार से आने वाले समय में आपके सारे अनुवांशिकी बीमारी वाले जींस का मिलान किया जाने लगेगा। इससे विवाह पश्चात होने वाले बच्चे को होने वाले संभावित जेनेटिक रोगों से ग्रसित होने के बारे में बता कर सचेत किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के दौरान रक्त समूह और वैक्सीन हेसिटेंसी पर उनके द्वारा किये गए कार्य व ग्लूकोज 6 डिहाइड्रोजनेस डेफिसिएंसी और किसी व्यक्ति में किसी जीन में सिंगल न्यूक्लियोटाइड पॉली मोर्फिसम होने से कैसे उस व्यक्ति में कई रोगों का जोखिम एक साथ बढ़ जाता है। रोगी की आनुवांशिक जानकारी के उपयोग ने वैयक्तिकृत चिकित्सा-फामार्क जेनोमिक्स के कुछ पहलुओं में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।

इसका मुख्य लक्ष्य सही रोगी को सही समय और खुराक पर सही उपचार प्रदान करना है, जो कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने और स्वास्थ्य देखभाल की लागत को कम करने में मदद करने की क्षमता है। इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज प्रिंसिपल एमजी रघुनाथन, संकायाध्यक्ष डॉ. नूरजहाँ, डॉ. समुएल माथिमारं, डॉ. सावित्री, डॉ. सागरिका समेत सभी शिक्षक सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## शव मिलने से हड़कम्प



**भदोही।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत नरथुआ गांव के नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार नरथुआ गांव के नहर में शनिवार को अल सुबह एक शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली औराई में दिया। मौके पर कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर मृतक का फोटो पोस्ट किया। फोटो देखकर मृतक के परिजनों ने कोतवाली में पहुंचकर शव का ओमप्रकाश उम्र लगभग 42 निवासी हीराचक डेहरिया गोपीगंज के रूप में शिनाख्त किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी।

# परमात्मा के अवतरण का प्रतीक है महाशिवरात्रि का पर्वः बीके विजयलक्ष्मी



द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का फीता काट कर उद्घाटन करते एसपी डॉ. अनिल कुमार साथ में बीके विजयलक्ष्मी दीदी



स्नेह.मिलन कार्यक्रम के दौरान लोगों को पुस्तिका देतीं सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी



ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा विश्व शांति भवन में आयोजित महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान मौजूद लोग

**उत्सव**

### द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी के उद्घाटन समारोह में एसपी के साथ शामिल हुई नामचीन हस्तियां

### राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से जीवन में आती है सुख-शांति

### भदोही सेवा केंद्र पर मनाया गया परमात्मा का 87वां जन्मदिवस समारोह, शिव तमोगुण के अधिष्ठाता नहीं बल्कि तमोगुण के संहारक

**भदोही।** ब्रह्माकुमारी संस्था के भदोही सेवाकेंद्र द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव का आयोजन विश्व शांति भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए और महाशिवरात्रि त्योहार के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त की।

प्रातः आध्यात्मिक क्लास का आयोजन किया गया। जिसमें परमात्मा के अवतरण के संबंध में कई गूढ़ रहस्यों को बताया गया। इसके पश्चात परमात्मा को भोग स्वीकार करा कर शिव का ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमारए सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदीए बीके ब्रजेश समेत अनेक मुख्य अतिथियों ने अपने कमलहस्त से शिवध्वज फहराया और मौन रहकर परमात्मा का ध्यान किया। बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने शिवध्वज के नीचे सभी को स्वच्छ व व्यसन मुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा करायी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। परमात्मा शिव के विभिन्न नामों में उनके कर्तव्यों को याद दिलाने के लिए सेवाकेंद्र द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने अपने कमलस्तों से किया। इस अवसर पर अपनी शुभकामना देते हुए एसपी डॉण अनिल कुमार ने कहा कि यदि हम मन में स्वच्छता लायेंगे तो हमारे कर्म में स्वतः ही स्वछता आ जाएगी। हमें अपने दिनचर्या में समय निकाल कर मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

संध्या के समय जिले के नागरिकों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर परमात्मा का 87वां जन्मदिवस मनाया गया। इसके साथ ही परमात्मा के ध्यान से होने वाले लाभ को बताया गया। जिससे कि हर मानव परमात्मा शिव से जुड़कर उनकी शक्तियों को जीवन में धारण कर अपना जीवन देव समान बना सके।

### अपनी बुराइयों को त्याग ने से बनते हैं दैवी स्वराज्य के अधिकारी

भदोही। सेवाकेंद्र संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने परमात्मा का सत्य परिचय देते हुए कहा हम शिव पर अक के फूलए धतुरा आदि चढ़ाते हैं जो कि मनुष्यों के अंदर व्याप्त बुराईयों का प्रतीक है। सत्य को न जानने के कारण ही लोग शिव को तमोगुण का अधिष्ठाता कहते हैं। वास्तव में शिव तमोगुण के अधिष्ठाता नहीं बल्कि तमोगुण के संहारक हैं। इसलिए तो उन्हें पापकटेश्वरए मुक्तेश्वर आदि नामों से जाना जाता है। जो नर.नारी जीवन में दुःख.अशांति पैदा करने वाले पांच विकारों को परमात्मा शिव पर चढ़ा देते हैं वे निर्विकारी बन पावनए सतयुगी दैवी स्वराज्य के अधिकारी बन जाते हैं।

## महाशिवरात्रि पर शिवभक्ति में लीन रही कालीन नगरी

**ज्ञानपुर।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को समूची कालीन नगरी शिवमय हो गई। शिवालयों पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारए जयकारे और शंखनाद से वातावरण भक्तिभाव में लीन नजर आया। सेमराधनाथ और हरिहरनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन.पूजन और जलाभिषेक किया।फागुन महीने के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को मनाई जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व पर शिवधामों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सिद्धपीठ हरिहरनाथ धाम पर शनिवार को भोर में साढ़े तीन बजे से ही श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान शिव स्तोत्र और पंचाक्षरी मंत्र गूंजते रहे। गर्भगृह से लेकर राजापार्क तक श्रद्धालुओं की कतार पूरे दिन लगी रही। चप्पे-चप्पे पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही। काशी-प्रयाग के मध्य स्थित पावन गंगा तट पर स्थित सेमराधनाथ को सभी कामनाओं की पूर्ति करने वाला देव के रूप में माना जाता है। महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद बाबा सेमराधनाथ का जलाभिषेक किया। क्षेत्र के टिकेश्वर नाथए खाखण नाथए पंचवटी नगरदह नाथए रुद्र तालाब स्थित बाबा जंगेश्वर नाथ आदि शिव मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गोपीगंज बड़े शिव धाम एगौरी शंकर मंदिर वारी कुसौड़ा के कुशावल नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## मिड टर्म परीक्षा कल से

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में बीए एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022.23 की विभिन्न विषयों की मिड टर्म परीक्षा 20 फरवरी सोमवार से प्रारंभ हो रही है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण वृजकिशोर त्रिपाठी ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा समय सारणी महाविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गई हैए जिसके क्रम में 20 फरवरी को समय 11 से 12 बजे तक हिंदी एवं गणित की लिखित परीक्षा एवं 1 से 2 बजे तक उसी विषय का असाइनमेंट व प्रायोगिक परीक्षा होगी। 21फरवरी को समाजशास्त्र एवं भौतिक विज्ञानए 22 फरवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इतिहासए 23 फरवरी को जंतु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञानए 24 फरवरी को गृह विज्ञान एवं रसायन विज्ञानए 25 फरवरी को संस्कृत शारीरिक शिक्षा एवं अर्थशास्त्र की मिड टर्म परीक्षा एवं असाइनमेंट प्रेजेंटेशन मौखिकी व प्रायोगिक परीक्षा समयानुसार संपादित की जाएगी। सभी छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि छात्राएं मिड टर्म परीक्षा में अपने प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हो।

## हर मोर्चे पर फेल हैं डबल इंजन की सरकार : जाहिद बेग



**भदोही।** कल से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है।लखनऊ रवाना होने से पहले भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग ने मलिकाना स्तिथ भदोही विधानसभा कैम्प कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। सपा विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं।नौ साल केंद्र और छः साल राज्य सरकार का समय व्यतीत हो गया है लेकिन सरकार को उपलब्धि बताने के लिए कुछ भी नही हैंए सरकार एक भी वादा पूरा करने में असफल रही हैं। इस समय सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की ज्यादा बात कर रही है। भदोही में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सपा सरकार ने एक्सपो मार्ट बनवाया। सरकार की असंवेदनशीलता का पता उसी से लगता है कि अब तक सिर्फ सीईपीसी का टेंडर किया गया है। किराया तक नही तय किया गया है। जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है। कालीन मेले में 56 देशों के 256 आयातक आये कई सौ करोड़ का व्यापार हुआ यह सब ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले हुआ है। सरकार का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 का चुनावी एजेंडा है। सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल हैं हॉस्पिटल में दवा उपलब्ध नहीं हैए डॉक्टर मरीज की जान बचाने के लिए बाहर की दवा लिखते हैं ये सरकार की विफलता है। थाने के अंदर और बाहर जनता का शोषण चरम पर है। जिसका प्रमाण है कि बाबा के बुलडोजर की वजह से माँ बेटी जिंदा जल जाती है। कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय सरकार शिक्षा पर हमला कर रही है। जौहर विश्वविद्यालय की जमीन वापस लेना इसका प्रमाण है। बिजली चेकिंग के नाम पर गरीब जनता का शोषण किया जारहा है। बीड़ा में नक्शा पास कराई के नाम जनता का शोषण किया जारहा है। 20 फरवरी से शुरू हो विधानसभा सत्र में सभी मुद्दों को उठाया जाएगा।

## सजावट कर नगर पालिका परिषद ने बढ़ाई मंदिरों की रौनक

**भदोही।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद भदोही की ओर से नगर के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर के धौरहरा मंदिरए नीलकंठ मंदिर नई बाजारए पानी टंकी के पास मंदिर मर्यादपट्टी चौरा माता मंदिर मर्यादपट्टीए हरि मंदिर मेन रोडएमहादेव मंदिर मेनरोडए चकसैफ गली मंदिरए शितला माता मंदिर कटरा बाजारए चौरामाता मंदिर कटरा बाजारए शिव मंदिर छितनी तालाबए राम जानकी मंदिर गजियाए नगर पालिका परिसर मंदिरए रेलवे फाटक के पास मंदिरए हनुमान बाग मंदिरए स्टेशन परिषर मंदिर पर ट्यूबलाइटए एलईडी बल्ब व झालरों से भव्य सजावट की गयी थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सभी शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। धार्मिक स्थलों की चाक.चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु सभी मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने स्वयं प्रातः से विभिन्न मंदिरए शिवालयों. हरिहरनाथ मंदिर कस्बा ज्ञानपुरए बड़े शिव मंदिर व सेमराधनाथ धाम मंदिर का भ्रमण निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अपनी बातों को रखते बसपा विधानसभा अध्यक्ष सुनील गौतम

**भदोही।** विधानसभा भदोही के नगर पालिका परिषद भदोही के भावी उम्मीदवार मोहम्मद इरफान अंसारी के आवास पर बसपा के प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई।बैठक में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस किया गया। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुनील गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बसपा सरकार में समाज का हर तबका खुशहाल था। बसपा सुप्रीमो मायावती के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा था। मौजूदा समय में पूरा प्रदेश भ्रष्टाचारए सांप्रदायिकताए महंगाई का दंश झेल रहा है। जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी के आप सब रीढ़ हो जितनी मेहनत करोगे पार्टी को उतनी ही मजबूती मिलेगी। इस दौरान मंडल जोन इंचार्ज रामलाल पाल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए बहुजन समाज पार्टी सेक्टर से बूथ स्तर तक बहुत ही मजबूती से संगठन को युद्ध स्तर पर तैयार करने में जुट गई है। इस कॉन्फेंस में भावी चेयरमैन प्रत्यासी नगर पालिका परिषद भदोही इरफान अंसारीए जिला सचिव कृष्ण कुमार पालए तारीख खां उर्फ. मुज्जू खां व विकास गौतम उपस्थित रहें।





# होली खेले मसाने में...

## बोल बम बोल भोला नाचे...





### अड़भंगी शिव बारात में 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष जी-20 का मुखौटा लगा कर निकले

### भंग की तरंग में निकली बारात में भूत-प्रेत-पिशाच, मदारी सपेरा सभी रहे शामिल

### शरीर पर भस्म,गले में नरमुंडों की माला के साथ शामिल रहे बाराती

### मैदागिन, तिलभांडेश्वर रामापुरा, नईबस्ती समेत कई इलाकों से निकली शिव बारात

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर बम भोले की नगरी काशी के हर इलाकों से बाबा की भव्य बारात निकाली गई। जिसे देखिये वही बराती बना नाच व गा रहा था। भंग की तरंग में हर कोई अपनी ही धुन में रमा रहा। शिव बारात में कहीं पर शरीर पर भस्म तो कहीं पर गले में नरमुंडों की माला तो कही पर भूत-पिशाच, मदारी, सपेरे तो कही कोई भक्त नंदी के रूप में दिखा। किसी ने शिव का स्वरूप ही धारण कर लिया था। संग शिव बारात निकाली गई। शिव बारात की अपनी अलग ही छटां देखने को मिली। हर कोई इसमें झूमने को बाध्य रहा। अपराह्न के बाद से शिव बारात निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था। शिव बारात समिति की ओर से दारानगर (मैदागिन) से बैंड-बाजे के साथ विश्व विख्यात शिव बारात शनिवार को सायंकाल संयोजक दिलीप सिंह के नेतृत्व में शानशौकत के साथ निकाली गई। शिव बारात में जी-20 के मद्देनजर बीस देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मुखौटा लगा कर लोग उस देश का ध्वज लेकर चल रहे थे। बारात में भूत-प्रेत-पिशाच, मदारी व सपेरे भी थे। शिव बारात में सुदामा तिवारी उर्फ सांड़ बनारसी दूल्हा बने थे जबकि ब्यापारी नेता बदरूद्दीन अहमद दुल्हन व अमरनाथ शर्मा डैडी सहवल्ला बने थे। सभी बग्घी पर सवार थे। जबकि उनके पीछे पीछे बाराती नाचते गाते चल रहे थे। बारात में डीजे पर होली खेले मसाने में व बोल बम बोल भोला नाचे तथा हर हर शंभो शंभो देवा महादेवा की धुन पर सभी थिरकते नजर आये। हर कोई भंग की तरंग में झुमता नजर आया। शिवबारात को देखने के लिए मैदागिन से लेकर नीचीबाग, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, दशाश्वमेध डेढ़सी पुल तक कई जगहों पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने ठंडई व अबीर गुलाल उड़ा कर बारात का स्वागत किया। जगह-जगह पर ठंडई का वितरण भी चल रहा था। बारात में दिलीप सिंह, संजय केशरी, महेश माहेश्वरी, पवन खन्ना, धन्नू लाल, कमल सिंह, सुनील शुक्ल समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे। शिव बारात मैदागिन से उठ कर नीचीबाग, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, दशाश्वमेध डेढ़सी पुल जाकर समाप्त हुई जहां पर व्यापारी संगठनों के लोगों ने बारात का स्वागत किया। इसी तरह तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात शिवगणों के साथ निकली। शिव बारात पांडेय हवेली, देवनाथपुरा, पांडेयघाट, राजाघाट, नारद घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट, चेतसिंह किला से शिवाला सोनारपुरा, डेवढ़ियाबीर मंदिर होते हुए शाम को तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची। बारात में हाथों में बड़े-बड़े डमरू लिए लोग आगे चल रहे थे तो भगवान शिव के कई प्रतिरूप डमरू दल के साथ आगे बढ़ रहा था।

### पिंडरा में निकली शिव बारात

पिंडरा। ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। कई जगह मेले और भंडारा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में शिव बारात विभिन्न बाजारों में निकाली गई। सायंकाल में निकली शिव बारात में भगवान शिव के विभिन्न गण के रूप में लोग शामिल हुए। बाबतपुर चौराहा, पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा व कुआर में निकले शिव बारात में सैकड़ों लोग शामिल हुए। शिव बारात को देखने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता दिखी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिसकर्मी तैनात रहे।

## रामनगर से धूमधाम से निकली शिव बारात

**रामनगर।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को सायंकाल बलुआघाट से रामनगर देव दीपावली पूजा समिति की ओर से शिवबारात निकाली गई। आगे आगे डीजे पर बम बम बोल रहा है काशी और भक्ति गीतों की धून पर सैकड़ों युवा थिरकते हुए चल रहे थे। पीछे पीछे घोड़े बैलगाड़ी पर सवार भूत बेताल देवों लोग सवार थे। बारात दुर्गा रोड से होते हुए रामनगर चौक पहुंची तो रामनगर व्यापार मंडल की ओर से भोलेनाथ की आरती उतारी और बारातियों का ठंडई पिलाकर स्वागत किया गया। वहीं रामनगर त्रिपौलिया के समीप सभासद राजू सोनकर की ओर से बर्फ का विशाल शिवलिंग बनाकर बारातियों का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। बटाऊबीर से साहित्य नाका स्थित कविश्वर महादेव हनुमान मंदिर के पास मंदिर के पुजारी अजय शर्मा द्वारा भोलेनाथ की आरती उतारी गई।और लोगों ठंडई और प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के समाजसेवी मणिशंकर जायसवाल के नेतृत्व में बारात की ठंडई पिलाकर स्वागत किया गया। बारात वापस अयोध्या मैदान के पास समापन हुआ बारात में विनोद गुप्ता,गणेश गुप्ता,रंजीत चौहान,रघुराज प्रताप सिंह, संतोष शर्मा,मोलू,देवेश गुप्ता, संतोष शर्मा,स्नेह बंधु गुप्ता,दिलीप शर्मा,गंगा प्रसाद, अनिल गुप्ता,सहित सैकड़ों बाराती शामिल थे।







शिव बारात में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव

### मारकण्डेय महादेव धाम में लाखों भक्तों ने किया जलाभिषेक

**चौबेपुर।** गंगा गोमती के पावन संगम स्थली कैथी स्थित मारकण्डेय महादेव धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा।अर्धरात्रि से ही दर्शन पूजन लम्बी कतार लगाये भक्त श्रद्धापूर्वक अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे धाम क्षेत्र में हर तरफ ऊँ नमः शिवाय और हर हर महादेव का उद्घोष गूंजता रहा। पूजन में चन्दन से श्रीराम लिखे बेलपत्र, धतूरा, मदार के पुष्प और दुग्ध की विशेष रूप से मांग रही। गंगा गोमती संगम तट और गंगा घाट पर स्नान के बाद जलाभिषेक का सिलसिला लगातार चलता रहा। स्नानार्थियों की सहायता और सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था में जुटे चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह के अनुसार शाम तक लगभग 4 लाख से ऊपर भक्त दर्शन कर चुके थे। दूर दराज से भक्तों का पहुंचना जारी था। मेले में गाजीपुर, जौनपुर, गोरखपुर, आजमगढ़,बलिया, चंदौली सहित पूर्वांचल के तमाम जिलों से लोग पहुंचे है।







**छाया:** शंकर चतुर्वेदी

**पेज सज्जा सौरभ जायसवाल**

## सारनाथ में गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात



सारनाथ। महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को हर हर महादेव की गूंज एंव गाजे बाजे के साथ सारनाथ के तिलमापुर स्थित रंगिलदास कुटिया से भव्य शिवबारात निकली। शिव बारात में भगवान शिव आकर्षण का केंद्र थे,इसकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनो तरफ लोगो की भीड़ रही। शिवम पूजा समिति के तत्वावधान में तिलमापुर स्थित रंगिलदास कुटिया से शिव बारात दोपहर 12.30 बजे निकली जो चंद्रा चौराहा, पंचकोसी , आशापुर , हवेलियां चौराहा , सारनाथ के सारंगनाथ महादेव मंदिर होते हवेलियां चौराहे से हिरामनपुर से लेढ़ुपुर गांव से वापस रंगिलदास कुटिया पर समाप्त हुई । इस दौरान नागेश्वर मिश्रा,अखिलेश,निर्भय, सुजीत, सतीश,विनोद,भूपेंद्र, मनीष सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## रोहनिया में शिवरात्रि की रही धूम



**रोहनिया।** महाशिवरात्रि के अवसर पर माधवपुर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव, राजातालाब,मोहनसराय, गंगापुर, भीमचंडी, अष्टभुजा, मातलदेई, काशीपुर, जख्खिनी, शाहंशाहपुर, मरूई, महगाव, कोइली, अखरी, बच्छाव, मिसीरपुर, बाणासुर,लठिया, भदवर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों द्वारा शिवालयों का झालर बत्तियों से आकर्षक सजावट कर बेलपत्र चढ़ाकर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के साथ दर्शन पूजन किया। इसके अलावा केसरीपुर स्थित भास्करा तालाब से तथा शहावाबाद से विभिन्न मनमोहक झांकियों के साथ गांव का भ्रमण करते हुए डीजे के धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते हुए दरेखू स्थित प्राचीन शिव धाम मंदिर पर पहुंचा जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की मेले के रूप में भारी भीड़ उमड़ गयी। इसके साथ साथ राजातालाब,मोहनसराय गंगापुर में भी शिव बारात निकाली गयी।



मृत्युंजय महादेव

# महामृत्युंजय मंदिर से कर्मदेश्वर महादेव तक आस्था की कतार

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय, गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर, जागेश्वर महादेव, बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, शूलटंकेश्वर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। सविधि दर्शन-पूजन और जलाभिषेक किया। भव्य श्रृंगार-पूजन के साथ जगह-जगह बाबा के विवाहोत्सव की भी धूम मची।जागेश्वर महादेव मंदिर में श्रृंगार महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। स्वामी मधुर कृष्ण ने बताया कि शाम को पार्थिवेश्वर शिवपूजन के बाद रात्रि जागरण और भजन संध्या में सुमधुर भक्ति गीतों की रसधार बही। कर्दमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। केदारघाट स्थित गौरी केदारेश्वर, घूष्मेश्वर महादेव, बैजनत्था, गौतमेश्वर, ऋणमुक्तेश्वर, रामेश्वर, पातालेश्वर आदि शिवालयों में आस्थावानों ने विधिविधान से जलाभिषेक किया। श्री काशी विश्वनाथ की ससुराल सारंगनाथ महादेव परिसर में मेले जैसा नजारा रहा। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। पूरा शहर ही शिव की भक्ति में लीन रहा। शैव मतावलंबियों ने व्रत रखा और घरों में ही बाबा की सविधि आराधना की। दूध, शहद, शक्कर, गंगा जल से स्नान कराने के बाद बिल्व पत्र और मदार की माला, धतूरा आदि अर्पित किया।



जागेश्वर महादेव



तिलभांडेश्वर महादेव



केदारेश्वर महादेव

### ऐसी है मान्यता

ईश्वरगंगी स्थित जागेश्वर महादेव व शिवाला स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर की मान्यता है कि प्रत्येक महाशिवरात्रि पर जहां जागेश्वर महादेव जौ बराबर बढ़ते हैं वहीं तिलभांडेश्वर महादेव तिल बराबर बढ़ते हैं।